e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

वर्ष 11, अंक 116

# प्रभात मंत्र

रविवार

28.04.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

सुविचार

जो अपनी असफलताओं से सीख कर आगे बढ़ रहा है, वही इतिहास रचते हैं।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### गुमला जिले के सिसई थाने का मुंशी घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**रांची :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो रांची की टीम ने शनिवार को गुमला जिले के सिसई थाना के मुंशी को मधुसूदन झा को नौ हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।इस संबंध में रांची के ईटकी निवासी सौरभ कुमार गुप्ता ने लिखित आवेदन दिया था कि उन्हें एक मामले में सिसई थाना के जरिये गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। गिरफ्तारी के समय सौरभ का मोबाईल, लैपटॉप एवं अन्य समान को सिसई थाना ने जब्त किया था। न्यायालय से जमानत लेने के बाद जब्त सामानों का रिलीज आर्डर लेकर सौरभ जब सिसई थाना गये तो सामानों को रिलीज करने के एवज में सिसई थाना के मुंशी मधुसूदन झा ने उनसे दस हजार रुपये रिश्वत की मांग की। इसके बाद एसबी टीम ने शनिवार को मधुसूदन झा को नौ हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

### झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के बड़े भाई राजाराम सोरेन का निधन

**रामगढ़ :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के सुप्रीमो शिबू सोरेन के बड़े भाई राजाराम सोरेन का शनिवार को निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। राजाराम सोरेन का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड अंतर्गत नेमरा गांव में लाया गया है। नेमार गांव में ही राजाराम सोरेन का अंतिम संस्कार होगा। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन राजाराम सोरेन के अंतिम संस्कार में शामिल होंगे।

### सलमान खान के आवास पर फायरिंग मामले में गिरफ्तार सभी छह आरोपितों पर लगा मकोका

**मुंबई :** फिल्म अभिनेता सलमान खान के आवास पर फायरिंग करने के मामले में मुंबई पुलिस ने सभी छह आरोपितों के विरुद्ध महाराष्ट्र कंट्रोल आफ आर्गनाइज्ड क्राइम एक्ट (मकोका) की धाराएं लगा दी हैं।इस मामले में पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है, एक आरोपित विदेश में है और एक आरोपित जेल में है। मुंबई पुलिस जेल में बंद आरोपित लॉरेंस बिश्नोई को मुंबई लाकर पूछताछ करने वाली है। गत 14 अप्रैल को सुबह करीब 5 बजे बाइक पर सवार विक्की गुप्ता और सागर पाल ने मुंबई के बांद्रा इलाके में गैलेक्सी अपार्टमेंट स्थित सलमान खान के घर के बाहर चार राउंड हवाई फायरिंग की और मौके से भाग निकले।

### मई महीने में 14 दिन बंद रहेंगे बैंक

**नई दिल्ली :** मई महीने की शुरुआत छुट्टियों के साथ होगी। इस महीने में बैंकों में 14 दिनों के अवकाश रहने की वजह से कामकाज नहीं होगा। देश में कई वजहों से अलग-अलग जगहों पर कुल 8 दिन बैंक बंद रहेंगे। इसके अलावा मई में 4 रविवार और 2 शनिवार को बैंक बंद रहेंगे। हालांकि, इस दौरान बैंकों की ऑनलाइन और एटीएम सर्विस चालू रहेगी।रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की ओर से छुट्टियों की जारी कैलेंडर के मुताबिक मई में कुल 14 दिन बैंकों में अवकाश रहने की वजह से कामकाज नहीं होगा। इसमें चार रविवार और 2 दिन शनिवार की साप्ताहिक छुट्टी शामिल है। इसके अलावा अन्य छह दिन क्षेत्रवार उत्सवों, लोकसभा चुनाव और राष्ट्रीय त्योहार के कारण बैंक बंद रहेंगे।

### कंबोडिया में सैन्य अड्डे पर विस्फोट, 20 सैनिक मारे गए

**नोम पेन्ह :** कंबोडिया में एक सैन्य अड्डे पर विस्फोट हुआ है। इस धमाके में 20 सैनिकों के मारे गए हैं। कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मैनेट द्वारा यह जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री मैनेट सोशल मीडिया पर बताया कि शनिवार दोपहर कंबोडिया के पश्चिम में एक सैन्य अड्डे पर गोला बारूद विस्फोट में बीस सैनिक मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। घायल सैनिकों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पीएम मानेट ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया है कि उन्हें कम्पोंग स्पू प्रांत में सैन्य बेस पर विस्फोट की खबर मिली। अभी यह स्पष्ट नहीं पाया है कि विस्फोट का कारण क्या है। पीएम मैनेट ने मृतक सैनिकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 41° |
| न्युनतम | 22° |



# नेहरू-इंदिरा के कारण ही देश में आया हरित व श्वेत क्रांति : खड़गे

एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने असम के बारपेटा में एक चुनावी सभी को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने बीजेपी पर जमकर हमला बोला. खरगे ने कहा कि आज हम देश में गेहूं, चावल और दालों की मात्रा का उत्पादन कर रहे हैं. इंदिरा और नेहरू के कारण ही देश में हरित क्रांति और श्वेत क्रांति आई.मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा ,बीजेपी विज्ञापन देती है और कहती है कि पीएम मोदी ही एकमात्र ऐसे व्यक्ति हैं, जो सिर्फ गरीबों की मदद के लिए पैदा हुए हैं. एक ऐसे देश में जहां चावल और गेहूं का उत्पादन पर्याप्त नहीं था और हमें अमेरिका से आयात करना था. आज हम गेहूं, चावल और दालों की मात्रा का उत्पादन कर रहे हैं, जो देश के लोगों के लिए भोजन के लिए पर्याप्त हैं. यह सब कांग्रेस, पंडित जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी के कारण हुआ है.खरगे ने आगे कहा कि जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी के कारण ही देश में हरित क्रांति और श्वेत क्रांति आई. एक ऐसे देश में जहां कोई सुई भी नहीं बनती थी. अगर कोई रॉकेट लॉन्च करने की हिम्मत करता तो वह पंडित जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी थीं. उन्होंने कांग्रेस के घोषणा पत्र पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयानों की आलोचना की. उन्होंने कहा कि हमारे घोषणा पत्र के बारे में जो अफवाह फैलाई जा रही है, वे गलत है. हमारे घोषणा पत्र में सबकुछ गरीबों, युवाओं, किसानों, महिलाओं के लिए है. इसे मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र कहना शर्म की बात है.

### झारखंड में कांग्रेस के खड़गे-सोनिया सहित 40 स्टार प्रचारक करेंगे प्रचार

**रांची:** झारखंड में कांग्रेस ने अपने स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी कर दी. 40 नेताओं को स्टार प्रचारक बनाया गया है. इस लिस्ट में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत कई नाम शामिल हैं. अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मुकुल वासनिक ने 13 मई 2024 को होने वाले लोकसभा आम चुनाव 2024 के चौथे चरण के मद्देनजर झारखंड राज्य के लिए स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी की है. झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव अमूल्य नीरज खलखो ने इसकी जानकारी दी है. प्रदेश कांग्रेस महासचिव ने बताया कि एआईसीसी द्वारा जारी स्टार प्रचारकों की सूची में मल्लिकार्जुन खड़गे के अलावा सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाद्रा, महासचिव के.सी. वेणुगोपाल, महासचिव सह झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नाम शामिल हैं.इनके साथ ही छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी, पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद, जयराम रमेश, अध्यक्ष तारिक अनवर, पूर्वी प्रदेश डॉ. अजय कुमार, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, राणा केपी सिंह, कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम सहित 40 के नाम भी शामिल हैं.



### राहुल गांधी की खूंटी और लोहरदगा में रैली तीन मई को

**रांची :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी तीन मई को खूंटी और लोहरदगा में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। राहुल गांधी की प्रस्तावित रैली को लेकर शनिवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने खूंटी और गुमला में जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही सभी कार्यकर्ताओं को होमवर्क में जुट जाने का निर्देश दिया।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड में लोकसभा चुनाव के लिए बेहतर माहौल तैयार किया जा रहा है। रैली से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा। युवाओं, किसानों, महिलाओं और आदिवासियों के बीच राहुल गांधी की प्रस्तावित रैली को लेकर काफी उत्साह है।

### राम टहल चौधरी ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा

रांची : राम टहल चौधरी ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया। सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि उन्हें रांची लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाने का भरोसा प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने दिलाया था. उनके नेता ओबीसी और जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी भागीदारी की बात करते हैं लेकिन कई दिनों तक रांची लोकसभा सीट का टिकट होल्ड पर रखने के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री की बेटी को दे दिया गया. रामटहल चौधरी ने कहा कि उन्हें लोकसभा चुनाव लड़ाने का वादा कर ही कांग्रेस में लाया गया था. उन्होंने कहा कि मैंने कांग्रेस में शामिल होने के लिए किसी से सम्पर्क नहीं किया था बल्कि उनके नेताओं ने सम्पर्क किया था. कांग्रेस के फैसले से नाराज रामटहल चौधरी ने कहा कि वह कांग्रेस का झंडा ढोने नहीं आये थे.

# बीडीओ ने की आत्महत्या



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिशनपुरा (गढ़वा) :** जिले के बिशनपुरा के प्रखंड विकास पदाधिकारी हिरामन केरकेट्टा ने अपने सरकारी आवास में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बीडीओ का शव उनके सरकारी आवास के कमरे से शनिवार को बरामद हुआ. गढ़वा के एसपी दीपक कुमार पांडेय ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी का शव फांसी के फंदे से लटका हुआ बरामद हुआ है. पुलिस पूरे मामले में आगे की छानबीन कर रही है. स्थानीय कर्मियों के अनुसार प्रखंड विकास पदाधिकारी शुक्रवार की दिन रात खाना खाने के बाद अपने कमरे में चले गए थे.शनिवार को प्रखंड कर्मी बीडीओ के कमरा खुलने का इंतजार कर रहे थे कर्मियों को जरूरी दस्तावेज पर हस्ताक्षर करवाना था. दोपहर के दो तक प्रखंड विकास पदाधिकारी का दरवाजा नहीं खुला था.कर्मियों ने काफी देर तक दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया लेकिन दरवाजा नहीं खुला. बाद में कर्मियों ने अंदर झांक कर देखा गया तो प्रखंड विकास पदाधिकारी का शव संदिग्ध अवस्था में दिखा. प्रखंड कर्मियों ने तत्काल इसकी जानकारी वरीय अधिकारियों के साथ-साथ स्थानीय थाना को भी दी. सूचना मिलने के बाद बिशनपुरा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू की. जिस कमरे से प्रखंड विकास पदाधिकारी का शव बरामद हुआ है उसे कमरे को पुलिस ने सील कर दिया है. एसपी समेत अन्य पुलिस अधिकारियों के पहुंचने के बाद कमरे को खोला जाएगा.

**स्थानीय कर्मियों के अनुसार प्रखंड विकास पदाधिकारी शुक्रवार की दिन रात खाना खाने के बाद अपने कमरे में चले गए थे.शनिवार को प्रखंड कर्मी बीडीओ के कमरा खुलने का इंतजार कर रहे थे कर्मियों को जरूरी दस्तावेज पर हस्ताक्षर करवाना था. दोपहर के दो तक प्रखंड विकास पदाधिकारी का दरवाजा नहीं खुला था.कर्मियों ने काफी देर तक दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया लेकिन दरवाजा नहीं खुला. बाद में कर्मियों ने अंदर झांक कर देखा गया तो प्रखंड विकास पदाधिकारी का शव संदिग्ध अवस्था में दिखा.**

सिर्फ सहयोग नहीं करने का हवाला देकर अरेस्ट नहीं कर सकते

## ईडी के हलफनामे का केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में दिया जवाब



एजेंसी

**नई दिल्ली :** अरविंद केजरीवाल की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर जवाब दाखिल किया गया है. सुप्रीम कोर्ट में दाखिल ईडी के हलफनामे पर ये जवाब दाखिल किया गया है. इसमें कहा गया है कि केजरीवाल की गिरफ्तारी सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई व्यवस्था को नजरअंदाज करके की गई है. ईडी की तरफ से भेजे गए हर एक समन का विस्तार से जवाब दिया गया है. ईडी सिर्फ जांच में सहयोग नहीं करने का हवाला देकर गिरफ्तार नहीं कर सकती.केजरीवाल की तरफ से दाखिल जवाब में कहा गया है कि जो दस्तावेज उनके पक्ष में आते हैं, उनको जानबूझकर कोर्ट के सामने ईडी ने नहीं रखा. जिन बयानों और सबूतों के आधार पर अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी हुई है वो 7 दिसंबर 2022 से लेकर 27 जुलाई 2023 तक के हैं. उसके बाद से कोई भी सबूत केजरीवाल के खिलाफ ईडी के पास नहीं हैं. ऐसे में इन पुराने सबूतों के आधार पर 21 मार्च को गिरफ्तारी की क्या जरूरत थी, ये समझ से परे है. 21 मार्च को गिरफ्तारी से पहले इन पुराने सबूतों पर सफाई को लेकर केजरीवाल का कोई बयान भी दर्ज नही किया गया.

## उत्तराखंड में बेकाबू आग से धधक रहे जंगल



एजेंसी

**देहरादून :** उत्तराखंड के जंगलों में फैली आग का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। अब तक लगभग 689.89 हेक्टेयर जंगल प्रभावित हो चुका है। वन विभाग व दमकल के प्रयास के बाद भी जंगल की बेकाबू आग पर काबू पाने के लिए अब वायु सेना को लगाया गया है। कुमाऊं से लेकर गढ़वाल तक आग ही आग है। आग से पहाड़ धुआं-धुआं हो रहे हैं।

तेज हवाओं के कारण आग पर काबू पाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। कुमाऊं में वनाग्नि की 26 तो वन्यजीव में पांच घटनाएं हुई हैं और 33.34 हेक्टेयर वन प्रभावित हुए हैं। आगजनी में 39 हजार 440 रुपये की आर्थिक क्षति के साथ दो लोग घायल हो गए हैं।अपर प्रमुख वन संरक्षक निशांत वर्मा की ओर से जारी रिपोर्ट के मुताबिक, एक नवंबर 2023 से अब तक जंगल में आग की 575 घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे 689.89 हेक्टेयर वन प्रभावित हो चुके हैं। गढ़वाल में 211 व कुमाऊं में 313 तो वन्यजीव में 51 घटनाएं अब तक हुई हैं। वन विभाग का कहना है कि जंगल की आग पर काबू पाने की पूरी कोशिश की जा रही है।दरअसल, इस साल बारिश और बर्फबारी न होने गर्मी अधिक होने लगी है। बढ़ते तापमान के बीच जंगलों में भीषण आग लगी हुई है। खड़ी पहाड़ियों में आग लगने के चलते वन विभाग व दमकल विभाग की टीम कई स्थानों पर आग पर काबू नहीं पा सकी। इसके चलते जंगल जलकर राख हो चुके हैं। नैनीताल के आसपास के जंगल के क्षेत्र में लगी आग पर अब हेलीकॉप्टर की मदद से पानी डाला जा रहा है।

## हेमंत सोरेन को नहीं मिली अंतरिम जमानत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** ईडी की अदालत ने शनिवार को जमीन घोटाला मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी। सोरेन ने चाचा के अंतिम संस्कार और क्रिया-कर्म में शामिल होने के लिए यह याचिका दाखिल की थी, जिस पर सुनवाई के बाद ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने अंतरिम जमानत नहीं दी। याचिका में उन्होंने कोर्ट से यह आग्रह किया था कि उन्हें चाचा के अंतिम संस्कार में शामिल होने की अनुमति दी जाये। इसके साथ उन्होंने कोर्ट से 13 दिनों की अंतरिम जमानत मांगी थी लेकिन अदालत ने सुनवाई के बाद उन्हें अंतरिम जमानत नहीं दी। कोर्ट के आदेश के बाद अब हेमंत सोरेन चाचा के अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो पाएंगे।उल्लेखनीय है कि झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के बड़े भाई राजा राम सोरेन का निधन शनिवार की सुबह हो गया। उनके अंतिम संस्कार और क्रिया-कर्म में शामिल होने के लिए हेमंत सोरेन ने अंतरिम जमानत याचिका दाखिल की थी।

## दक्षिण भारत में गहराया जल संकट, मचा हाहाकार



एजेंसी

**नई दिल्ली :** गर्मियां शुरू होने के साथ ही देश में जल संकट गहराना शुरू हो गया है। दक्षिण भारत में स्थिति ज्यादा खराब है। दक्षिण भारत के राज्य गंभीर जल संकट का सामना कर रहे हैं और स्थिति ये है कि जल भंडारण जलाशयों की क्षमता घटकर केवल 17 प्रतिशत रह गई है। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) ने यह जानकारी मिली।दक्षिण भारत के राज्यों में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु आते हैं। सीडब्ल्यूसी द्वारा भारत के विभिन्न क्षेत्रों के जलाशयों के भंडारण स्तर के संबंध में बृहस्पतिवार को जारी बुलेटिन में बताया गया कि दक्षिणी क्षेत्र में आयोग की निगरानी के तहत 42 जलाशय हैं जिनकी कुल भंडारण क्षमता 53.334 बीसीएम (अरब घन मीटर) है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, इन जलाशयों में मौजूदा कुल भंडारण 8.865 बीसीएम है, जो उनकी कुल क्षमता का केवल 17 प्रतिशत ही है। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की समान अवधि के दौरान भंडारण स्तर (29 प्रतिशत) और इसी अवधि के दस साल के औसत (23 प्रतिशत) की तुलना में काफी कम है। दक्षिणी क्षेत्र के जलाशयों में भंडारण का कम स्तर इन राज्यों में पानी की बढ़ती कमी और सिंचाई, पेयजल और पनबिजली के लिए संभावित चुनौतियों का संकेत है।

## यात्रियों से भरी बस पलटी, 2 की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा:** सड़क दुर्घटना के लिए डेंजर जोन माने जाने वाली संघरी घाटी ने एक बार फिर एक युवती समेत 2 लोगों की जान ले ली। शनिवार को यात्री वाहन सुमन रथ संघरी घाटी में अनियंत्रित होकर पलट गई। यात्री कुछ समझ पाते तब तक अफरा तफरी मच चुकी थी। आनन फानन में सदर थाना प्रभारी मौके पर पहुँच कर बचाव एवं राहत कार्य शुरू किया।वही घटना की सूचना मिलने पर झामुमो जिला अध्यक्ष अपने एम्बुलेंस से सभी घायलों को सदर अस्पताल भेजा। वही कुन्दा थाना क्षेत्र के खुशियाला निवासी चिंतावन गंझू की पुत्री रेखा कुमारी व हंटरगंज के नागद निवासी परशुराम सिंह(50)की मौके पर ही मौत हो गई।वही दो परीक्षार्थी समेत लगभग आधे दर्जन यात्री घायल हैं।जहाँ घायलों का बेहतर उपचार चल रहा है। घायलों से मिलने व हाल जानने जिले के उपायुक्त रमेश घोलप और भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह अस्पताल पहुँचे।वहीं घायलों की बेहतर उपचार के लिए उपायुक्त ने चिकित्सको को निर्देश दिया।

असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद

अब हृदय का बाईपास सर्जरी, वाल्व रिप्लेसमेंट, फेफड़े इत्यादि का ऑपरेशन आयुष्मान भारत कार्ड से हो रहा है

78083 68888 | www.asarfihospital.com

असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

संक्षिप्त खबरें

## नाबालिग लड़की की 40 वर्षीय व्यक्ति से हुई शादी, राष्ट्रीय महिला आयोग ने लिया संज्ञान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** पलामू में एक नाबालिग लड़की की शादी 40 साल के व्यक्ति से करने की बात समाने आई है. मामले की जानकारी मिलते ही महिला आयोग एक्टिव हो गई है और इस पर पुलिस को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है। नाबालिग की जिस 40 वर्षीय व्यक्ति से शादी हुई है, वह बिहार के औरंगाबाद का रहने वाला है। राष्ट्रीय महिला आयोग से पूरे मामले शिकायत की गई है, जिसके बाद राष्ट्रीय महिला आयोग ने संज्ञान लिया और पलामू पुलिस से जांच करने को कहा है.यह पूरा मामला पलामू के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र से जुड़ा हुआ है।

# एसपी ने कई मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौडीहा बाजार :** आगामी लोकसभा 2024 के आम चुनाव को लेकर पलामू पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने छतरपुर - पाटन विधानसभा क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों की भौतिक सत्यापन की। नौडीहा बाजार थाना के मतदान केंद्र झरहा, बलरा के अलावा छतरपुर के भी मतदान केंद्रों पर पहुँच कर अगामी 13 मई को बिना डर भय के साथ अपना मतदान करने की अपील मतदाताओं से की है। उन्होंने बीएलओ व जल सहिया, विधालय के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष से मिल कर मतदाताओं के जागरूक करने की बात कहा। उन्होंने कहा की किसी प्रकार की डरने की कोई जरूरत नहीं है और निर्भीक होकर अपना अपना मतदान केन्द्रों पर एक एक कीमती वोट अवश्य करें। साथी ही सभी उन्होंने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और थाना प्रभारी की निर्देश दिया है सभी मतदान केंद्र पर शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु निर्देशित की है। मौके पर छतरपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकरी नौशाद आलम, छतरपुर थाना प्रभारी राजेश रंजन, नौड़ीहा बाजार थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी के आलावा कई अधिकारी मौजूद थे।



घटिया सड़क निर्माण देख भड़के विधायक

## कहा, पांकी विधानसभा में लूट कि छूट नहीं दी जाएगी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीलांबर पितांबरपुर :** प्रखंड के कुन्दरी पंचायत में मुंशी मोची के घर से मुरुबार पिच रोड तक सड़क निर्माण किया गया है। सड़क निर्माण में अनियमितता कि खबर सुन सूचना पांकी विधानसभा के वर्तमान विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता सड़क को देखने स्थल पर पहुचे। जहां पहुंच कर सड़क का निरीक्षण किया। पांच महीने भी नहीं हुआ बने सड़क दो भाग में बंट गई और सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता पूर्ण कार्य नहीं होने से पीसीसी पथ धूल बन कर उड़ते देख भड़क गए और डॉ मेहता ने कहा कि मुंशी मोची के घर से मुरुबार पीच रोड तक सड़क निर्माण किया गया है। यह सड़क मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत किया गया है जिसके कार्यकारी एजेंसी ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल डाल्टनगंज के द्वारा किया गया है जिसके संवेदक अनुपम कुमार सिंह हैं ।सड़क का निर्माण 1.2 ध्वद्व तक किया गया है सड़क निर्माण कार्य मे ज्यादा अनियमितता बरती गई है।सड़क को बने 5महीने ही हुए है सड़क में दरारें पड़ कर फट गई है।सड़क का मोटाई भी कम है।धूप पड़ने से सड़क निर्माण में उपयोग किये गए बालू सीमेंट धूल बन कर सड़क पर बिखर रही है।सड़क के किनारे में डाले गई मिट्टी भी सही नही है। संवेदक अपनी जेब भरने के चक्कर में सड़क निर्माण में ज्यादा अनियमितता बरती है। साथ ही कहा कि पांकी विधानसभा में किसी को लूट की छूट नहीं दी जाएगी।



## दुकान में लगी आग जलकर हुआ खाक



**खरौन्धी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्य बाजार स्थित मनपसंद साड़ी सेंटर निरंजन कुमार की कपड़ा दुकान में आग लगने से दुकान में रखा 10 लाख का कपड़ा जलकर खाक हो गया। घटना शुक्रवार की रात्रि में लगभग 10:30 बजे की बताई जा रही है। वही कपड़ा दुकान के मालिक निरंजन कुमार गुप्ता से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि हम अपनी दुकान बंद कर अपने घर चले गए थे। उसी क्रम में खरौन्धी मुख्य बाजार स्थिति बम पटाखे उड़ाने के क्रम में कुछ चिंगारी पहले रजाई दुकान में लगी। वही रजाई दुकान के मालिक सत्तार मंसूरी अपने दुकान पर सोए हुए थे उन्होंने देखा कि कुछ आग की चिंगारी रजाई दुकान में जाने से आग लग गई किसी तरह आग को बुझाया गया। वहीं रजाई दुकान के मालिक सत्तार मंसूरी में देखा कि मनपसंद कपड़ा दुकान में भी आग लग गई तो उन्होंने दूरभाष के माध्यम से कपड़ा दुकान के मालिक निरंजन कुमार गुप्ता को जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि अपने दुकान पर देखा कि पूरा दुकान जलकर खाक हो गया था। वहीं स्थानीय ग्रामीण के द्वारा काफी मशक्कत के बाद आग बुझाने में काबू पाया गया था। बारात मालिक ने क्षतिपूर्ति देने के लिए कबूल किया था।लेकिन जब उनसे सुबह में बात किया गया तो उन्होंने मना कर दिया।घटना की जानकारी मिलते हैं खरौन्धी थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी ने घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी लिया। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति इस तरह का घटना का अंजाम दिया है, उसे किसी भी हाल में नहीं बक्शा जायेगा। वही शारदा मेडिकल दवा दुकान में भी आग लगने से 50000 हजार की दवा जलकर खाक हो गया। सभी दुकानदारों ने उच्च अधिकारियों से मांग किया है कि जल्द से जल्द हम सभी का उचित मुआवजा दिलवाया जाए।

## सबसे पहले मतदान उसके बाद जलपान : डीपीएम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** जेएसएलपीएस के तहत ब्लाक मिशन मैनेजमेंट यूनिक प्रखंड मिशन प्रबंधन इकाई के तीनों क्लस्टर के सभी कैडरों की समीक्षा बैठक डीपीएम सुशील कुमार दास की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मतदाता जागरूकता को लेकर विस्तार से जानकारी दिया गया। डीपीएम ने कहा कि सभी लोगों को वोट देना है। यह बहुत अतिमहत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले मतदान उसके बाद जलपान करना हैं। उन्होंने उपस्थित जेएसएलपीएस के सभी कर्मियों को अपने संबंधित आसपास के लोगों को मतदान के प्रति प्रेरित करने उन्हें जागरूक करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पाने की दिशा में तमाम तरह की गतिविधियां आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन अपने घर से निकले और अपना बहुमूल्य मत देकर लोकतंत्र के जड़ को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि अबकी बार नब्बे पार कर देना है। उन्होंने कहा मतदान के प्रति सभी लोगों को मिलकर जागरूक करने की जरूरत हैं। उन्होंने मतदाता जागरूकता शपथ भी दिलवाया। इस दौरान सभी लोगों ने मतदाता जागरूकता नारे भी लगाये। कर्मियों ने सारे काम छोड़ दो-सबसे पहले वोट दो, अबकी बार- नब्बे पार सहित अन्य नारे लगाये। मौके पर डिम जुलियस तिर्की, बीपीएम सत्यप्रिय तिवारी, एडमिन धर्मेंद्र कुमार, डीओ नीरज मिश्रा, धर्मेंद्र कुमार, एसआरपी वाजदा खातून, अनुज सिंह, जाबिर हुसैन, प्रमोद कुमार, मनोज कुमार, अभय कुमार, परी देवी, अस्तरुन निशा, नगमा बीबी, पिंकी देवी, सेतु दीदी, सभी जेंडर सीआरपी, बैंक सखी सहित सीएलएफ के अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में महिला स्वंय सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थे।



# राशन ले जाते शाहूकार को विद्यालय का राशन बता किया वीडियो वायरल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लेस्लीगंज :** मामला नीलांबर पीतांबरपूर प्रखंड के कुंदरी गांव के राजकीय मध्य विद्यालय का है जहां विद्यालय के प्रबंधन समिति पर लगा राशन गमण करने का आरोप।एक साहूकार को विद्यालय से चार बोरे राशन ले जाते ग्रामीणों ने वीडियो बनाई( वीडियो की पुष्टि प्रभात मन्त्र अख़बार नहीं करता) वायरल वीडियो में एक साहूकार दो पहिया वाहन पर 4 बोरा राशन लादकर विद्यालय से कुन्दरी के झंडा पुल रोड की ओर जा रहा था।ग्रामीणों की माने तो विद्यालय के प्रधानाध्यापक, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सचिव और संयोजिका पर राशन गमण करने का आरोप लगाया है। और यह भी कहा कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक का यह पहली बार ऐसा रवैया नहीं है। पहले भी इस तरह के मामले विद्यालय के प्रधानाध्यापक के ऊपर लग चुके हैं। कुछ समय पहले विद्यालय में अनियमितता को लेकर विद्यालय में विभाग के द्वारा जांच की गई थी। जांच में सही पाए जाने के बावजूद विभाग ने प्रधानाध्यापक के ऊपर कोई कार्रवाई नहीं की। इस मामले में समाजसेवी कमलेश सिंह ने बताया कि प्रबंधन समिति और प्रधानाध्यापक के द्वारा राशन दिया गया है। लेकिन यह बात प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने प्रधानाध्यापक को मौखिक कहीं थी। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से पूछने पर बताया गया कि मध्यान भोजन में यदि चावल घट जाता है तो शिक्षक पास के डीलर से या पास के विद्यालय से राशन ले सकते हैं। और यदि दोनों नहीं मिलता है तो एक-दो दिन काम चलाने के लिए रसोईया से ले सकते हैं। किंतु साहूकारों के लिए उन्होंने साफ मना कर दिया।इस मामले में प्रधानाध्यापक से पूछा गया तो प्रधानाध्यापक ने बताया कि विद्यालय में राशन खत्म हो गया था और मध्यान भोजन चलाना जरूरी था। जिस वजह से हम राशन उधार लिए थे।




## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत रंगोली प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्थानीय मां नगीना शाही महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका संचालन कर रहे प्राचार्य कमलेश कुमार,(एनएसएस) पदाधिकारी प्रो0 महमूद आलम ने छात्राओं को मतदान की विशेषता बताते हुये जागरूकता पर जोर दिया। सभी मतदाता छात्राओं को वोट देने के लिये प्रेरित किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रियंका कुमारी व पूजा कुमारी द्वितीय स्थान रूपा कुमारी व पुष्पा कुमारी तथा तृतीय स्थान के लिये चंचला कुमारी व प्रियांशु कुमारी को चयनित किया गया। मौके पर प्रो0 मीरा कुमारी, प्रो0 माधुरी कुमारी, प्रो0बबीता कुमारी, प्रो0 सविता कुमारी सहित महाविद्यालय की छात्रायें उपस्थित थे।

## अवैध पिस्तौल बरामद



**भवनाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के धनी मंडरा में शुक्रवार की रात खलिहान से एक देशी कट्टा व दो कारतूस बरामद किया है। आज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है। समाचार के अनुसार सुत्रो के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि धनिमंडरा गांव के प्राथमिक विद्यालय के आसपास हथियार है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने दलबल के साथ प्राथमिक विद्यालय के बगल में खलिहान में छापेमारी किया। जहा से खलिहान में रखे रहर के भुसा में एक देशी कट्टा व दो जिन्दा कारतूस बरामद किया। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान कर रहीं हैं।

## लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज, हॉस्पिटल के द्वारा लगाया गया चिकित्सा शिविर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर :** बिश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा नप मुख्यालय के निजी विद्यालय सनातन विद्या निकेतन रेहला में स्वास्थ्य शिविर का आयोजित किया गया। जिसमे 246 जरूरतमंद लोगों का स्वास्थ्य जांच ऐंव मुफ्त इलाज किया गया। और कई तरह के रोगियों को स्वास्थ्य जांच भी की गई। इसके अलावा मरीजों को मुफ्त दवा भी दिया गया। यहां बताते चलें कि विधायक सह एलसीएमसीएच के संस्थापक रामचंद्र चंद्रवंशी के निर्देशानुसार ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में भी हमेशा स्वास्थ शिविर लगाया जाता है। शिविर में रोगियों का इलाज डॉ विनित, डॉ रणवीर, डॉ सरफराज, डॉ अभिनव निकुंज के द्वारा किया गया। डॉ ओम प्रकाश श्रीवास्तव, एएनएम अनुपम कुमारी, राजेश कुमार, शंकर, निराला मेहता, सोनू आलम, सामा बानो, धर्मेन्द्र चंद्रवंशी, रंभा कुमारी, कंचन कुमारी, रजक, किरण कुमारी, राजेश कुमार, धर्मेन्द्र चंद्रबंशी, लैब टेक्नीशियन निराला कुमार, मार्केटिंग मैनेजर कुंदन चंद्रवंशी सहित कई लोग मौजूद थे, एडमिनिस्टर नीतीश कुमार ने बताया कि जरूरत पड़ने पर सभी जगहों पर कैंप लगाया जाएगा, और लक्ष्मी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में सभी तरह का मुफ्त जांच, इलाज और ऑपरेशन किया जा रहा है।

## पेयजल एवं स्वच्छता विभाग मौन, पानी को लेकर ग्रामीण परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौडीहा बाजार :** पलामू जिले के अति सुदूरवर्ती प्रखंड नौड़ीहा बाजार मुख्यालय से महज 20 किमी की दूरी पर अवस्थित डगरा पंचायत के अंतर्गत अंतकला सहित कई गाँव जिसमें माडादाग, सहियार, रत्नाग, सीढा इन सभी गाँवों मे पानी के हा हा कार मची हुई है। और भोले भाले ग्रामीणों ने पानी के लिए काफी परेशान है। यहा के ग्रामीण सरकारी विकास कार्य से काफी असंतुष्ट है। जल संकट होने के कारण नदी नाले की पानी पीने के लिए विवश है, लेकिन कभी भी सबंधित कर्मी व पदाधिकारी सुध लेने नहीं आये। बतातें चले कि 2024 के जनवरी माह से जल मीनार की मोटर खराब है जिसके कारण टंकी मे पानी नहीं जा पा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि मोटर खराब हो जाने की जानकारी संबधित विभाग की दे गई तो विभाग ने दो माह पूर्व मे ही अपना मैकनिकल भेजकर मोटर खोलकर अपने साथ ले गई, इसके बाद अभी तक मोटर को नहीं लगाया गया कहीं न कहीं विभाग ने लापरवाही देखने को मिला। जिसके कारण एक एक बुंद के लिए लोगों तरस रहे है। इस बात को लेकर ग्रामीणों ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के खिलाफ काफी आक्रोशित है। इस मौके पर संजय भुइयाँ, बजरंगी गुप्ता, रीना देवी, प्रभा देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## लोकतांत्रिक तरीके से विद्या मंदिर जपला में बाल संसद का हुआ गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार सदन व्यवस्था के लिये बाल संसद का चुनाव लोकतांत्रिक तरीके से कराया गया। सदन व्यवस्था के लिये बाल संसद के चुनाव में विभिन्न पदों के चुनाव में प्रधानमंत्री, मंत्री, कोषाध्यक्ष, सेनापति के लिए चुनाव कराये गए। बाल संसद के चुनाव में मतों के आधार पर पदाधिकारी चयनित हुए।प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय, पर्यवेक्षक अभिषेक पाण्डेय, मृत्युंजय प्रसाद, दीपक पाण्डेय, धर्मेंद्र कुमार, हर्षदा चौबे, छाया कुमारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। चुनाव बिल्कुल उसी प्रक्रिया से की गई जो लोकतंत्र में मान्य है। छात्र-छात्राओं ने बारी-बारी से अपना गुप्त मतदान किया। क्षमता के विकास के लिये सदन व्यवस्था के तौर पर विद्यालय में प्रत्येक सत्र में बाल संसद का गठन किया जाता है। इससे भैया-बहनों में ना केवल कर्तव्य बोध विकसीत होता है।बल्कि इन बाल चुनावों में हिस्सा लेकर नेतृत्व क्षमता एवं भाषण कौशल जैसे गुणों को विकसीत करने का अवसर भी भैया- बहन प्राप्त करते हैं।विद्यालय परिवार इन्हीं छोटी-छोटी प्रक्रियाओं की मदद से देश के सुयोग्य नागरिक निर्मित करने का सफल प्रयास करते हैं।

## छतरपुर के पत्रकार रिंकू सिंह को मातृ शोक

**छतरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छतरपुर के थर्ड आई के पत्रकार धर्मेंद्र सिंह उर्फ रिंकू सिंह की माता का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से इलाके में शोक की लहर है। उनके निधन की सूचना मिलने के बाद डी रांची प्रेस क्लब के प्रवक्ता सह मैनेजिंग कमेटी सदस्य आरजे अरविंद दाह संस्कार में शामिल हुए और उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि ईश्वर उनकी आत्मा को असीम शांति प्रदान करें और परिजनों को दुख सहने की शक्ति दें। वही दाह संस्कार में छतरपुर के समाज सेवी, गणमान्य लोगों सहित सभी पत्रकार मौजूद थे।

# सरस्वती विद्या मंदिर में लोकतांत्रिक तरीके से बाल संसद का चुनाव संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में स्कूली बच्चों के व्यक्तित्व विकास को लेकर शनिवार को बाल संसद का चुनाव लोकतांत्रिक तरीके से शांतिपूर्ण ढंग से मतदान कराया गया। मतदान से पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक एवं अभिभावक प्रतिनिधि चंदन कुमार ने संयुक्त रूप से भारत माता, ओम, मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया। प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने बाल संसद चुनाव के उद्देश्य बताते हुए कहा कि प्रांतीय योजना अनुसार यह चुनाव होता है। विद्यालय के प्रबंधन में सहभागिता के मद्देनजर बाल संसद का निर्वाचन कराया गया है, ताकि बच्चों के अंदर कुशल, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास के साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास का गुरु मंत्र सिखाया जा सके। उन्होंने कहा कि चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने वालों के अंदर नेतृत्व क्षमता, लोकतांत्रिक व्यवस्था, प्रतिस्पर्धा नेतृत्व, क्षमता एवं व्यवहार कुशलता की गुणों, मतदान की महत्ता और सहपाठियों में लोकप्रियता के भाव का विकास होता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय के सारी व्यवस्था बाल संसद के सहयोग से चलेगी। बाल संसद चुनाव के दौरान गुप्त मतदान के लिए पर्यवेक्षक के रूप में प्रधानाचार्य रविकांत पाठक एवं अभिभावक प्रतिनिधि चंदन कुमार के देखरेख में प्रतिस्पर्धात्मकता तरीके से चुनाव संपन्न कराया गया। सरस्वती विद्या मंदिर में लोकतांत्रिक तरीके से बाल संसद का चुनाव संपन्न, 119 प्रत्याशी थे मैदान में; 810 मतदाताओं में 520 वोट पड़े, परिणाम 1 मई को घोषित किया जाएगा। दोनों पर्यवेक्षकों ने मतदान प्रक्रिया की मुक्त कंठ से प्रशंसा किया।



# अशोक मेडिकल से अस्पताल कर्मीयो ने सरकारी दवाओं को किया जब्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से सरकारी दवाओं को अस्पताल कर्मीयों की मिलि भगत से निजी दवा दूकान में बेचने का मामला प्रकाश में आया। निजी दवा दूकान में दवा अस्पताल कर्मियों द्वारा रखने की खबर फैलते ही कर्मी भाग खड़े हुए। भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से शनिवार को दस उप स्वास्थ्य केंद्र को 15 प्राकार की दवाएं संबंधित उपस्वास्थ्य केंद्र के सिएचओ को दिया गया था लेकिन दो सिएचओ ने अस्पताल ले जाने के बजाए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने अशोक मेडिकल में दवा दे दिया। प्रत्यक्षदर्शी मकरी निवासी सज्ञ समाजसेवी बाला प्रसाद यादव ने अशोक मेडिकल में सरकारी दवाओं को बेचते हुए अस्पताल कर्मियों को देखा.उसके बाद मिडिया कर्मियों को सुचना दिया। सुचना मिलते ही पत्रकार अशोक मेडिकल पहुंचे जहां दो गुलाबी बड़े पोलिथीन में सरकारी दवा अशोक मेडिकल में था। अशोक मेडिकल के संचालक पंकज जयसवाल उर्फ टिंकू से दवाओं के बारे में पुछताछ करने पर कहा दो लड़कियां लाकर रखीं हैं, कौन है नहीं पहचानते, जबकि कहा दोनों हमारे मकान की किरायेदार है। दोनों लड़कियां मकान की किरायेदार है और पहचानते नहीं है,यह बयान संदेहास्पद प्रतित होता है। शनिवार को अस्पताल से दस उपस्वास्थ्य केंद्र के सिएचओ को दवाएं दी गयी। असपताल के हेड लिपिक अरूण लकड़ा ने बताया कि प्रतिमा कुमारी रपुरा सिएचओ, विनिता कुमारी अमरोरा को दवाएं दी गई थी। उन्हें टेलकी साटन 40,20 एमजी, एटनोल, एस्प्रिन, प्रोलोपिडा, सहित बीपी, सुगर, हार्ट सहित अन्य 15 प्रकार की दवाएं दी गई थी। दवाएं अशोक मेडिकल में बेचने कि सुचना पर लिपिक अरूण लकड़ा ने मेडिकल दुकान से दवा जब्त कर अस्पताल लाया। मेडिकल दुकान में दवा रखने के सवाल पर सीएच ओ प्रतिमा कुमारी व विनिता कुमारी ने कुछ भी बयान देने से बचती रही।कहा पता नहीं था कैसे रख दिया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रंजन दास ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा मेडिकल दुकान में सरकारी दवा रखना काफी गंभीर विषय है.यदी एसा हुआ है तो जांच कर कार्रवाई किया जाएगा। जबकि आयुष चिकित्सक डॉ अभिनीत विश्वास ने फोन कर कहा मामला रफा-दफा कर दिया जाए, दोनों बच्चियां है। जो होगा आपस में समझ लेंगे। उल्लेखनीय है कि कांडी प्रखंड में एक माह पूर्व एक ट्रैक्टर सरकारी दवा खुटहेरिया पंचायत में बरामद किया गया था लेकिन आज तक वो दवा कहा से और कौन लाया इसका खुलासा आज तक नहीं हो पाया.और भवनाथपुर में सरकारी दवा बेचने का मामला प्रकाश में आया.कया स्वास्थ्य विभाग का इस मामले में कोई कार्रवाई होगी यह विभाग पर सवालिया निशान हैं।



## संक्षिप्त खबरें

### जयपुर ग्रामीण एवं कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने संतोष सोनी को

**रांची।** मोटिया - मजदूर संघ के केंद्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सोनी ने एक आवश्यक बैठक सैकड़ो लोगों के बीच अशोक नगर, रांची में किया। इस अवसर पर उन्होंने ÷खरखाई डैम बचाओ समिति÷ के गठन की घोषणा की।सोनी ने बताया कि सरकार की निर्णय से स्वर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना को पूर्ण ना करके एवं खरकाई डैम ना बनवाकर उसकी होने वाले फायदे से जनता को वंचित रख रही है। इस जन आंदोलन के माध्यम से हम सभी ने ÷खरखाई डैम बचाओ आंदोलन÷ की शुरुआत की है। यह आंदोलन चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा।उन्होंने विस्तार से बताया कि इस जन आंदोलन में पहले चरण में सरायकेला उपयुक्त के सामने धरना प्रदर्शन किया जाएगा और ज्ञापन उपायुक्त और उसकी एक प्रति महामहिम राज्यपाल को सौप जाएगा जाएगी। दूसरे चरण में राज्यपाल के निवास के सामने धरना प्रदर्शन किया जाएगा और ज्ञापन राज्यपाल को सौंप जाएगा।

### आजसू पार्टी का मिलन समारोह आज चंद्रपुरा में, सुदेश महतो होंगे शामिल

**रांची :** बोकारो के चंद्रपुरा प्रखंड अंतर्गत तेलो, बाजार टांड में रविवार को मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मिलन समारोह में पूर्व उप मुख्यमंत्री सह केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो शामिल होंगे। इस दौरान कई क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता और कई समाजसेवी सुदेश कुमार महतो के समक्ष आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे।

# ब्राउन शुगर के साथ नजरूल आलम और अरशद अयूब गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** अब सावधान हो जाएं वैसे लोग जो ब्राउन शुगर, अफीम, गांजा का नशा कर रहें हैं या फिर बेच रहें हैं।अब तक रांची पुलिस ने 120 युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। वहीं लोअर बाजार थाना प्रभारी ने ब्राउन शुगर और गांजा वजन करने के लिए तराजू सहित अन्य सामग्री रख लिए हैं ताकि आरोपी के पकड़ते ही तुरंत कार्रवाई कर जेल भेज सके। पुलिस की वैसे लोगों पर भी नजर है जो समाजसेवी का सफेद चादर ओढ़कर ऐसे अवैध धंधे करवा रहें हैं। खैर आसन्न लोक सभा चुनाव के मद्देनजर मादक द्रव्यो की बरामदगी एवं कारगर कार्रवाई के दृष्टिकोण से चले रहे लगातार छापामारी के फलरवरूप नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता व वरीय पुलिस अधीक्षक रॉची चंदन सिन्हा ने पत्रकारों को संबोधित किया। वरीय



पुलिस अधीक्षक रॉची ने बताया कि सूचना मिलने के आधार पर नगर पुलिस उपाधीक्षक राजकुमार मेहता के नेतृत्व में गठित टीम के द्वारा 26.04.24 को अफीम एवं ब्रउन सुगर के साथ दो युवको को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। वरीय पुलिस अधीक्षक ने पत्रकारों को बताया कि नजरूल आलम और अरशद अयूब उर्फ विक्की को गिरफ्तार किया गया है। एक मोरहाबादी मैदान में फल दुकान चलाता है, उसके पास से ब्राउन शुगर पाया गया। नजरूल आलम पोस्को एक्ट में जेल भी जा चुका है। थाना प्रभारी को जब सूचना दी गई तभी से वे ट्रेस करने लगे कभी धुर्वा फिर कडरु और फिर चर्च रोड के पास से गिरफ्तार किया गया है। इस के पास से बतीस हजार तीन सौ रूपया , अफीम 37.50 ग्राम, ब्राउन सुगर 10.66 ग्राम अफीम / ब्राउन सुगर स्टोन की बिकी का पैसा नगद मात्र, तीन मोबाईल , एक, स्कूटी जिसे मादक द्रव्य डिलीवर किया जाता था।

**छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी:** के वी रमन, पुलिस उपाधीक्षक नगर रांची , दयानन्द कुमार, पुनि सह थाना प्रभारी, लोअर बाजार , पुअनि हीरालाल महतो लोअर बाजार , सअनि भीम सिंह खादगढ़ा टी ओ पी, लोअर बाजार , सशस्त्र बल पूर्व अपराधिक इतिहास ज्ञात किया जा रहा है।

#### वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा और नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने सात महीने में

# ड्रग्स करने वाले 120 युवकों की गिरफ्तारी सहित 15 करोड़ की नशीली पदार्थों को किया गया जब्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सितंबर 2023 में वरीय पुलिस अधीक्षक रांची चंदन सिन्हा और नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता पदभार लेने के बाद से अब तक करीब सात महीने में रांची जिला के विभिन्न थाना क्षेत्रों से ड्रग्स करने वाले 120 युवकों की गिरफ्तारी सहित लगभग 15 करोड़ की नशीली पदार्थों जिसमें गांजा,अफीम,डोडा, ब्राउन शुगर इत्यादि को जब्त करने का काम किया है। जो अब तक की सबसे बड़ी सफलता मानी जा रही है। इस उपलब्धि के बाद वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश है कि वे अपने क्षेत्रों में तेजी से अभियान चलाकर गिरफ्तारी करें। इसके साथ समाज से जुड़े लोग भी ऐसे पेडलर्स की गुप्त सूचना दे सकते हैं।

**इस नंबर पर 9153886238 दें सूचना:** वरीय पुलिस अधीक्षक ने एक वीडियो जारी किया है जिसमें बता रहे कि नशे के जाल से युवाओं को बचाने में समाजिक लोगों के सहयोग को रेखांकित करते हुए और समाज की सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए उन्हें प्रेरित करते हुए एक वीडियो संदेश रिलीज़ किया है। वीडियो के माध्यम से उन्होंने नशे के विरुद्ध युद्ध में समाज को सजग भूमिका निभाने एवं जड़मूल से इस समस्या का समाधान करने के लिए प्रेरित करते हुए तकनीक का उपयोग करने का अनुरोध किया है। वाट्सऐप के माध्यम इस तरह की गतिविधियों की सूचना रांची पुलिस को वाट्सऐप नंबर 9153886238 पर देने की अपील की, सूचना देने वाले का नाम पता गुप्त रखा जायेगा। इसके साथ ही बताया कि यदि किसी को ऐसी गतिविधियों के अड्डे या स्थान का पता है तो उस स्थान पर जाकर उसका करेंट लोकेशन उपरोक्त नंबर पर भेज कर पुलिस की मदद कर सकते हैं. एसएसपी ने हिदायत दी कि लोकेशन भेजने के लिए उस स्थान पर तब जायें जब कि वहां इस तरह की असामाजिक गतिविधियां न हो रही हों. यदि किसी नशे के सौदागर का फोटो, नाम, पता किसी के पास उपलब्ध है तो उसे भी शेयर करने की अपील की. उन्होंने आश्वस्त किया कि सूचना देने वाले की गोपनीयता का पूरा ख़याल रखा जाएगा.इस वीडियो के माध्यम से एसएसपी ने नशे के हानिकारक प्रभावों को दर्शाया है और युवाओं को इस खतरे से बचाने के लिए समाज के हर वर्ग को समर्थन देने का आग्रह किया है. उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी हमारे देश का भविष्य एवं सरकार और समाज की साझी ज़म्मिदारी है. इन्हें नशे के गर्त में धकेलने वालों के ख़िलाफ़ कड़ी कार्रवाई के लिए रांची पुलिस प्रतिबद्ध है. बीते दिनों रांची पुलिस के विशेष अभियान में 50 से भी अधिक नशा कारोबारी जेल की सलाखों के पीछे भेजे जा चुके हैं एवं लगभग 15 करोड़ मूल्य की नशीली सामग्री जब्त की जा चुकी है.उन्होंने कहा कि इसे और धार देने की आवश्यकता है. एसएसपी ने कहा कि एक जागरूक और सतर्क समाज की लाखों आंखों से मुट्ठी भर अपराधी छुप नहीं सकते.

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छवि रंजन की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मनी लाउंड्रिंग मामले में आरोपी रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन समेत आठ की न्यायिक हिरासत अवधि पीएमएलए कोर्ट ने बढ़ा दी है।इन पर आरोप है चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की बिक्री से जुड़े मामले की। जेल में आरोपियों को वीसी के माध्यम से पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख 10 मई निर्धारित की है। वर्तमान में यह मामला पुलिस पेपर सौंपने पर चल रहा है। हालांकि आरोपियों को ईडी ने पुलिस पेपर सौंप चुकी है। लेकिन सौंपे गए दस्तावेज के कुछ पृष्ठ अस्पष्ट है। जिसके कारण उसे पढ़ा नहीं जा रहा है। ऐसे पेपर को आरोपियों की ओर से फ्रेश पेपर मांगा जा रहा है। इडी ने इस मामले में इसीआइआर-5/ 2023 दर्ज किया है। मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, सत्ता के दलाल प्रेम प्रकाश, भरत प्रसाद, राजेश राय, इम्तियाज अहमद, अफसर अली एवं मोहम्मद सद्दाम न्यायिक हिरासत में है। जबकि विष्णु अग्रवाल को हाईकोर्ट से जमानत प्राप्त है और एक आरोपी फरार चल रहा है।

## रामटहल चौधरी का तीस दिनों में ही कांग्रेस से मोह भंगा हो गया, दिया इस्तीफा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पूरे तीस दिनों के बाद आखिरकार शनिवार को पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कांग्रेस पार्टी से अपना दामन छुड़ा लिया। चौधरी ने 28 मार्च 2024 को कांग्रेस पार्टी का दमन थामा था। ताकि रांची लोकसभा सीट से टिकट मिल जाए, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसलिए वे पार्टी से नाराज चल रहे थे। रामटहल चौधरी ने पत्रकारों से कहा कि वे झंडा लेकर समर्थन करने नहीं आए थे। इसलिए पार्टी छोड़ने का निर्णय लिया है। चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में शामिल कराने के लिए सभी प्रक्रिया पूरी की गयी थी। कांग्रेस की ओर बायोडाटा मांगा गया। इसके बाद झारखंड के



प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने उन्हें कांग्रेस में शामिल कराया। गुलाम अहमद मीर ने कहा था कि राहुल गांधी का कहना है कि जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी। आप सभी मामलों में फिट बैठते हैं। आपको रांची लोकसभा सीट से टिकट दिया जाएगा। इसके बाद उम्मीदवार की घोषणा के लिए भी लंबा समय लिया। जब टिकट की घोषणा हुई तो वो सबके सामने है।

चौधरी ने कहा कि पिछले पांच सालों में भाजपा का दरवाजा नहीं खटखटाया है। उन्होंने फिलहाल निर्दलीय या किसी अन्य पार्टी से चुनाव लड़ने से इनकार किया। साथ ही कहा कि करीबियों से विचार-विमर्श के बाद आगे की रणनीति तय करेंगे। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने उन्हें ऑफर दिया था। उस समय वह भी इंडिया गठबंधन में थे। रांची से सीट देने की भी बात भी कही थी।

## नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल में देश का गौरव बढ़ाया : संजय सेठ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची के सांसद संजय सेठ ने सील्ली विधानसभा के विभिन्न क्षेत्र नवाडीह, घाघरा पराहातु मे जनसंपर्क अभियान चलाया सांसद सेठ ने कहा नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल में पांच सबसे बड़े असंभव कार्य को संभव कर दिखाया स्वच्छता अभियान, तीन तलाक, राम मंदिर का निर्माण, सर्जिकल स्ट्राइक, धारा 370 समाप्त, ऐसे पांच असंभव कार्य को नरेंद्र मोदी ने संभव कर दिखाया है जो उनके इच्छा शक्ति का प्रतीक है स्वच्छ भारत अभियान प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प के चलते देश के लोगों ने साथ दिया और आज भारत के हर गांव में शौचालय हर शहर गांव गली और चौराहे हमें स्वच्छ नजर आते हैं। जम्मू और कश्मीर से अनुच्छेद 370 का हटाना जम्मू और कश्मीर की जनता 70 साल से धारा 370 की जंजीरों से जकड़ी हुई थी 5 अगस्त 2019 को मोदी सरकार ने कश्मीर को अनुच्छेद 370 से मुक्ति दिला दी लद्दाख को एक अलग केंद्र शासित राज्य घोषित किया इससे कश्मीर पंडितों को ही नहीं बल्कि राज्य के हर नागरिकों को अब केंद्र सरकार की लाभकारी योजनाओं का भी फायदा मिलने लगा जिससे कई सालों तक कश्मीर के लोगों को वंचित रखा गया। इस कार्यक्रम में धीरज महतो, दिलेश्वर कोयरी ,परीक्षित मंडल, सृष्टिध 'महतो, बिंदेश्वरी देवी हरेंद्र प्रमाणिक भागीरथ महतो, लक्ष्मीकांत प्रमाणिक, वरुण कुमार हाजरा ,मानिकचंद महतो ,सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मोदी के मंगलसूत्र पर निंदनीय ब्यान देने से वोटिंग प्रतिशत कम हुआ : कैलाश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने देश में हो रहे 2024 लोकसभा आम चुनाव में औसतन कम वोटिंग होने पर चिंता जताई है। यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश में प्रचंड बेरोजगारी,महंगाई, डिग्री प्राप्त युवाओं का भविष्य, किसान,मजदूर, महिला सुरक्षा एवं बढ़ती गंभीर के इलाज हेतु स्वास्थ चिकत्सा जैसे ज्वलंत एवं महत्वपूर्ण मुद्दे को छोड़ मंगलसूत्र,बजरंगबली, हिंदू मुस्लिम कर ध्रुवीकरण करने जैसे अनर्गल बातें करने से देश की जनता जनार्दन काफी नाराज है जिस कारण वोटिंग करने में बहुत ज्यादा रुचि नहीं दिखाई दे रहे हैं, निश्चित रूप से भारतीय लोकतंत्र के लिए चिंताजनक विषय है !ज्ञात हो कि पिछले 10 वर्ष पहले 2014 में जब देश के प्रधानमंत्री बने नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को कहा था अब देश में बेरोजगारी,महंगाई, महिला सुरक्षा,युवाओं,मजदूरों, किसानों की बदहाली दूर कर एक कीर्तिमान स्थापित करेंगे, इन सभी बातों से देश की सभी वर्गो के लोगो ने भरोसा जताकर आपार जनसमर्थन दिया एवं पूर्ण बहुमत देकर ऐतिहासिक परिणाम दिया था । लेकिन 10 वर्ष बाद 2024 में पीएम मोदी अपने वादे और दावे पर खरे नही उतरे सिर्फ एक थोथी दलील और लोकलुभावन घोषणाएं रह गई ! बीजेपी देश की मुख्य एजेंडा प्रचंड बेरोजगारी एवं महंगाई पर बाते छोड़ धार्मिक एवं जातीय ध्रुवीकरण कर लोगो में आपसी भाईचारे बिगाड़ने का काम कर रहा है जिस कारण देश की जनता काफी नाराज़ हैं,खास तौर पर महिला,युवा,किसान एवं मजदूर वर्ग इस बार बीजेपी एनडीए के पक्ष में वोटिंग करने को तैयार नही है और परिवर्तन करने की ओर इंडिया गठबंधन को वोट कर रहे हैं।

## सीईआरसी प्रतिनिधिमंडल ने पकरी बरवाडीह माइंस का दौरा किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय विद्युत नियामक प्राधिकरण (सीईआरसी) के अध्यक्ष, जिष्णु बरुआ, आईएएस (सेवानिवृत्त) के नेतृत्व में एक सीईआरसी प्रतिनिधिमंडल ने 25 अप्रैल,2024 को कोयला खनन मुख्यालय/एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल), रांची का दौरा किया।

शिवम श्रीवास्तव, निदेशक (ईंधन), एनटीपीसी और अध्यक्ष (एनएमएल) ने प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी की और श्री जयशंकर श्रीनिवासन, निदेशक (वित्त), एनटीपीसी की गरिमामय उपस्थिति में सीईआरसी प्रतिनिधिमंडल को खनन में आने वाले संचालन और चुनौतियों से अवगत कराया।प्रतिनिधिमंडल की रांची यात्रा के दौरान, टीम ने एनटीपीसी कोयला खनन क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एनटीपीसी और कोयला खनन कार्यों पर एक संक्षिप्त प्रस्तुति के साथ बातचीत की।और 26 अप्रैल,2024 को सीईआरसी प्रतिनिधिमंडल ने एनटीपीसी की फ्लैगशिप परियोजना, हजारीबाग में पकरी बरवाडीह माइंस का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल ने खनन कार्यों का अध्ययन करने के लिए एनटीपीसी कोयला खदानों का दौरा किया। इस दौरे में पकरी बरवाडीह खान का ऑपरेशन और ओवरबर्डन (ओबी) क्षेत्र का दौरा किया । इस अवसर पर, प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने महिला डंप चालक से बातचीत की और उन्हें अपना बहुमूल्य योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया । सीईआरसी टीम ने एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) के बैनर तले हाल के दिनों में सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने और शानदार प्रदर्शन हासिल करने के लिए एनटीपीसी द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की।प्रतिनिधिमंडल दल में अरुण गोयल, सदस्य (वित्त), प्रवास कुमार सिंह, सदस्य (कानून), हरप्रीत सिंह प्रूथी, सचिव, राजीव पुष्करणा, प्रमुख, वित्त प्रभाग, डॉ. एस के चटर्जी प्रमुख, नियामक मामले शामिल थे। अनिमेष जैन, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) और सीईओ (एनएमएल), फैज़ तैयब, परियोजना प्रमुख, पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना, रजनीश रस्तोगी, सीजीएम (एचआर), कॉर्पोरेट वाणिज्यिक टीम के सदस्यों के साथ विभिन्न विभागों के प्रमुख दौरे के दौरान मौजूद थे ।

## संत जेवियर में लिंग समानता से जुड़ी चिंताओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर कार्यशाला आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** संत जेवियर कॉलेज रांची के फादर फ्रूस्ट हॉल में आईक्यूएसी, आईसीसीएसएच एवं विमेंस सेल द्वारा जेंडर सेंसीटाईजेशन पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. फादर एन.लकड़ा एस. जे. आईसीसीएसएच की पीठासीन अधिकारी डॉ. भारती सिंह रायपत एवं नोडल जेंडर चैंपियन डॉ. मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यशाला के आयोजन में डॉ. सुप्रिया गुप्ता, डॉ. सौम्या मानिनि सिन्हा, प्रो. मेबल टोप्पो, प्रो. सीएमए एकता आर्या एवं डॉ. अनन्या बोस की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यशाला के प्रशिक्षक थे वंदना टेटे (प्यारा केरकेट्टा फाउंडेशन की संस्थापिका) एवं रेशमा सिंह (ध्वनि फाउंडेशन की राज्य प्रशिक्षिका). कॉलेज के सभी विभागों से विद्यार्थियों ने कार्यशाला में भाग लिया।

कार्यशाला का उद्देश्य था लिंग समानता से जुड़ी चिंताओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना तथा लिंग संवेदनशीलता लाना। कार्यशाला का संचालन डॉ. सौम्या मानिनि सिन्हा एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो. सीएमए एकता आर्या ने किया। डॉ. अनुपमा भार्गव, आईसीसीएसएच की सदस्या ने सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ. फादर एन.लकड़ा एस. जे. , उपप्रधानाचार्य डॉ. फादर अजय अरुण मिंज एस. जे., रजिस्ट्रार डॉ. फादर प्रभात केनेडी सोरेंग एस. जे., डीन ऑफ स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. संजय सिन्हा, डॉ. सुप्रिया गुप्ता, प्रो. मेबल टोप्पो, डॉ. अनन्या बोस, प्रो. निधि आर्या, प्रो. जैनेट एक्का एवं कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक शामिल थे।

## बाबूलाल मरांडी आज लोहरदगा और पलामू में करेंगे जनसभा



**रांची :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी रविवार को पलामू और लोहरदगा में जनसभा को संबोधित करेंगे। मरांडी छतरपुर विधानसभा के किशनपुर मध्य विद्यालय मैदान में आयोजित जनसभा को 11 बजे संबोधित करेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष लोहरदगा के भंडरा में ठाकुरबाड़ी के सामने आयोजित जनसभा को तीन बजे संबोधित करेंगे।

## नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास के दोषी को सात साल की सजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** स्पेशल चिल्ड्रेन कोर्ट ने शनिवार को नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास करने के मामले में जेल में बंद दोषी नाबालिग को सात साल की सजा सुनाई है। साथ ही उसपर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना की राशि नहीं देने पर उसे छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। दोषी नाबालिग पर नाबालिग को बहला-फुसला कर दुष्कर्म की कोशिश करने का आरोप है। घटना को लेकर पीड़िता के परिजन ने सदर थाने में नौ जून, 2020 को केस दर्ज कराई थी। आरोपित को पुलिस ने



जब गिरफ्तार किया था तब उसने उम्र 15 साल बताई थी। इसी आधार पर पुलिस ने उसे डुमरदगा स्थित रिमांड होम भेज दिया था। साथ ही मामले की सुनवाई के लिए जुवेनाइल बोर्ड भेज दिया गया था। बाद में आरोपित की उम्र 16 साल से अधिक निकली, जिसके बाद मामले की सुनवाई चिल्ड्रेन कोर्ट में चली थी। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने छह गवाहों की गवाही कराई।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने राहुल गांधी की जनसभा स्थल का किया निरीक्षण

**रांची :** राहुल गांधी मई में गुमला जिले के बसिया में जनसभा को संबोधित करेंगे। राहुल गांधी की प्रस्तावित रैली को लेकर शनिवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने जनसभा स्थल का निरीक्षण किया और सभी कार्यकर्ताओं को होमवर्क में जुट जाने का निर्देश दिया। पत्रकारों से बातचीत में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड में लोकसभा चुनाव के लिए बेहतर माहौल तैयार किया जा सके। रैली से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा।

# चेन स्नेचर को रांची पुलिस ने किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** वरीय पुलिस अधीक्षक रांची चंदन सिन्हा ने पत्रकारों को बताया कि एंटी काइम चेकिंग लगाने का आदेश था उक्त आदेशा के आलोक में हिन्दपीढी थाना अन्तर्गत मारवाडी कॉलेज के पास एंटी काइम चेकिंग लगाया गया। उसी क्रम में एक काला रंग की मोटरसाईकिल पर तीन व्यक्ति सवार होकर आ रहे थे। पुलिस को देख कर वे लोग आचानक मोटरसाईकिल को घुमाकर तेजी से भागने का प्रयास करने लगे जिसे उपरिथित पुलिस बल के सहयोग से दो व्यक्तियों को पकडा गया एवं एक व्यक्ति भागने में सफल रहा। पकडे गये व्यक्तियों के नाम पता पुछने पर एक व्यक्ति ने अपना नाम मंगरा उ्फ मो गुड्ड, दूसरे ने अपना नाम बिटु उर्फ मो0 अमिर उ र्अरमान, माली टोला चौक, थाना-हिन्दपीढी, जिला-रांची बताया एवं भागे हुए व्यक्ति का नाम मो0 जावेद उर्फ आलू बताया ।मंगरा द्वारा बताया गया कि यह गाडी चोरी की है जिसमें फर्जी नम्बर प्लेट लगा हुआ और मेरे पाकेट में गांजा है एवं जेवर




है भी छिना हुआ जेवर है जिस कारण हमलोग डर से भाग रहे थे। मंगरा के पास से करीब 85 ग्राम अवैध गांजा, छिना हुआ जेवर एवं चोरी का मोटरसाईकिल पुलिस उपाधीक्षक कोतवाली रांची के द्वारा जप्त किया गया एवं बिटु के पास से छिनतई किया हुआ जेवर जब्त किया गया। नामकुम थाना क्षेत्र एवं गोन्दा थाना क्षेत्र दोनों जगह चेन छिनतई किये हैं। तत्पश्चात् उक्त दोनों अभियुक्तों को विधिवत गिरफ्तार किया गया। दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

**सामान की विवरणी:** एक प्लसर मोटर साईकिल रजि0नं॰- जेएच एफ एन 1035 (2) 85 ग्राम अवैध गांजा (3) सोने जैसे धातु से बना दो पीस चैन (4.) सोने, जैसे धातु से बना एक पीस टुटा हुआ चेन का टुकडा , सोने जैसे धातु से बना तीन पीस मंगलसूत्र (6.) सोने जैसे धातु से बना एक पीस कान की बाली।

**छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों का नाम:** पुलिस उपाधीक्षक कोतवाली प्रकाश सोय , प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक डुसरू बानसिंग।थाना प्रभारी हिन्दपीढी थाना बाबू राम भगत , पुअनि पवन क रजक, हिन्दपीढी थाना। पुअनि सचिन क मिश्रा हिन्दपीढी थाना। पुअनि जयदेव सरक नामकम थाना ढ्ढ पुअनि आनन्द मोहन, हिन्दपीढी थाना। . सअनि मदन राम हिन्दपीढी थाना ।

## बकरी पालन से ग्रामीण महिलाएं बनेगी आत्मनिर्भर 30 प्रशिक्षणार्थियों को मिला प्रमाण पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जामा, दुमका के तत्वाधान में महिलाओं के लिए 10 दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण का समापन समारोह आयोजित कर 30 प्रशिक्षणर्थियों को प्रमाण पत्र आरसेटी के निदेशक संकाय सदस्य अमरदीप कुमार एवं कार्यालय सहायक मनोज कुमार सिंह के द्वारा दिया गया। आरसेटी के फैकल्टी अमरदीप कुमार ने सभी महिलाओं को उज्जवल भविष्य एवं सफल उद्यमी बनने के लिए अपनी तरफ से ईमानदारी के साथ कड़ी मेहनत और लगन के साथ बकरी पालन के रोजगार की शुरुआत करने का कहा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मलित सभी 30 प्रशिक्षुओं को बिहेवियर गेम, जोखिम लेने की क्षमता, उधमशीलता की दक्षताएं, स्वप्रेरणा, वितीय साक्षरता आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। अंत में आरसेटी के कार्यालय सहायक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि आने वाले दिनों में संस्थान द्वारा डेयरी फार्मिंग केंचुआ खाद बनाने का, सेल फोन रिपेयरिंग, पॉली हाउस और शेड नेट फार्मिंग, कृषि उद्यमी, वाणिज्यिक फूलों की खेती, दो पहिया मरम्मती आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# लापरवाह ड्राइवर के वजह से ब्राम्बे स्थित चुंद में स्कूल बस पलटी, कई छात्र घायल



**अलताफ अहमद @ प्रभात मंत्र**

**मांडर :** मांडर प्रखंड अंतर्गत ब्राम्बे के ग्राम चुंद में आज सुबह 7 बजे चुंद स्थित संत मरिया की स्कूल बस सड़क पर पलट गई जिससे कई स्कूली बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायल बच्चों को मांडर स्थित कॉन्सटेंट लिवंस हॉस्पीटल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि बस बुढ़मू थाना स्थित ग्राम बाँड़े से खुली थी वहीं दर्जनों स्कूली बच्चों को लेकर आ रही थी। चुंद पहुंचने से पहले स्पीड ज्यादा होने के कारण बस असंतुलित होकर पलट गया। बस का ड्राइवर एक्सीडेंट होते ही भाग गया। एक्सीडेंट के बाद स्थानीय लोगों का कहना है कि इस एक्सीडेंट के लिए स्कूल प्रबंधन पूरी तरह से जिम्मेवार है। क्योंकि शादी में बस को भाड़ा में भेजा जाता है और ड्राइवर नशे में होता है साथ ही साथ बस का स्पीड सबसे अत्यधिक होता है। आगे लोगों ने कहा कि यह एक्सीडेंट स्कूल प्रबंधन के नाकामी के कारण हुआ है। स्कूल के सभी बस इसी प्रकार तेज रफ्तार में चलते हैं जिस पर स्कूल प्रबंधन हमेशा आंख मूंदे रहता है। घटना में डेढ़ दर्जन स्कूली छात्र घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए मांडर स्थित कॉन्स्टेंट लिवंस अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### घटना पर मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन ने दु :ख व्यक्त किया

स्कूली बस दुर्घटनाग्रस्त होने पर बच्चों को घायल होने का मामला....घटना पर मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन ने दुःख व्यक्त करते हुए घायल बच्चों की स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। उन्होंने कहा- कि रांची के मांडर में स्कूल बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से कुछ बच्चों के घायल होने की सूचना से मन व्यथित है। जिला प्रशासन की टीम बच्चों को समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवा रही है। ईश्वर से सभी बच्चों के कुशलता की कामना करता हूं।

## दुर्घटना मे घायल स्कूली बच्चों को देखने अस्पताल पहुंची विधायक शिल्पी नेहा तिर्की



घटना की जानकारी पार्टी कार्यकर्ताओ एवं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा मिलने के उपरांत स्थानीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की दुर्घटना से घायल स्कूली बच्चों को देखने अस्पताल पहुंची, अस्पताल पहुंचकर उनका हाल चाल लिया।

## एक दिवसीय ओरिएंटशन ट्रेनिंग का उद्घाटन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में एक दिवसीय ओरिएंटेशन ट्रेनिंग प्रोग्राम का उदघाटन समारोह दीप प्रज्वलित कर, मुख्य अतिथि श्री संजय कुमार मिश्रा डिविशनल जेनरल मैनेजर केनरा बैंक सर्कल आफिस रांची, श्री कारोलस तिरु डिविशनल मैनेजर रांची, डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम मैनेजर,श्री प्रवीन कुमार मिश्रा, जे एस एल पी एस रांची के द्वारा किया गाया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 13 बीपीएम एवम 33 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। अथिति ने यह संदेश दिया की केनरा बैंक केन- एंजल बचत खाता खोलने पर महिलाओ के लिए बीमा की सुविधा फ्री है जिसमे 3 लाख से लेकर 8 लाख तक का रिस्क कवर किया जाता है। इसका लाभ हमारे ग्रामीण क्षेत्रों की सभी महिलाएं उठा सकती है। आप सभी लोग आत्मविश्वास के साथ ही अपना स्वरोजगार शुरू करे , केनरा बैंक लोन भी देने का काम करेंगी। श्री सुब्रतो नायक केनरा बैंक शाखा प्रबंधक सिल्ली ने कहा ने की बैंक हमेशा आप के साथ है। डीपीएम श्री प्रवीन कुमार मिश्रा ने यह कहा की हमारे महिला समिति की सभी दीदी प्रशिक्षण लेकर प्राप्त कर अपना स्वरोजगार स्थापित करे और मालिक बने। रुडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने पीपीटी के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2024-25 का प्रशिक्षण किस तरह से करेगे इस पर विशेष चर्चा किया,साथ ही सभी बीपीएम ने अपना अपना अनुभव प्रदान किए। मंच का संचान वरिष्ट संकाय अनिल ने किया । मैके पर वरिष्ठ संकाय जगदीश चंद्र महतो , डीएसटी सोभा देवी,मौसमी गोराई पूर्व प्रशिक्षणार्थी,भानुमती देवी, बिमल कुमार , दशरथ महतो,महेश रुहिदास , सुनील मुंडा उपस्थिति रहे।

## मोहब्बत की दुकान कैंपेन चला



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय कैंपस में मोहब्बत की दुकान कैंपेन चलाकर छात्र छात्राओं के बीच में कांग्रेस की युवा न्याय मेनिफेस्टो का वितरण किया गया ।

**युवा न्याय की पांच गारंटी**

1. भारती भरोसा –केंद्र सरकार के विभागों में खाली 30 लाख सरकारी पदों पर तत्काल स्थाई नियुक्ति की जाएगी

2. पहले नौकरी पक्की –हर ग्रेजुएट एवं डिप्लोमाधारी युवाओं को 1 लाख प्रतिवर्ष स्टाइफेंड के साथ सरकारी प्राइवेट कंपनियों में अप्रेंटिसशिप(नौकरी) की गारंटी

3. पेपर लीक की गारंटी –पेपर लीक रोकने के लिए कानून बनाकर विश्वसनीय ढंग से परीक्षा आयोजन की गारंटी4. गिग वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा –गिग वर्कर्स या एप्प बेस्ड कर्मचारी की बेहतर परिस्थितियों, पेंशन और सामाजिक सुरक्षा की गारंटी

5. युवा रोशनी – रु 5000 करोड़ के राष्ट्रीय कोष से जिला स्तर पर युवाओं को स्टार्ट ङ्कअप फंड देकर उद्यमी बनाने की गारंटी

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष आमिर हाशमी, प्रदेश सचिव अभिजीत प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष अमन अहमद, हुसैन अंसारी,चंदन सिंह,चंदन कुमार , अनुज शर्मा, अंकिता कुमारी, सरफराज अहमद, शमी हैदर, पवन साहू, शम्स बिलाल, एवं अन्य एनएसयूआई के जिला पदाधिकारी उपस्थित थे ।

## रथीन भद्रा चेयरमैन के पद से सम्मानित

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बड़े हर्ष के साथ सूचित किया जाता है की एक्कालाइन भुंगरू पानी की खेती के फाउंडर तथा रोटरी ट्रस्ट ऑफ रांची साउथ के अध्यक्ष रोटेरियन रथीन भद्रा को उनके एनवायरमेंट तथा जल संचय के उनके द्वारा किए जा रहे कामों को मद्दे नजर उन में एक बार फिर से रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3250 ने तथा डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 24-25 रोटरियां बिपिन छानछान ने भरोसा जताते हुए वाटरशेड एवम संचयन के प्रति लोगो में अवरनेस लाने के लिए रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3250 यानी बिहार झारखंड के चेयरमैन के पद से सम्मानित किया है। बताते चले की रोटरियन रथीन भद्रा रोटरी इंडिया वाटर मिशन ट्रस्ट के भी डिस्ट्रिक्ट चेयर है डिस्ट्रिक्ट3250 के और वे ये पद पर भी बने रहेंगे। फिलहाल रोटेरियन रथीन भद्रा खूंटी एडमिनिस्ट्रेशन के मदद से भगवान बिरसा मुंडा के गांव उलिहतु प्रखंड अकडी में जल के समस्या का समाधान करने का प्रयास अपने इनोवेटिव प्रोजेक्ट एक्कालाइन भुंगरू पानी की खेती के मध्यम से कर रहे है।

## चैत्र पर्व व फूलखुंदी हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली के लगाम गांव में शनिवार को हर्षोल्लास के साथ चैत्र पर्व संपन्न हो गया। इसको लेकर गांव के शिव मंदिर परिसर में को मेले का आयोजन किया गया। जहां लोग रात भर छौऊ नृत्य तथा मेले का आनंद लिया। वही सुबह फूलखुंदी ( दहकते अंगारों में चलना) का आयोजन किया गया। व्रती सभी भोगता अहले सुबह मंदिर के निकट तालाब में स्नान कर दहकते अंगारों पर चलकर एवं शिव जी का पूजा उपरांत प्रसाद ग्रहण कर व्रत तोड़ते हैं। वहीं उपवास की हुई महिलाएं भी इस आग पर चलती है।आस्था का अद्भुत प्रतीक है



**फूलखुंदी :** फूलखुंदी में भोगता नंगे पांव आग पर चलते हैं। लगभग 5 -7 फीट लंबा 2 फीट चौड़ा नाला बनाया जाता है ।इसे सूखी लकड़ियों से पाट दिया जाता है ।एवं आम के पत्तों से हवा करके उस नाले में अंगार तैयार किया जाता है। भोगता मंदिर के निकट तालाब से स्नान कर इस आग पर पूजा अर्चना कर अंगारे में गुजरकर व्रत पूर्ण करते हैं।

## ट्रांसफार्मर खराब रहने से ग्रामीण परेशान

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड क्षेत्र के सिल्ली पंचायत के काड़ाकाटा गांव में एक माह से ट्रांसफार्मर खराब रहने के कारण उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खास करके इस गर्मी के दिनों में रात के अंधेरे में कई प्रकार की परेशानी झेलने को विवश होना पड़ रहा है। इस टोला में 25 केवी का ट्रांसफर लगाया गया था ।जहां बीते 1 महीने से खराब हो गया है जिसके कारण लोग अंधेरे में रहने को विवश है। आगे बताया कि ट्रांसफार्मर से लगभग 50 घर के उपभोक्ता को बिजली का लाभ मिल रहा था, जहां लो वोल्टेज की समस्या से भी लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही थी। स्थानीय उपभोक्ताओं ने बताया कि इसकी जानकारी विधायक को दूरभाष पर दी गई है। साथ ही ग्रामीणों ने इसकी जानकारी विभाग को भी दी है,ताकि नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया जा सके। ग्रामीणों ने विधायक से कम से कम 100 केवी का ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की है, ताकि उपभोक्ताओं को निर्विवाद बिजली मिल सके एवं लो वोल्टेज की समस्या से भी राहत मिल सके।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में निर्वाचन व्यय से संबंधित दर निर्धारण के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। इस दौरान बाजार से प्राप्त कोटेशन, होटल बिल, टेंट का बिल, प्रचार सामग्री, न्यूनतम मजदूरी दर इत्यादि के आधार पर विभिन्न आइटम्स का दर निर्धारण से संबंधित आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बूथ लेवल एजेंट की सूची जल्द से जल्द उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मतदाता सूचना पर्ची (वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप) का वितरण नाम - निर्देशन की अंतिम तिथि से प्रारंभ किया जाना है तथा मतदान की तिथि से कम से कम पांच दिन पूर्व वितरण का कार्य संपन्न किया जाना है। उन्होंने बताया कि बीएलओ के माध्यम से वितरण हेतु तैयार किया गया शेड्यूल जिसकी प्रति राजनीतिक दलों, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट निर्वाचन लड़नेवाले अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही मतदाता सूचना पर्ची के वितरण के पश्चात बीएलओ द्वारा ASD लिस्ट Absentees (अनुपस्थित), Shifted (स्थानांतरित) एवं Dead (मृत) सूची अल्फाबेटिकली तैयार की जाएगी।

## कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, चतरा
## (डाक मतपत्र-सह-मतपत्र कोषांग, चतरा)

### कार्यालय आदेश

आसन्न लोकसभा आम चुनाव, 2024 के मद्देनजर राज्य निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, चतरा के पत्रांक–82/का0को0 दिनांक–25.04.2024 के आलोक में AVSC/AVPD (Home Voting), AVES (PVC) एवं VED (FC) हेतु मतदान सुविधा के लिए नियुक्त किये गये पदाधिकारियों/कर्मियों को प्रशिक्षण दी जानी है। इसके निमित Category के अनुसार Team wise आप सभी दिनांक–29.04.2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में डी0एम0एफ0टी0 प्रशिक्षण हॉल में ससमय प्रशिक्षण में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

### VED (Facilitation Centre)

**TEAM -1**

| क्र. | पदा0/कर्मी0 का नाम | पदनाम | कार्यालय का नाम | मोबाईल नम्बर | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री विजेन्द्र कुमार कुशवाहा | कार्यपालक अभियंता | भवन निर्माण निगम, चतरा | 9308022777 | |
| 2 | श्री विद्यानन्द मिश्रा | सहायक अध्यापक | बुनियादी विद्यालय, कान्हाचट्टी | 8084387526 | |
| 3 | मो0 अमिन अंसारी | सहायक शिक्षक | उ0म0वि0 सिद्ध, कान्हाचट्टी | 7764848186 | |
| 4 | श्री रामचन्द्र विद्यार्थी | सहायक अध्यापक | उ0म0वि0, लुटु तिलैया, चतरा | 9090675246 | |
| 5 | श्री दयानन्द सिंह | टी0जी0टी0 | म0वि0 लावालौंग | 6202332382 | |
| 6 | श्री अरूण हेम्ब्रम | राजस्व उपनिरीक्षक | अंचल कार्यालय, सिमरिया | 8709698192 | |

**TEAM -2**

| क्र. | पदा0/कर्मी0 का नाम | पदनाम | कार्यालय का नाम | मोबाईल नम्बर | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री अजय कुमार सिंह | कार्यपालक अभियंता | पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा | 8789136206 | |
| 2 | श्री सुनील कुमार सिंह | सहायक अध्यापक | उ0म0वि0 पेलतौल खूर्द, कान्हाचटटी | 6202937751 | |
| 3 | श्री मनिकांत कुमार | सहायक शिक्षक | उ0म0वि0 बिशुनपुर, ईटखोरी | 9470332790 | |
| 4 | श्री जयप्रकाश कुमार | सहायक अध्यापक | उ0म0वि0, मंगरहादा, चतरा | 9835577081 | |
| 5 | श्री सकलदेव कुमार सिंह | टी0जी0टी0 | म0वि0 लावालौंग | 6206675287 | |
| 6 | श्री दीपक कुमार | राजस्व उपनिरीक्षक | अंचल कार्यालय, सिमरिया | 7004164535 | |

**TEAM -3**

| क्र. | पदा0/कर्मी0 का नाम | पदनाम | कार्यालय का नाम | मोबाईल नम्बर | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री मोहन चन्द्र गुप्ता | कार्यपालक अभियंता | लघु सिंचाई प्रमण्डल, चतरा | 8210684027 | |
| 2 | श्री सत्येन्द्र तिवारी | सहायक अध्यापक | बुनियादी विद्यालय, कान्हाचट्टी | 6201843128 | |
| 3 | श्री देवानन्द प्रसाद | सहायक शिक्षक | उ0म0वि0 पथरिया, ईटखोरी | 9430723674 | |
| 4 | श्री संजय कुमार सिंह | सहायक अध्यापक | उ0म0वि0 नवादा, चतरा | 9572403756 | |
| 5 | श्री सेखु सलीम | टी0जी0टी0 | म0वि0 लावालौंग | 9334262996 | |
| 6 | श्री दिनेश कुमार चौधरी | राजस्व उपनिरीक्षक | अंचल कार्यालय, हण्टरगंज | 7061884095 | |

**TEAM -4**

| क्र. | पदा0/कर्मी0 का नाम | पदनाम | कार्यालय का नाम | मोबाईल नम्बर | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री सुरेश राम | कार्यपालक अभियंता | ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा | 8709184201 | |
| 2 | मो0 शाहबुद्दीन | सहायक अध्यापक | उ0म0केन्दु उर्दू, सिमरिया | 9608354585 | |
| 3 | मो0 अमजद अंसारी | सहायक शिक्षक | उ0उ0वि0 मंझगांवतारी, गिद्धौरी | 8709635950 | |
| 4 | श्री राजकुमार सिंह | सहायक अध्यापक | उ0म0वि0 नवादा चतरा | 9661129356 | |
| 5 | श्री ज्ञानेश्वर पाठक | सहायक शिक्षक | प्रा0वि0कुरूमडारी, सिमरिया | 8294265255 | |
| 6 | श्री सर्वेश कुमार सिंह | राजस्व उपनिरीक्षक | अंचल कार्यालय, टण्डवा | 7667926387 | |

**TEAM -5**

| क्र. | पदा0/कर्मी0 का नाम | पदनाम | कार्यालय का नाम | मोबाईल नम्बर | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डॉ जमालउद्दीन | अवर प्रमण्डलीय पशुपालन पदाधिकारी, चतरा | जिला पशुपालन कार्यालय, चतरा | 9939309521 | |
| 2 | मो0 अली अमजद | सहायक अध्यापक | उ0म0उर्दू सिमरिया, खूर्द सिमरिया | 7277516222 | |
| 3 | श्री भोला साहु | सहायक शिक्षक | उ0म0वि0 पारामातू, लावालौंग | 9693712735 | |
| 4 | श्री कौशल कुमार दांगी | सहायक अध्यापक | उ0म0वि0 पकरिया, चतरा | 9470117080 | |
| 5 | श्री मो0 इस्तेहामुल हक | सहायक शिक्षक | एम0एस0बी0एम0सी0, उर्दू, चतरा | 9931133095 | |
| 6 | श्री इन्द्र कुमार | राजस्व उपनिरीक्षक | अंचल कार्यालय, टण्डवा | 9199540338 | |

**TEAM -6**

| क्र. | पदा0/कर्मी0 का नाम | पदनाम | कार्यालय का नाम | मोबाईल नम्बर | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री धर्मा उरांव | वैज्ञानिक | कृषि विज्ञान केन्द्र, चतरा | 9162184472 | |
| 2 | श्री भीम महतो | सहायक अध्यापक | उ0प्रा0वि0 डालकोमा, हण्टरगंज | 9162383480 | |
| 3 | श्री कमलेष दास | सहायक षिक्षक | उ0म0वि0 चोरट, कान्हाचट्टी | 6204917296 | |
| 4 | श्री रोहन यादव | सहायक अध्यापक | उ0म0वि0 रमटुण्डा, चतरा। | 9973821455 | |
| 5 | श्री सुधीर कुमार पाठक | सहायक षिक्षक | उ0म0वि0 जरही, सिमरिया | 7979721037 | |
| 6 | श्री षिवकुमार मण्डल | राजस्व उपनिरीक्षक | अंचल कार्यालय, टण्डवा | 9546567815 | |

**TEAM -7**

| क्र. | पदा0/कर्मी0 का नाम | पदनाम | कार्यालय का नाम | मोबाईल नम्बर | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री सोमर मांझी | सहायक अभियंता | भवन प्रमण्डल चतरा | 8789129820 | |
| 2 | श्री रामउदय पाण्डेय | सहायक अध्यापक | उ0प्रा0वि0 कंगरूवा, हण्टरगंज | 8825113384 | |
| 3 | श्री विश्वनाथ कुमार गुप्ता | सहायक शिक्षक | उ0म0वि0 देल्हो, सिमरिया | 9430793905 | |
| 4 | श्री सुरेश यादव | सहायक अध्यापक | उ0प्रा0वि0 गंझुटोला, रमना, चतरा। | 9334310732 | |
| 5 | श्री सुरेश प्रसाद ठाकुर | सहायक शिक्षक | म0वि0 गंधरिया, चतरा | 7070296518 | |
| 6 | श्री अशोक कुमार | राजस्व उपनिरीक्षक | अंचल कार्यालय, कान्हाचट्टी | 9470963191 | |

**TEAM -8**

| क्र. | पदा0/कर्मी0 का नाम | पदनाम | कार्यालय का नाम | मोबाईल नम्बर | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री ओम प्रकाश गुप्ता | सहायक अभियंता, | ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, चतरा | 8084225903 | |
| 2 | श्री शंकर प्रजापति | सहायक अध्यापक | उ0प्रा0वि0 बारीशर्म, चतरा | 6205374671 | |
| 3 | श्री बालदेव कुमार | सहायक शिक्षक | म0वि0, कुन्दा | 9852267094 | |
| 4 | श्री प्रवीण कुमार | सहायक अध्यापक | उ0म0वि0 सेल, चतरा। | 9576185891 | |
| 5 | श्री अरविन्द कुमार | सहायक शिक्षक | म0वि0 गुदरी बाजार, चतरा | 9905128706 | |
| 6 | श्री नारायण राम | राजस्व उपनिरीक्षक | अंचल कार्यालय, प्रतापपुर | 6203122332 | |

**TEAM -9**

| क्र. | पदा0/कर्मी0 का नाम | पदनाम | कार्यालय का नाम | मोबाईल नम्बर | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री बिनोद कुमार पाण्डेय | वैज्ञानिक | कृषि विज्ञान केन्द्र, चतरा | 7985437970 | |
| 2 | श्री अजय कुमार | सहायक अध्यापक | उ0म0वि0, चेरूआकचा, चतरा | 9570664330 | |
| 3 | मो0 अली मंजर | सहायक शिक्षक | प्रा0वि0 उर्दू, सिन्दुआरी, चतरा | 9142822174 | |
| 4 | श्री अनिल कुमार पाठक | सहायक अध्यापक | उ0प्रा0वि0 जमुनियातरी, पाबो, चतरा। | 8340155156 | |
| 5 | श्री अशोक कुमार यादव | सहायक शिक्षक | उ0बा0म0वि0,अरसेल, सिमरिया | 8084388020 | |
| 6 | श्री गुरूदेव कुमार सिंह | राजस्व उपनिरीक्षक | अंचल कार्यालय, हण्टरगंज | 7209603046 | |

### AVES (PVC), TEAM -1

| क्र. | पदा0/कर्मी0 का नाम | पदनाम | कार्यालय का नाम | मोबाईल नम्बर | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती अनिता | बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, चतरा ग्रामीण चतरा। | बाल विकास परियोजना कार्यालय, चतरा ग्रामीण, चतरा | 9955358449 | |
| 2 | श्री मनोज कुमार गुप्ता | सहायक अध्यापक | उ0म0वि0, डाढ़ा | 9504178911 | |
| 3 | श्री दिपेन्द्र दांगी | सहायक शिक्षक | उ0म0वि0 डोडागडा, कान्हाचट्टी | 9693187340 | |
| 4 | श्री कुमुद कुमार सिंह | सहायक अध्यापक | उ0प्रा0वि0, अकाषी हरिजनटोला, चतरा | 6205921665 | |
| 5 | मो0 मुर्शीद आलम | सहायक शिक्षक | उ0पी0जी0एम0एस0, अतमपुर, लावालौंग | 9472716275 | |
| 6 | श्री पंकज कुमार दूबे | राजस्व उपनिरीक्षक | अंचल कार्यालय, चतरा | 7903031750 | |

**TEAM -2**

| क्र. | पदा0/कर्मी0 का नाम | पदनाम | कार्यालय का नाम | मोबाईल नम्बर | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती रीना साहु | बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिमरिया। | बाल विकास परियोजना कार्यालय, सिमरिया | 8789788958 | |
| 2 | श्री मनोज कुमार | सहायक अध्यापक | उ0प्रा0वि0, भुथहाटोली, टुड़ाग | 7667859466 | |
| 3 | श्री राजेश कुमार रवि | सहायक शिक्षक | उ0म0वि0रोशना, कान्हाचट्टी | 7739907017 | |
| 4 | श्री अविनाश कुमार | सहायक अध्यापक | उ0प्रा0वि0, जंगेरी, चतरा | 9470321311 | |
| 5 | श्री एन्टोनी नाग | सहायक शिक्षक | उ0म0वि0, टिकदा, लावालौंग | 9934885332 | |
| 6 | श्री राजकुमार | राजस्व उपनिरीक्षक | अंचल कार्यालय, चतरा | 8804028302 | |

### AVSC/AVPD (HOME VOTING ) 26 -SIMARIA

**TEAM -1**

| क्र. | पदा0/कर्मी0 का नाम | पदनाम | कार्यालय का नाम | मोबाईल नम्बर | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री मनीश वर्मा | Officer | केनरा बैंक, चतरा | 8077356506 | |
| 2 | मो0 ओबेदुल्लाह | सहायक शिक्षक | म0वि0 कैंडीनगर,कान्हाचट्टी | 9931518526 | |
| 3 | श्री जितेन्द्र कुमार | सहायक अध्यापक | उ0म0वि0 नावाडीह, चतरा | 9955738574 | |

**TEAM -2**

| क्र. | पदा0/कर्मी0 का नाम | पदनाम | कार्यालय का नाम | मोबाईल नम्बर | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री विवेक कुमार | DY. Manager | पंजाब नेशनल बैंक, चतरा | 9572944451 | |
| 2 | श्री फुलेश्वर सिंह | सहायक शिक्षक | म0वि0 तुलबुल, कान्हाचट्टी | 9546825768 | |
| 3 | श्री संजय कुजूर | सहायक अध्यापक | उ0म0वि0 पकरिया, चतरा | 7903185824 | |

**TEAM -3**

| क्र. | पदा0/कर्मी0 का नाम | पदनाम | कार्यालय का नाम | मोबाईल नम्बर | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री निरज कुमार सिन्हा | DY. Manager | पंजाब नेषनल बैंक, चतरा | 9835190491 | |
| 2 | श्री महेश राम | सहायक शिक्षक | उ0म0वि0, गडिया, बैंगोकला, कान्हाचट्टी | 9709067874 | |
| 3 | श्री अमित कुमार सोनी | सहायक अध्यापक | उ0म0वि0 पाराडीह, चतरा | 9102245671 | |

**TEAM -4**

| क्र. | पदा0/कर्मी0 का नाम | पदनाम | कार्यालय का नाम | मोबाईल नम्बर | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री प्रशांत होरो | DY. Manager | भारतीय स्टेट बैंक, चतरा | 9630404543 | |
| 2 | श्री तुलेश्वर राम | सहायक शिक्षक | उ0म0वि0, यशपुर, कान्हाचट्टी | 6200192726 | |
| 3 | श्री सहदेव महतो | सहायक अध्यापक | उ0प्रा0वि0, गंझुटोला, रमना, चतरा। | 6200094968 | |

**TEAM -5**

| क्र. | पदा0/कर्मी0 का नाम | पदनाम | कार्यालय का नाम | मोबाईल नम्बर | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री अनुग्रह प्रमोद टोप्पो | Assistant Manager | भारतीय स्टेट बैंक, चतरा | 9523366888 | |
| 2 | श्री जगदीश चन्द्र महतो | सहायक शिक्षक | उ0म0वि0 बानासाम, कुन्दा | 8252617223 | |
| 3 | श्री संतोश कुमार वर्मा | सहायक अध्यापक | उ0म0वि0 संघरी, चतरा | 7858037409 | |

**TEAM -6**

| क्र. | पदा0/कर्मी0 का नाम | पदनाम | कार्यालय का नाम | मोबाईल नम्बर | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री अमित कुमार | Officer | बैंक ऑफ इण्डिया, जोरी | 7742209361 | |
| 2 | श्री सुशील लाकडा | सहायक शिक्षक | म0वि0 लोवागडा, चतरा | 8789821405 | |
| 3 | श्री सतेन्द्र कुमार | सहायक अध्यापक | उ0प्रा0वि0, घुरनाडीह, रमना, चतरा। | 7004368657 | |

**TEAM -7**

| क्र. | पदा0/कर्मी0 का नाम | पदनाम | कार्यालय का नाम | मोबाईल नम्बर | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री अजय कुमार रॉय | Assistant Manager | भारतीय स्टेट बैंक, चतरा | 8340962920 | |
| 2 | मो0 नजमुत तरीकी | सहायक शिक्षक | उ0उ0वि0 आरा, चतरा। | 8285954136 | |
| 3 | श्री राजदेव ठाकुर | सहायक अध्यापक | उ0प्रा0वि0, फसियारीटांड़, हण्टरगंज | 6202414596 | |

**TEAM -8**

| क्र. | पदा0/कर्मी0 का नाम | पदनाम | कार्यालय का नाम | मोबाईल नम्बर | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री आकाश कुमार सिन्हा | Officer | बैंक ऑफ इण्डिया, प्रतापपुर | 8658141810 | |
| 2 | श्री सुनील कुमार झा | सहायक शिक्षक | उ0म0वि0 हसबो, चतरा। | 6205639514 | |
| 3 | श्री रंजीत दास | सहायक अध्यापक | उ0प्रा0वि0, फसियारीटांड़, हण्टरगंज | 9262340324 | |

**TEAM -9**

| क्र. | पदा0/कर्मी0 का नाम | पदनाम | कार्यालय का नाम | मोबाईल नम्बर | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री अनिल भगत | Assistant Manager | भारतीय स्टेट बैंक, चतरा | 7762946856 | |
| 2 | श्री मुकेश राणा | सहायक शिक्षक | रामनगर उ0 वि0, कान्हाचट्टी | 6200454932 | |
| 3 | श्री अनिल यादव | सहायक अध्यापक | उ0प्रा0वि0, चन्ही, चतरा | 9123163960 | |

### AVSC/AVPD (HOME VOTING ) 27 -CHATRA

**TEAM -1**

| क्र. | पदा0/कर्मी0 का नाम | पदनाम | कार्यालय का नाम | मोबाईल नम्बर | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शेख मो0 रईस | Manager mining | सी0सी0एल पूर्णाडीह प्रोजेक्ट, टण्डवा | 9534461751 | |
| 2 | श्री मनोज कुमार चौबे | सहायक शिक्षक | उ0उ0वि0, द्वारी, गिद्धौर | 9430193092 | |
| 3 | श्री सुखदेव सिंह भोक्ता | सहायक अध्यापक | उ0प्रा0वि0, जेहरा, पत्थलगड्डा | 9504954035 | |

**TEAM -2**

| क्र. | पदा0/कर्मी0 का नाम | पदनाम | कार्यालय का नाम | मोबाईल नम्बर | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री नवनीत | Assistant Manager | सी0सी0एल पूर्णाडीह प्रोजेक्ट, टण्डवा | 7070189705 | |
| 2 | श्री बैजनाथ प्रसाद | सहायक शिक्षक | म0वि0, लावालौंग | 9931513481 | |
| 3 | श्री नन्दकिशोर राम | सहायक अध्यापक | उ0प्रा0वि0, जेहरा, पत्थलगड्डा | 6299156178 | |

**TEAM -3**

| क्र. | पदा0/कर्मी0 का नाम | पदनाम | कार्यालय का नाम | मोबाईल नम्बर | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री रजत रॉय | Deputy GM | एन0टी0पी0सी0, नॉर्थ कर्णपुरा | 9650995337 | |
| 2 | श्री जदुनन्दन कुमार | सहायक शिक्षक | जनता उच्च विद्यालय, पत्थलगड्डा | 9955345688 | |
| 3 | श्री रामचन्दर ठाकुर | सहायक अध्यापक | उ0प्रा0वि0, काषीबार नावाडीह पत्थलगड्डा | 7667289376 | |

**TEAM -4**

| क्र. | पदा0/कर्मी0 का नाम | पदनाम | कार्यालय का नाम | मोबाईल नम्बर | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री राजीव त्रिपाठी | AGM | एन0टी0पी0सी0, नॉर्थ कर्णपुरा | 7522002825 | |
| 2 | श्री जयपाल भगत | सहायक षिक्षक | उ0उ0वि0, चाडरम, सिमरिया | 7488202030 | |
| 3 | श्री अशोक कुमार | सहायक अध्यापक | उ0प्रा0वि0, काशीबार नावाडीह पत्थलगड्डा | 7079837878 | |

**TEAM -5**

| क्र. | पदा0/कर्मी0 का नाम | पदनाम | कार्यालय का नाम | मोबाईल नम्बर | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री बिकास दूबे | AGM | एन0टी0पी0सी0, नॉर्थ कर्णपुरा | 9425304752 | |
| 2 | श्री सुरेश दत्त मिश्रा | सहायक शिक्षक | उ0उ0वि0, चाडरम, सिमरिया | 6203981402 | |
| 3 | श्री गोपाल दांगी | सहायक अध्यापक | उ0प्रा0वि0, पाण्डेतरी पत्थलगड्डा | 9204776330 | |

**TEAM -6**

| क्र. | पदा0/कर्मी0 का नाम | पदनाम | कार्यालय का नाम | मोबाईल नम्बर | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री शसांक कुमार | Assistant Manager | सी0सी0एल पूर्णाडीह प्रोजेक्ट, टण्डवा | 9065228373 | |
| 2 | श्री अनिल कुमार सिन्हा | सहायक शिक्षक | उ0उ0वि0, ईचाक खुर्द, सिमरिया | 6206084593 | |
| 3 | श्री गोपाल रजक | सहायक अध्यापक | उ0प्रा0वि0, पिपलटोला पत्थलगड्डा | 9471568810 | |

नोडल पदाधिकारी,
डाक मतपत्र–सह–मतपत्र कोषांग, चतरा

PR 324137Election(24-25)#D

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## डीईओ ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक, नामांकन प्रक्रिया, पेड न्यूज की दी जानकारी



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्वतंत्र, पारदर्शी एवं निष्पक्ष लोकसभा निर्वाचन संपादित करने के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। गौरतलब है कि 29 अप्रैल (सोमवार) को 09-जमशेदपुर लोकसभा निर्वाचन हेतु अधिसूचना जारी करने की तिथि निर्धारित है। बैठक में उपस्थित सदस्यों को नामांकन पत्र कैसे प्राप्त करेंगे, अनारक्षित व आरक्षित वर्ग के प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र क्रय करने हेतु जमा की जाने वाली राशि, नामांकन का समय एवं पूरी प्रक्रिया के साथ-साथ पेड न्यूज, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग, आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के संबंध में जानकारी देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। जिला नजारत शाखा से नामांकन पत्र 29 अप्रैल से मिलना शुरू हो जाएगा। नामांकन की अंतिम तिथि 06 मई होगी। नामांकन के समय प्रत्याशी के साथ अधिकतम 5 लोगों को ही निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त के कार्यालय में प्रवेश करने की अनुमति होगी। पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 03 बजे तक प्रत्याशी अपना नामांकन कर सकेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि जिला स्तर पर गठित एमसीएमसी कोषांग के माध्यम से पेड न्यूज़ पर निगरानी रखी जा रही है साथ ही सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल भी एक्टिव है। सभी तरह के प्रचार-प्रसार सामग्री का प्री सर्टिफिकेशन कराते हुए लागत राशि को अपने चुनावी खर्च में जरूर जोड़ें। आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः अनुपालन करने का भी निर्देश दिया गया।

## जोड़सा शक्तिश्वर शिव मंदिर में वार्षिक चड़क पूजा का शुभारंभ 2 मई से, कई कार्यक्रम होंगे आयोजित

**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा प्रखंड के सुदूरवर्ती जोड़सा शक्तिश्वर शिव मंदिर में तीन दिवसीय वार्षिक चड़क पूजा( मेला) का शुभारंभ 2 मई से होगी। सोलोआना कमेटी की ओर से आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा शुक्रवार की देर शाम मंदिर परिसर में ग्राम प्रधान नवीन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में तैयार गया है।आयोजक कमेटी ने शिव मंदिर का रंगाई- पुताई का काम शुरू कर दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए कमेटी के देवेंद्र कुंभकार ने बताया कि दो मई की रात्रि में पुरुलिया जिले के कार्तिक सिंह मुड़ा व नृपेन सहिस के टीम द्वारा छोऊ द्वारा नृत्य प्रस्तुत करेंगे। तीन मई की दोपहर चड़क मेला (भोक्ता घुरा) एवं शाम में पश्चिम मेदिनीपुर जिले के नाच मयूरी नृत्य झंकार टीम द्वारा नृत्य संगीत का आयोजन होगा। वहीं चार मई की शाम कलश विसर्जन के साथ साथ पश्चिम बंगाल के गौऊर निताई बाउल सम्प्रदाय टीम की ओर से बाउल संगीत कार्यक्रम का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि मंदिर की चारों ओर विद्युत लाईट से सुसज्जित किया जाएगा। तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने के लिए एक पूजा संचालन कमेटी बनाया गया है। जिसमें श्यामापद सिंह, प्रवीर कुंभकार, अक्षय कुंभकार, देवेंद्र कुंभकार, अरुण कुंभकार समेत अन्य कई लोगों को जोड़ा गया है।

## जमशेदपुर एफसी सब-जूनियर टीम और श्रीनिधि डेक्कन एफसी के बीच मैच ड्रॉ पर खत्म



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में एक रोमांचक मुकाबले में, जमशेदपुर एफसी सब-जूनियर टीम ने एआईएफएफ सब-जूनियर लीग के अपने दूसरे मैच में श्रीनिधि डेक्कन एफसी के खिलाफ 4-4 से ड्रॉ खेला. मैच की शुरुआत में दोनों पक्षों ने अपने-अपने दबदबे को कायम रखने के लिए जोरदार आक्रमण किए. जमशेदपुर एफसी के किशन सिंह ने 15वें मिनट में गोल करके बढ़त हासिल की और घरेलू दर्शकों को उत्साहित कर दिया. हालांकि, श्रीनिधि डेक्कन एफसी ने बराबरी की तलाश में कई हमले किए और हाफटाइम से ठीक पहले फैजल खान ने गोल करने के मौके का फायदा उठाया और ब्रेक के समय दोनों टीमों का स्कोर 1-1 से बराबर हो गया. जमशेदपुर एफसी के लिए सोंगा पुर्टी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और 29वें और 44वें मिनट में दो अहम गोल दागकर मैच का रुख अपनी ओर मोड़ लिया. हालांकि, श्रीनिधि डेक्कन एफसी ने 33वें और 43वें मिनट में सैयद रियान के गोल से जवाब दिया और मुकाबले को बराबरी पर ला दिया. पुर्टी ने एक बार फिर मौके का फायदा उठाया और 44वें मिनट में मैच का अपना तीसरा गोल करके जमशेदपुर एफसी को बढ़त दिला दी. हालांकि इसके बाद भी श्रीनिधि डेक्कन एफसी ने हार नहीं मानी और 47वें मिनट में बराबरी का गोल दाग दिया. अब जमशेदपुर एफसी सब-जूनियर टीम 29 अप्रैल को डायमंड रॉक और श्रीनिदी डेक्कन एफसी का सामना करेगी.

## सरायकेला जिला बार एसोसिएशन का चुनाव पुराने बार भवन होगा



**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला बार एसोसिएशन सरायकेला के चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर तैयारियां जारी है। इसी क्रम मुख्य चुनाव अधिकारी अजीत कुमार दास, सहायक चुनाव अधिकारी प्रणव सिंह देव एवं दीनदयाल मिश्रा द्वारा एक बैठक किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि पुराने बार भवन ,भवन संख्या 1 जहां लाइब्रेरी भवन भी है वहीं पर मतदान केंद्र बनाया जायेगा। जहां चुनाव प्रक्रिया दिनांक आगामी 07 मई 2024 को 7:30 बजे से 12:30 बजे तक संपन्न होने के बाद अपराह्न 2:00 बजे से मतगणना शुरू किया जाएगा। इस आशय को लेकर बार काउंसिल झारखंड की ओर से दो आब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं ऑब्जर्वर राजेश कुमार शुक्ला जो वर्तमान में झारखंड बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन भी है तथा अनिल कुमार महतो जो वर्तमान में बार काउंसिल झारखंड के सदस्य है। इन दोनों की उपस्थिति में यह संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया संपन्न किया जाएगा। सभी अधिवक्ताओं अथवा मतदाताओं से अपील किया गया है कि चुनाव के समय अपना आधार कार्ड अथवा आईडी प्रूफ लेकर आएंगे।

## टाटानगर स्टेशन डायरेक्टर एएल राव ने संभाला पदभार, 15 मार्च से था पद रिक्त



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटानगर रेलवे स्टेशन के नए डायरेक्टर के रूप में शनिवार को एएल राव ने अपना पदभार संभाल लिया है. इस बीच उनका स्वागत स्टेशन के अधिकारियों ने गर्मजोशी से किया. पदभार संभालते ही उन्होंने स्टेशन के सभी मातहत के साथ आवश्यक बैठक की और जानकारियां लेने के साथ-साथ आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया. एएल राव पहले चक्रधरपुर रेल मंडल में एओएम के पद पर कार्यरत थे. वहीं से उनका ट्रांसफर टाटानगर स्टेशन डायरेक्टर के रूप में किया गया है. नए स्टेशन डायरेक्टर एएल राव ने बातचीत में कहा कि टाटानगर रेलवे स्टेशन के ट्रेनों के समय पर चलाना उनकी प्राथमिकता होगी. इसके अलावा यात्री सुविधाओं पर भी ध्यान देने के साथ-साथ स्टेशन की साफाई व्यवस्था पर भी नजर रहेगी. इसके लिए वे सभी विभाग के लोगों से सहयोग भी लेने का काम करेंगे. गौरतलब है कि टाटानगर स्टेशन में 15 मार्च से ही स्टेशन डायरेक्टर का पद रिक्त है. रघुवंश कुमार का तबादला होने के बाद से ही बिना स्टेशन डायरेक्टर के ही टाटानगर स्टेशन चल रहा था.

## बेरोजगार शिक्षित टेम्पो संघ ने कांड्रा में खोला निःशुल्क प्याऊ



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप में आम राहगीरों की सुविधा के लिए कांड्रा स्टेशन टेम्पो स्टैंड के समीप बेरोजगार शिक्षित टेम्पो संघ की ओर से निःशुल्क प्याऊ खोला गया। इसका उद्घाटन आरपीएफ प्रभारी अस्मित वर्मा ने फीता काटकर किया। उन्होंने संघ के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस भीषण गर्मी में लोगों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराना बहुत ही पुण्य कार्य है। इस मौके पर आम राहगीरों व यात्रियों के बीच चना-गुड़ का वितरण भी किया। इस मौके पर संघ के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# वोट का अपमान करने वाले को जनता सबक सिखाएगी : जोबा माझी

## महागठबंधन प्रत्याशी जोबा माझी ने सरायकेला विस क्षेत्र का किया दौरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**सरायकेला :** सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से इंडिया महागठबंधन की प्रत्याशी जोबा माझी ने शनिवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के विधानसभा क्षेत्र सरायकेला का दौरा किया। प्रत्याशी जोबा माझी ने झारखंड सरकार और स्वयं महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की मंत्री रहते छात्र, बुजुर्ग, दिव्यांग और आम जनता के लिए विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने विपक्षी पार्टियों पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग पांच साल तक क्षेत्र की उपेक्षा की, कभी जनता के दुख दर्द की सुधि नहीं ली और वोट का अपमान किया ऐसे लोगों को चुनाव में सबक सिखाना है। जोबा माझी ने ग्रामीणों से लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण की रक्षा के लिए इंडिया महागठबंधन को साथ देने की अपील की। इस दौरान गांवों में पहुंचने पर प्रत्याशी जोबा माझी का क्षेत्रवार ग्रामीणों सहित झामुमो एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। सरायकेला प्रखंड के छोटा थोलको, हुंडगदा, पाठानमारा, पाम्पड़ा, बिरसा चौक, बड़बिल चौक, कीता, गोविन्दपुर, भुरकुली, मुकुन्दपुर, लुपुंगडीह, पंडरा, बुन्डू, ईटाकुदर, नवाडीह आदि क्षेत्रों का दौरा किया। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, बड़ा बाबू सिंहदेव, राज बक्शी, राजेन मुर्मू, मुकेश मुदिया, मंगल कंडायबुरु, दुबराज पूर्ति, जितेन गोप, बिहारी लाल सरदार, मोहम्मद जफर, अनामिका सरकार समेत काफी संख्या में झामुमो-कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चुनावी खर्च पर रहेगी पैनी नजर : अनन्य मित्तल

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने चुनाव में प्रत्याशियों के व्यय की निगरानी को लेकर की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**जमशेदपुर :** शनिवार को समाहरणालय सभागार, जमशेदुपर में जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में चुनाव व्यय की निगरानी के सम्बंध में बैठक आहूत की गई । उप विकास आयुक्त मनीष कुमार एवं परियोजना निदेशक आईटीडीए सह वरीय पदाधिकारी व्यय लेखा कोषांग दीपांकर चौधरी बैठक में मौजूद रहे। बैठक में सभी छह विधानसभा क्षेत्र के सहायक व्यय पर्यवेक्षक (एईओ) व लेखा दल के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों एवं प्रत्याशियों के द्वारा प्रचार-प्रसार एवं अन्य कार्यों हेतु किए जाने वाले खर्चों के निगरानी से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही खर्चों का रिकॉर्ड संधारण के लिए अलग-अलग रजिस्टर बनाने का निर्देश दिया गया ।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि चुनाव में प्रत्याशियों द्वारा किए जाने वाले खर्च पर पैनी नजर रखें । प्रत्याशियों के लिए अधिकतम खर्च की सीमा 95 लाख रू. निर्धारित है । प्रत्याशियों के द्वारा किए गए प्रत्येक व्यय का नित प्रतिदिन अलग-अलग रजिस्टर में संधारित करना है । तथा निर्धारित तिथि को राजनीतिक दल/ प्रत्याशी के प्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन के व्यय निगरानी दल चुनावी खर्च के लेखा जोखा को आपस में मिलान करेगी। उन्होंने सभी टीमों को तकनीकी आधार पर संपूर्ण कार्यों के निष्पादन पर भी जोर दिया।

पी.डी आईटीडीए सह वरीय पदाधिकारी व्यय लेखा कोषांग ने कहा कि जिला के लिए व्यय पर्यवेक्षक नामित हो चुके हैं। व्यय निगरानी दल अभ्यर्थी द्वारा किए जा रहे सभी प्रकार के खर्चों का बारीकी से अवलोकन करना और उन्हें रजिस्टर में विधिवत अंकित करना सुनिश्चित करेंगे इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि नहीं होना चाहिए।

## भाजपा प्रत्याशी विद्युत महतो 30 अप्रैल को जमशेदपुर लोकसभा सीट से दाखिल करेंगे नामांकन

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सह निवर्तमान सांसद विद्युत वरण महतो आगामी 30 अप्रैल (मंगलवार) को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इस संबंध में जमशेदपुर लोकसभा मीडिया प्रबंधन विभाग के अनिल मोदी एवं प्रेम झा ने संयुक्त रूप से बताया कि 30 अप्रैल को सांसद विद्युत वरण महतो एवं अन्य नेतागण सुबह 10 बजे साकची स्थित बोधी मंदिर मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके लिए सुबह से ही कार्यक्रम स्थल पर कार्यकर्ताओं का जुटना प्रारंभ हो जाएगा। वहीं, नामांकन समारोह में एनडीए के घटक दलों के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ शहर के कई सामाजिक संगठन से जुड़े लोग शमिल होंगे। इस विशाल जनसभा में भाजपा के वरीय नेताओं के संग एनडीए के कई अन्य नेताओं के शामिल होने की संभावना है।

# सोनारी राजस्थान भवन में संगीतमय सुंदरकांड पाठ आयोजित, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** शनिवार की देर शाम को शहर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था भायली महिला मण्डल सोनारी एवम श्री श्री श्याम भटली परिवार जमशेदपुर के संयुक्त तत्वावधान में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन सोनारी राजस्थान भवन में किया गया। सोनारी राजस्थान भवन में श्री हनुमानजी का दरबार सजाया गया था। यजमान मंजु-प्रदीप अग्रवाल और पायल-गगन रूस्तगी ने पूजा की और विपिन पंडित ने विधिवत रूप से पूजा करायी और सबको रक्षा सूत्र बांधा। सबसे पहले भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना की गई। साथ ही समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक कार्यो में उत्कृष्ट सेवा के लिए रानी गुप्ता एवं सुष्मिता सरकार को भायली महिला मण्डल द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सुन्दरकाण्ड पाठ का संगीतमय वाचन स्थानीय भजन गायक महाबीर अग्रवाल मुन्ना एवम् टीम के द्वारा प्रस्तुत किया गया। संगीतमय सुंदरकांड का प्रभावी पाठ सुन श्रोता भक्ति भाव से विभोर हो गए। श्रद्धालु पूरे समय तालियां बजाकर सुंदरकांड की चौपाई दुहराते रहे। भजन गायक महाबीर अग्रवाल ने गणेश वंदना गौरी नंदन थारो अभिनंदन... से संगीमतय सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया। उन्होंने जय जय पित्तर जी महाराज..., राम सिया राम सिया राम राम..., आदि भजनों की शानदार प्रस्तुति देकर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। भजनों से भावविभोर हुए भक्तों ने नृत्य भी किया। देर संध्या हनुमानजी की महाआरती की गई। इसके बाद उपस्थित भक्तों के बीच प्रसाद वितरित किया गया। सैकड़ो की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में कविता अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, मैना अग्रवाल, बिमला अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, ललीत डाँगा, पंकज छावछरीया, पवन अग्रवाल, बिनोद डंकबाजिया, प्रवीण भालोटिया, मनीष सिंघानिया, मदन अग्रवाल, मनोज पलसानिया, नीलम नागेंलिया, उमा डांगा, संजना अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, कविता अग्रवाल कदमा, सीमा डंगबाजिया, लता अग्रवाल, झुमकी अग्रवाल, राधा अग्रवाल, लक्ष्मी अग्रवाल, काजू अग्रवाल, प्रीति झाझरिया, राजश्री हरुपका, स्वाति अग्रवाल, भारती अग्रवाल आदि का योगदान रहा।

# सरायकेला जिला खनन विभाग की बड़ी कार्रवाई 20 लाख सीएफटी अवैध बालू व तीन ट्रैक्टर जब्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**तिरूलडीह/ ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के कुकड़ प्रखंड क्षेत्र के तिरूलडीह थाना के सुवर्णरेखा नदी घाटों में अवैध बालू उत्खनन, परिवहन व भंडारण के खिलाफ शुक्रवार को रात को जिला खनन पदाधिकारी (डीएमओ) ज्योति शंकर सतपथी के नेतृत्व में तिरुलडीह क्षेत्र के स्वर्णरेखा नदी घाट पर सघन छापामारी अभियान चलाया गया ।छापामारी अभियान में विभाग को बड़ी सफलता हाथ लगी है। रातभर छापामारी अभियान चलाने के बाद शनिवार की सुबह को कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान जिला खनन पदाधिकारी ने छापामारी अभियान के दौरान तिरुलडीह में अवैध रूप से भंडारण किए गए 20 लाख सीएफटी बालू जब्त किया है। इसके साथ ही गैरकानूनी रूप से बालू ले जा रहे तीन ट्रैक्टर भी जब्त किया है। तीनों ट्रैक्टर तिरुलडीह सुवर्णरेखा नदी से बालू उठा रहे थे ।वहीं बालू का अवैध भंडारण भी सुवर्णरेखा नदी के निकट ही किया गया था। छापामारी अभियान के दौरान जिला खनन पदाधिकारी ने सुरक्षा को लेकर जिला मुख्यालय से भी पुलिस बल साथ लेकर चले थे। छापामारी अभियान के दौरान तिरुलडीह थाना की पुलिस भी मौजूद थी। छापामारी के बाद तिरुलडीह थाना में तीन ट्रैक्टर के मालिक व चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। वहीं बालू का अवैध भंडारण करने के खिलाफ अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार डीएमओ ज्योति शंकर सतपथी ने कहा कि बालू का अवैध भंडारण करने वालों का पता लगाकर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अवैध रूप से भंडारण किए गए जमीन के मालिक और अवैध भंडारण और बालू कारोबारी की जांच कर चिन्हित किया जा रहा है और उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बालू खनन, परिवहन व भंडारण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई किए जाने से बालू माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं डीएमओ ईचागढ़ थाना क्षेत्र के जारगोडीह में जेएसएम डीसी के बालू यार्ड का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बालू घाट प्रभारी को भी कई निर्देश भी दिया।

# सोनारी मंडल का बूथ कार्यकर्ता संग बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार की अध्यक्षता में सोनारी गुदरी बाजार भाजपा कार्यालय में बूथ कार्यकर्ता के साथ संगठनात्मक बैठक हुई सम्पन्न हुई। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि जमशेदपुर के सांसद सह प्रत्याशी विद्युत वरण महतो के प्रति लोगो का प्यार और स्नेह देखते ही बन रहा है, सांसद भी जनता और कार्यकर्ताओं के प्रति अपने जिम्मेवारी और उत्तरदायित्व का निर्वाहन सहज भाव से करते हुए नजर आते है।बैठक में मुख्य रुप से भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश मिडिया प्रभारी सोनु ठाकुर, जिला कार्यसमिति सदस्य रीता सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष पूरण वर्मा, निपेंदर सिन्हा, वरिष्ठ नेता महावीर सिंह,वरिष्ठ नेता रवि ठाकुर, ओपी सिंह, अभिषेक दै, नारायण प्रसाद,संजय रजक, सतेन्द्र सिंह यादव,कृष्णा यादव, शुशील हेसा,सरीता लाल, शंकर राय, सुजीत आदित्य, दिपक नाग संजय मुंडा, नेहा साहू, कबिता मुंडा, राहुल भट्टाचार्य, राहुल सिंह,नरेश प्रसाद, रमेश प्रसाद, काजल मुखर्जी,बिराज दै,डाक्टर दिपक घोष, टी डी गांगुली, लालू सिंह, एवं मंडल के पदाधिकारी गण सह पार्टी वरिष्ठ, कनिष्ठ,कार्यकर्ता शामिल रहे। बैठक का संचालन मंडल के महामंत्री नारायण प्रसाद ने की एवं धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष संजय रजक ने की।

## एनटीटीएफ गोलमुरी में चला मतदान जागरूकता अभियान



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर लोकसभा चुनाव में 25 मई शनिवार को होने वाले मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर गोलमुरी स्थित एनटीटीएफ आर डी टाटा टेक्निकल इंस्टिट्यूट में शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारी विद्यार्थियों एवम संस्थान से जुड़े हर सदस्य को मतदान की शपथ दिलाई गई। अभियान का आयोजन प्राचार्य प्रीता जॉन एवं उप प्राचार्य रमेश राय के नेतृत्व में किया गया। मतदान हेतु आयोजित जागरूकता अभियान में सर्वप्रथम प्राचार्य एवं उप प्राचार्य ने अपने संबोधन में सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों से 25 मई के दिन लोकसभा चुनाव के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आग्रह किया. उन्होंने कहा कि एक सफल प्रजातंत्र के लिए हर एक वोट जरूरी है इसलिए इस दिन अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें एवं अपने आसपास के लोगों को भी मतदान हेतु जागरूक करने के का सततरू प्रयास करें. मौके पर दीपक सरकार, वरुण कुमार, नकुल कुमार मंजुला प्रीति आचार्य पंकज कुमार गुप्ता हरेश मंजर के साथ-साथ सभी शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे.

## लावा में आयोजित महिला छऊ नृत्य में उमड़ी भीड़



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा के लावा गांव स्थित सार्वजनिक शिव मंदिर में वार्षिक शिव चड़क पूजा का आयोजन शुक्रवार को संपन्न हुआ। इस संबंध में ग्राम प्रधान बृंदावन दास ने बताया कि इस वर्ष की विशेषता यह रही कि कार्यक्रम का आयोजन गांव की महिला समूहों द्वारा किया गया। शाम को जांगाल कार्यक्रम के बाद गांव की महिलाएं उपवास में रहकर शिवजी की पूजा-अर्चना की। इसके बाद रात्रि पौने 12 बजे से पश्चिम बंगाल से आई दो महिला टीमों द्वारा शनिवार की सुबह 7 बजे तक छऊ नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसमें हजारों की संख्या में आसपास के गांवों की महिलाएं शामिल हुईं और कार्यक्रम का आनन्द उठाया। कार्यक्रम के सफल संचालन में बृंदावन दास, हृदय कुंभकार, श्यामल गोराई, उदय सिंह, शत्रुघन सिंह, विजय कुमार सिंह, लक्खी कुंभकार, रेखा कुंभकार, शंकुरी गोराई, गीतारानी दास, सुजाता सिंह, सुमित्रा गोराई, काजल गोराई, सिमती सिंह, लक्ष्मी सिंह व रातुली सिंह आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## जेवियर स्कूल गम्हरिया में आयोजित प्राइज नाइट कार्यक्रम में 400 बच्चें पुरस्कृत




**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जेवियर स्कूल गम्हरिया में शनिवार को प्राइज नाइट- 2023-24 का आयोजन किया गया। समारोह का उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित टाटा स्टील मेल्टिंग शाप के प्रमुख मुकुंद झा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। उन्होंने कहा कि बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है, जरुरत है उसे निखारने की। सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित विद्यालय के पूर्व प्रधानाध्यापक ईआरसी निदेशक फादर कुरुविला एसजे ने कहा कि लगन और मेहनत ही सफलता की कुंजी है। प्रिंसिपल सेबेस्टियन पुथेनपुरा एसजे ने कहा कि कड़ी मेहनत के बल पर ही बच्चे सफलता हासिल कर सकते हैं। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 400 से अधिक छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। इस मौके पर एक्सआईटीई कालेज के प्रिंसिपल फादर डॉ ईए फ्रांसिस, वाइस प्रिंसिपल फादर दयानिधि, सिस्टर रेशमी, ब्रदर अमलराज समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, बच्चे व काफी संख्या में अभिभावकगण उपस्थित थे।

## विशेष लोक अदालत में बिजली के 81 एवं एनआई एक्ट के 11 मामलों का हुआ निष्पादन



**सरायकेला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झालसा, रांची एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सरायकेला के तत्वाधान में निशुल्क सुलभ और त्वरित न्याय के लिए आयोजित की जाने वाली विद्युत अधिनियम और एन आई एक्ट से संबंधित वादों के निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत मे 81 बिजली और 11 एन आई एक्ट मामलों का निष्पादन किया गया। बिजली से सम्बंधित वादों में कुल 8,12,000 रुपये की प्राप्ति हुई जबकि एनआई एक्ट के वादों से लगभग 42 लाख की प्राप्ति हुई। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तौसीफ मेराज ने बताया कि 22 अप्रैल 2024 से प्रारंभ इस विशेष लोक अदालत का आज समापन किया गया। इसी क्रम झालसा रांची के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय सरायकेला एवं अनुमंडलीय न्यायालय चांडिल में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा अप्रैल महीने के लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें 13 मामलों का निष्पादन किया गया जो पुलिस एक्ट, बिजली, फारेस्ट,एक्साइज डिपार्टमेंट आदि से संबंधित थे तथा 30,850 रुपए की प्राप्ति हुई।

## केरला समाजम स्कूल के 11वीं के रिटेस्ट में 25 बच्चों को किया गया प्रमोट



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** केरला समाजम मॉडल स्कूल के 11वीं रिटेस्ट में कुल 25 बच्चों को प्रमोट किया गया है. बता दें कि कांग्रेस नेता बबलू झा ने स्कूल में बच्चों के फेल होने के मामले को गंभीरता से लिया था. इस मामले में एसडीओ पारुल सिंह से वार्ता हुई थी. उनके आदेश पर केरला समाजम मॉडल स्कूल के 9वीं और 11वी के बच्चों का पुनः परीक्षा लिया. इस परीक्षा का परिणाम शनिवार को घोषित किया गया, जिसमें स्कूल के 11वीं के 25 बच्चों को प्रमोट किया गया. इस मामले में जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष बबलू झा ने कहा कि इन 25 छात्रों के अभिभवको में खुशी की लहर है और जिन बच्चों को प्रमोट नहीं किया गया है उनके अभिभावकों को स्कूल प्रबंधनों द्वारा रि टेस्ट का पेपर दिखाया जाएगा, ताकि निष्पक्ष एवं पारदर्शिता पर कोई सवाल ना उठे. वहीं 2 दिनों में 9वीं कक्षा का भी परिणाम आ जाएगा. इसके लिये बबलू झा ने एसडीओ के साथ डीएसओ, केरला समाजम मॉडल स्कूल, गोलमुरी प्रबंधन को अभिभावकों के संग तहे दिल से धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया. इस मामले में पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी जिला अध्यक्ष नगर धर्मेंद्र सोनकर एवं राइस रिजवी छब्बन उपाध्यक्ष, अल्पसंख्यक विभाग झारखंड कांग्रेस प्रदेष कमिटी ने भी अभिभावकों के संग अहम भूमिका निभाई.

## लावजोड़ा में तीन दिवसीय चड़क मेला आज से

**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोड़ाम थाना क्षेत्र अंतर्गत लावजोड़ा गांव में तीन दिवसीय वार्षिक चड़क मेला का आयोजन रविवार को (बांग्ला 15 वैशाख) शुरू होगा। इसमें पहला दिन शाम से शिव पूजा एवं जागरण कार्यक्रम के रूप छऊ नृत्य होगा। जबकि दूसरे दिन सुबह से ही भोक्ता घूरा, चड़क मेला एवं रात्रि में छऊ नृत्य तथा तीसरे दिन तेल हल्दिया व रजनी फूंड़ा कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस बीच रविवार एवं सोमवार को कोल्हान के प्रसिद्ध हाथीखेदा मंदिर में पूजा कार्यक्रम बंद रहेगा एवं मंगलवार से पुनः पूजा-अर्चना शुरू होगी। इस संबंध में गांव के पवन गोराई ने बताया कि इस तीन दिवसीय वार्षिक मेला में भीषण गर्मी के बावजूद हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। उन्होंने बताया कि कमेटी की ओर से व्यापक तैयारियां की गई है।

विचार मंथन

संपादकीय

# 'मंगलसूत्र' की सियासत

प्रधानमंत्री मोदी ने 'हिंदू-मुसलमान' बयान देकर लोकसभा चुनाव को आक्रामक बना दिया है। हिंदू माताओं, बहनों के 'पवित्र मंगलसूत्र' और सोना-चांदी के जवाहरात को लेकर प्रधानमंत्री ने कांग्रेस की जो घेराबंदी की है, उससे चुनाव के आगामी चरणों की दशा-दिशा तक बदल सकती है। ध्रुवीकरण ऐसा देखा-महसूसा जा सकता है कि चुनाव दोफाड़ हो जाएं! सवाल है कि प्रथम चरण के कम मतदान ने भाजपा का आत्मविश्वास क्या यहां तक हिला दिया है कि पार्टी को अपने आजमाए, पुराने 'हिंदू-मुस्लिम' फॉर्मूले की सियासत पर लौटना पड़ा है? क्या भाजपा के बुनियादी मतदाता ने प्रधानमंत्री मोदी से ऐसी ही आक्रामक और सांप्रदायिक टिप्पणी की अपेक्षा की थी? प्रधानमंत्री ने यह सार्वजनिक बयान देकर खासकर हिंदू महिलाओं को उकसाने की कोशिश की है कि मां-बहनों के 'मंगलसूत्र' और सोने-चांदी के गहनों को छीन कर ज्यादा बच्चे पैदा करने वालों, मुसलमानों और घुसपैठियों में बांट दिए जाएंगे। नौकरीपेशा लोगों के कमाए हुए धन और जमीन-मकान का भी सर्वे कराया जाएगा। यदि आपके पास दो घर हैं, तो एक घर छीन लिया जाएगा और उसे मुसलमानों में बांट दिया जाएगा। कांग्रेस की यह नक्सलवादी सोच उसके चुनाव घोषणा-पत्र में साफ दिखती है। क्या आप ऐसी सरकार बनने देंगे? देश के आर्थिक संसाधनों पर 'शहरी नक्सलियों' का कब्जा होगा। बेहद अहम सवाल तो यह है कि प्रधानमंत्री मोदी ने मुसलमानों को 'घुसपैठिया' क्यों कहा? देश की करीब 15 फीसदी आबादी अल्पसंख्यक जरूर है, लेकिन मुसलमान भी देश के नागरिक हैं। उनके भी संवैधानिक, मौलिक अधिकार हैं। यदि प्रधानमंत्री ने रोहिंग्या का जिक्र किया है, तो उनका स्पष्ट नाम लेना चाहिए था। यह मुद्दा तो संसद तक में गूंजता रहा है। प्रधानमंत्री ने किस आधार पर ऐसा बयान दिया है कि हिंदू माताओं-बहनों के 'मंगलसूत्र' तक बांट दिए जाएंगे? प्रधानमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के 9 दिसंबर, 2006 को 'राष्ट्रीय विकास परिषद' की बैठक में दिए गए बयान की व्याख्या भी गलत की है। डॉ. सिंह ने तब नई योजनाओं के संदर्भ में दलित, आदिवासी, ओबीसी, महिलाओं और बच्चों के संग मुस्लिम अल्पसंख्यकों की भी बात कही थी। देश के संसाधनों पर मुस्लिम अल्पसंख्यक सबसे पहला दावा करते रहे हैं, पूर्व प्रधानमंत्री ने उन पर भी सोचने की बात कही थी। संसाधनों पर प्रथम अधिकार किसी भी समुदाय का नहीं हो सकता। तब पूर्व प्रधानमंत्री के बयान की भी तीखी आलोचना की गई थी। एक समुदाय के प्रति कांग्रेस की प्रतिबद्धता हो सकती है। भाजपा की प्रतिबद्धता बहुसंख्यक हिंदुओं के प्रति है। प्रधानमंत्री का सूत्रवाक्य 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास...' भी सवालिया होता लगता है। वैसे भी 17 साल 4 महीने पुराना बयान आज अप्रासंगिक है, क्योंकि बीते 10 साल से तो देश में मोदी सरकार है। उसकी नीतियां देश के सामने हैं। कांग्रेस के चुनाव घोषणा-पत्र में ऐसा कोई भी वायदा नहीं है, जैसा प्रधानमंत्री ने बताया है। 'मंगलसूत्र' छीनने और बांटने की भी घोषणा नहीं की गई है। यह व्याख्या प्रधानमंत्री ने की है। बेशक जातीय जनगणना, जातियों-उपजातियों की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों का पता लगाने, मुसलमानों के सशक्तिकरण, सर्वे के आधार पर भागीदारी और अधिकार तय करने की बात घोषणा-पत्र में है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हैदराबाद की रैली में कहा था कि यह आर्थिक सर्वे भी कराया जाएगा कि किस वर्ग के पास कितना धन है। इसमें मां-बहनों के 'मंगलसूत्र' और गहने कहां से आ गए? राहुल गांधी ने आर्थिक असमानता की बात कही थी, जो गलत नहीं है। जब कोई सरकार ऐसी नीति बनाएगी कि अरबपतियों के कमाए धन को आम जनता में बांटा जाएगा, तो उसके निपटारे के लिए संसद और सर्वोच्च अदालत मौजूद हैं। भारत कोई 'केला गणतंत्र' नहीं है। चुनाव के दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को है और भाजपा ने अपने काडर और नेताओं में 'मंगलसूत्र' और आम आदमी की कमाई को लूट कर बांटने की सियासत फूंक दी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने प्रधानमंत्री से मुलाकात का वक्त मांगा है, ताकि वह अपने घोषणा-पत्र का स्पष्टीकरण दे सकें। वह प्रधानमंत्री की भी सफाई मांग सकते हैं कि ऐसा कहां लिखा गया है, जो आपने उद्धृत किया है।


हिंदू माताओं, बहनों के 'पवित्र मंगलसूत्र' और सोना-चांदी के जवाहरात को लेकर प्रधानमंत्री ने कांग्रेस की जो घेराबंदी की है, उससे चुनाव के आगामी चरणों की दशा-दिशा तक बदल सकती है। ध्रुवीकरण ऐसा देखा-महसूसा जा सकता है कि चुनाव दोफाड़ हो जाएं! सवाल है कि प्रथम चरण के कम मतदान ने भाजपा का आत्मविश्वास क्या यहां तक हिला दिया है कि पार्टी को अपने आजमाए, पुराने 'हिंदू-मुस्लिम' फॉर्मूले की सियासत पर लौटना पड़ा है? क्या भाजपा के बुनियादी मतदाता ने प्रधानमंत्री मोदी से ऐसी ही आक्रामक और सांप्रदायिक टिप्पणी की अपेक्षा की थी? प्रधानमंत्री ने यह सार्वजनिक बयान देकर खासकर हिंदू महिलाओं को उकसाने की कोशिश की है कि मां-बहनों के 'मंगलसूत्र' और सोने-चांदी के गहनों को छीन कर ज्यादा बच्चे पैदा करने वालों, मुसलमानों और घुसपैठियों में बांट दिए जाएंगे।


# मछुआरों, महिलाओं और स्थानीय संस्कृति का सहारा

उमेश चतुर्वेदी

अपने दम पर बहुमत के साथ लगातार दो बार से केंद्रीय सत्ता को संभाल रही भारतीय जनता पार्टी के लिए तमिलनाडु और केरल अब तक प्रश्न प्रदेश रहे हैं। इस लिस्ट में 25 सीटों वाले आंध्र प्रदेश को भी शामिल किया जा सकता है। 'अबकी बार चार सौ पार' के नारे में दक्षिण का अभेद्य बना किला फतह करने की कोशिश भी शामिल है। पार्टी को पता है कि जब तक वह अभेद्य समझे जाने वाले दक्षिण के दुर्ग में जोरदार सेंध नहीं लगाएगी, उसका यह नारा जमीनी हकीकत के नजदीक नहीं पहुंच पाएगा। यही वजह है कि पार्टी का शिखर नेतृत्व लगातार तमिलनाडु पर अपना ध्यान फोकस किए हुए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की दक्षिण भारत की लगातार जारी चुनावी और सामान्य यात्राएं इन्हीं कोशिशों का उदाहरण है। तमिलनाडु में चुनाव बीत चुके हैं। राज्य के चुनाव नतीजों को लेकर अटकलबाजी और दावे-प्रतिदावों का दौर जारी है। तमिलनाडु में मौजूदा सत्ताधारी डीएमके का मोर्चा बढ़त की उम्मीदे पाले हुए है तो बीजेपी इस बार बड़ी सेंध लगाने का दावा कर रही है। बीजेपी के दावे की वजह है, प्रधानमंत्री की सभाओं में उमड़ती रही भीड़। जिसे बढ़ाने में अमित शाह अपनी ओर से जोर देते रहे। लोकसभा सीटों के लिहाज से दक्षिण भारत के सबसे बड़े राज्य तमिलनाडु में 2019 के आम चुनावों में भी अमित शाह ने पूरा जोर लगाया था। फिर भी पार्टी को 2014 के साढ़े पांच प्रतिशत के मुकाबले महज 3.6 फीसद वोट से ही संतोष करना पड़ा था। राज्य में इस बार चुनाव हो चुका है। जिस तरह मोदी और शाह की जोड़ी ने इस बार राज्य में जोर लगाया, इसकी वजह से इस बार पार्टी की उम्मीदें बढ़ी हुई हैं। इसकी वजह है पार्टी की अरसा पहले से जारी तैयारी और तमिलनाडु में तेज-तर्रार और युवा अन्नामलाई के हाथ में पार्टी की कमान। अन्ना मलाई की सभाओं में उमड़ती रही भीड़ पार्टी की उम्मीदों को परवान चढ़ाने में मददगार बनती रही। अन्ना मलाई ने सात महीने तक 'एन मन, एन मक्कल' नाम से राज्यव्यापी यात्रा की, जिसमें खूब भीड़ जुटी। इस यात्रा की बीजेपी हलके में



महत्ता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसका समापन खुद प्रधानमंत्री मोदी ने किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अन्ना मलाई का नाम अपनी सभाओं में खूब लेते हैं। अन्ना मलाई को उस कोयंबटूर सीट से मैदान में उतारा गया है, जिस पर 1998 और 1999 में पार्टी का कब्जा रहा। उस वक्त इस सीट की नुमाइंदगी करने वाले सीपी राधाकृष्णन इन दिनों झारखंड के राज्यपाल हैं। उनके जिम्मे तेलंगाना के राज्यपाल और पुदुचेरी के उपराज्यपाल का चार्ज भी है। जब सीपी राधाकृष्णन कोयंबटूर से सांसद चुने गए थे, तब वे 41 साल के युवा थे। यह संयोग है कि कुछ और कि अन्ना मलाई इन दिनों चालीस की उम्र पूरी करने वाले हैं। यानी अगर कोयंबटूर से वे जीतते हैं तो वे भी सीपी राधाकृष्णन की तरह युवा ही होंगे। भारतीय जनता पार्टी की शिखर यात्रा की ओर जब हम देखते हैं तो पता चलता है कि उसने जिस राज्य में भी पैर जमाया, वहां वह पहले छोटे भाई की भूमिका में रही। बाद में वह अपना प्रभाव बढ़ाते हुए बड़े भाई की भूमिका में आ जाती है और मौका मिलते ही शिखर पर पहुंच जाती है। दो चुनाव पहले तक बीजेपी हरियाणा और पश्चिम बंगाल में इंडियन नेशनल लोकदल और तृणमूल कांग्रेस के छोटे भाई की भूमिका में रही। बाद में उसने प्रभाव बढ़ाया। अब हालत यह है कि हरियाणा में इंडियन नेशनल लोकदल अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही है तो तृणमूल कांग्रेस उसकी चुनौती से पार पाने का उपाय खोज रही है। कुछ ऐसी ही स्थिति महाराष्ट्र में रही। पहले वह शिवसेना की बी टीम की तरह काम करती रही और पिछले कुछ चुनावों से वह पहले नंबर पर आ गई है। पंजाब में इसी तरह वह 1997 से लगातार शिरोमणि अकाली दल की बी टीम रही और इस बार उसने खुद को अकेले मैदार में उतार दिया है। कुछ इसी अंदाज में पार्टी तमिलनाडु में भी 1998 में डीएमके के साथ रही तो 1999 में एडीआईएमके की जूनियर पार्टनर बनी। 2014 तक वह अन्ना द्रमुक के साथ रही, लेकिन अब वह तकरीबन अकेले दम पर आगे आ रही है। हाल के दिनों में पार्टी तार्किक रणनीति के साथ मैदान में उतरती रही है। उसके वायदों और शासन के तरीके पर सवाल जरूर उठ सकते हैं, लेकिन रणनीतिक कदम के लिए उसकी प्रशंसा करनी होगी। प्रश्न प्रदेश बने तमिलनाडु को हल करने के लिए पार्टी ने अरसा पहले काम शुरू कर दिया था। केंद्रीय सत्ता संभालने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने एक कार्यक्रम शुरू कराया, एक भारत, श्रेष्ठ भारत। इसके जरिए राज्यों को उनके पारंपरिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक रिश्तों के साथ जोड़ना शुरू किया। इसके तहत तमिलनाडु का काशी से संगम शुरू हुआ। काशी भगवान भोलेनाथ की नगरी है और तमिलनाडु में शैव परंपरा को मानने वालों की अच्छी-खासी संख्या है। महाशिवरात्रि के वक्त काशी में तमिलनाडु, आंध्र और कर्नाटक के यात्रियों की बाढ़ रहती है। काशी और तमिलनाडु के करीबी रिश्तों के जरिए प्रधानमंत्री मोदी ने तमिल दिलों में उतरने की कोशिश साल 2022 में तेज की। काशी-तमिल संगमन इसकी अगली कड़ी के रूप में सामने आया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु में विकास योजनाओं की तेजी लाने की कोशिश की। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार द्वारा शुरू की गई स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना को पूरा करने का आश्वासन के साथ ही मछुआरों के कल्याण पर काम तेज हुए। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु में रोड शो किए। तमिलनाडु ऐसा राज्य है, जहां की 87 फीसद आबादी हिंदू है।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की दक्षिण भारत की लगातार जारी चुनावी और सामान्य यात्राएं इन्हीं कोशिशों का उदाहरण है। तमिलनाडु में चुनाव बीत चुके हैं। राज्य के चुनाव नतीजों को लेकर अटकलबाजी और दावे-प्रतिदावों का दौर जारी है। तमिलनाडु में मौजूदा सत्ताधारी डीएमके का मोर्चा बढ़त की उम्मीदे पाले हुए है तो बीजेपी इस बार बड़ी सेंध लगाने का दावा कर रही है। बीजेपी के दावे की वजह है, प्रधानमंत्री की सभाओं में उमड़ती रही भीड़।


दृष्टि कोण

# मुइज्जू और मालदीव की मुश्किलों के बीच नहीं होगा भारत की नीतियों में बदलाव

बीते 21 मई को मालदीव में संसदीय चुनाव हुआ, जिसमें इस्लामी राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जू के गठबंधन पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) ने भारी जीत हासिल की, जिसने प्रोग्रेसिव पार्टी ऑफ मालदीव (पीपीएम) के साथ गठबंधन किया था। आरोप हैं कि चीनी पैसे के बल पर नतीजे बदल दिए गए। मालदीव की संसद में कुल 93 सीटें हैं, जिनमें मतदाताओं की संख्या कहीं 1,000 से भी कम है, तो कहीं 3,000 से थोड़ा ज्यादा। निवर्तमान पीपुल्स मजलिस ने मुइज्जू की कई पहलों के साथ-साथ नामांकित कैबिनेट सदस्यों की नियुक्ति को भी रोक दिया था। अब कम से कम कुछ महीनों तक राष्ट्रपति समर्थक और विरोधी सांसदों को मारपीट करते हुए नहीं देखा जा सकता है। वर्ष 2023 में मुइज्जू इंडिया आउट अभियान चलाकर राष्ट्रपति का चुनाव जीते थे। यही वजह है कि अंतरराष्ट्रीय मीडिया और उनके कुछ भारतीय पिछलग्गू इसे चीन की बहुत बड़ी जीत और भारत का भारी नुकसान बता रहे हैं, खासकर भारतीय सेना की छोटी-सी टुकड़ी के मालदीव छोड़ने के बाद। लेकिन ये विश्लेषक भ्रमित हैं, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय संबंध ऐसा खेल नहीं है, जिसमें एक पक्ष को जितना लाभ होता है, ठीक उतनी ही हानि दूसरे पक्ष को होती है। यह बार-बार साबित हो चुका है, लेकिन कुछ लोग इससे सीखना नहीं चाहते। श्रीलंका में बेहद भ्रष्ट गोटाबया राजपक्षे परिवार (जो चीन का वफादार सेवक था) का शासन 2022 के मध्य में ताश के पत्तों की तरह ढह गया। वह कोलंबो से भागकर मालदीव गए, लेकिन वहां से भी उन्हें जाने के लिए कहा गया, तो सिंगापुर गए। उन्हें चीनी आका ने छोड़ दिया। या म्यांमार का ही उदाहरण ले लीजिए। बीजिंग समर्थित सैन्य शासन लड़खड़ा रहा है, विपक्षी गठबंधन का देश के आधे से अधिक हिस्से पर नियंत्रण है। म्यांमार में दो शब्द सर्वाधिक घृणित हैं-चीन और सेना। क्या मालदीव, जो 90,000 से ज्यादा वर्ग किलोमीटर में फैले 26 प्रवाल द्वीपों के आसपास करीब 1,200 मूंगा द्वीपों से बना है, अपने भविष्य पर ध्यान देगा? यदि ग्लोबल वार्मिंग मौजूदा गति से ही जारी रही, तो मालदीव अगले एक दशक में गायब हो जाएगा। फिर क्या वहां के लोग चीन जाएंगे? मालदीव के आयात शुल्क संग्रह में भारी




गिरावट आई है, क्योंकि उसका चीन के साथ मुक्त व्यापार समझौता है। मार्च, 2024 में मालदीव के राष्ट्रपति ने भारत को अपना करीबी सहयोगी बताते हुए ऋण राहत की गुहार लगाई, क्योंकि उसकी अर्थव्यवस्था ध्वस्त हो गई है और पर्यटकों की संख्या भी 30 फीसदी कम हो गई है। बड़ी संख्या में भारतीयों द्वारा मालदीव का दौरा रद्द करने से उसके पर्यटन उद्योग में भूचाल आ गया है और आतंकवादियों से भी उसके रिश्ते उजागर हो गए हैं। फिर भी अप्रैल 2024 में, भारत से आवश्यक खाद्य पदार्थों की मांग के बाद, जिनमें कुछ ऐसे सामान भी थे, जिनके निर्यात पर प्रतिबंध है, हमने वे चीजें भेजकर दयालुता दिखाई, जबकि चीन ने केवल पीने का पानी भेजा था। मालदीव के विदेश मंत्री ने ट्वीट किया कि वह भारत की उदारता के लिए दिल से आभारी हैं। भारत ने 1980 के दशक में तख्तापलट के प्रयास को विफल करने में मालदीव की सहायता की और 2000 के दशक में जब वहां पानी का घोर संकट था, तो पेयजल की आपूर्ति की थी। फेलिक्स श्वार्जेनबर्ग ने हमें 19वीं सदी के मध्य में बताया था कि अंतरराष्ट्रीय मामलों में कृतज्ञता जैसी कोई चीज नहीं होती है। यह बात हम जानते हैं। वर्ष 2023 में आतंक समर्थक मुइज्जू ने अपने तीन कट्टर मुस्लिम मंत्रियों को हिंदू धर्म, भारत के प्रधानमंत्री और भारत के प्रति दुर्व्यवहार करने और अपने चीनी आका का पक्ष लेने के लिए कहा, क्योंकि वह चीन की यात्रा पर जा रहे थे। मुइज्जू अंतरराष्ट्रीय संस्थानों से धन चाहते हैं, लेकिन उन्होंने एक संदिग्ध चीनी कंपनी को निर्माण परियोजनाएं सौंपी हैं, जिसने कंबोडिया और अंगोला को धोखा दिया है और जो विश्व बैंक एवं एडीबी की काली सूची में है। मालदीव पर चीन का लगभग 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर बकाया है, जो उसके विदेशी ऋण का पांचवां हिस्सा है। इस्लामी देशों में सबसे छोटा देश मालदीव पैगंबर से भी अधिक इस्लामी होने की कोशिश कर रहा है, और इस प्रक्रिया में खुद को नुकसान पहुंचाता दिख रहा है। चीन इस इस्लामी देश के साथ आ तो सकता है, लेकिन श्रीलंका की तरह जल्द ही पीछे हट जाएगा, क्योंकि मालदीव एक घातक कॉकटेल के नशे में है-कट्टरपंथी इस्लाम, भारी असमानता, सड़ी हुई राजनीति, ड्रग्स और आतंकवाद। खबरों के मुताबिक, मालदीव की संलिप्तता से भारत के खिलाफ 26/11 जैसे कम से कम दो हमले हुए, जिन्हें विफल कर दिया गया। हाशिये पर रहने वाले वर्गों के दस में से नौ मालदीव के युवाओं को दुनिया के इस्लामीकरण अभियान के लिए कट्टरपंथी बनाया गया है। वर्ष 2023 में भारतीय खुफिया विभाग ने एक मुस्लिम खनन इंजीनियर (जो विस्फोटकों के बारे में जानता था) को गिरफ्तार किया, जिसने अपने कुछ इंजीनियर दोस्तों के साथ मिलकर कई शहरों में विस्फोट किया था। उसकी हैंडलर मालदीव की एक महिला थी। राष्ट्रपति बनते ही मुइज्जू तुर्किये के दौरे पर गए थे। अब यह बात उजागर हो गई है कि वह मालदीव के आईएस से जुड़े 36 युवाओं को सीरिया से माले लाने के लिए अंकारा से मदद मांगने गए थे।

कुछ अलग


# नई सरकार, ट्रांसपेरेंसी अपार

पुरानी जैसी नई सरकार जैसे ही एक्शन मोड में आई तो उसने सबसे पहले अपनी पहली गारंटी को पजामा पहनाते पुरानी सरकार की सड़ी ट्रांसपेरेंसी नीति को सिरे से खारिज करते विभाग में हज्जामों के पद भरने का निर्णय लिया। दर्जियों के पद भरने का नहीं। सबको पता है कि जो दर्जी पहले मैन को जेंटलमैन बनाने के लिए जाने जाते थे, अब वे ही उसके तन से कपड़े उतार रहे हैं। आदमी दिमाग से तो पहले ही नंगा था, अब बदन से भी नंगा हो रहा है। ऐसे में दर्जी के पद भरने का मतलब था कि जनता के पैसे की बरबादी। आदमी नंगा हो तो अच्छा लगता है, पर जो कपड़े पहन कर नंगे से भी नंगा लगे तो बुरा नहीं, बहुत बुरा लगता है। ज्यों ही हाथों में ईमानदारी से एक से एक डिग्रियां लिए बूढ़े होते हज्जामों को पता चला कि सरकार अपनी पहली गारंटी पूरी करने जा रही है तो उनके जंग लगे उस्तरे जनता के गंजे सिरों तक को नया लुक देने के लिए मचल उठे। उनके हाथ जनता की गरदन अपने हिसाब से मरोडने तोडने को खारिश करने लगे। तय तिथि को सरकार ने जनता के सिर को नया रूप देने के लिए हर विभाग में हज्जाम के पद भरने के लिए सच्ची को पहली बार पूरी ट्रांसपेरेंसी से साक्षात्कार लिए। पूरी ईमानदारी से लिए। कहीं कोई भाई नहीं, कहीं कोई भतीजा नहीं। पार्टी वर्कर तो दूर दूर तक नहीं। पुराने पैटर्न की नई सरकार चाहती थी कि उसमें पारदर्शिता आए या न, पर वह अबसे भर्तियों में पूरी पारदर्शिता लाएगी। मलमल की तरह! बहुत हो लिया साक्षात्कारों में ये कि बैठे कोई तो अपाइंटमेंट ले कोई। अब जो योग्य होगा, वही अपाइंटमेंट भी पाएगा। हे हमारे वोटरो! गए वे दिन जब अपने को सरकारी पैसे पर ऐश करवाने के लिए ही सार्वजनिक भर्तियां निकाली जाती थीं। और जब तक अपना बंधु उस पद की योग्यता पूरी नहीं कर लेता था, तब तक पद भरने का विज्ञापन नहीं निकाला जाता था। हज्जामों की नई सरकार में भर्ती की ईमानदारी से लिस्ट फाइनल से पहले की फाइनल हुई। सरकारी हज्जामों का ईमानदारी से चयन करने में पहली बार हज्जामों का चयन करने वालों के पसीने छूटे। इससे पहले तो इंटरव्यू होने से पहले ही चयनित उम्मीदवारों की लिस्ट तैयार हो जाया करती थी। हज्जामों की फाइनल लिस्ट ले वे मंत्री जी के पास पहुंचे। उन्होंने लिस्ट ऊपर से नीचे तक देखी। उसमें अपना एक भी हज्जाम न देख वे चौंके। 'तो कैसे रहे अबके इंटरव्यू?' उन्होंने अपने इंटरव्यू अधिकारी से पूछा तो वे सिर झुकाए बोले, 'सर! अबके पूरी ईमानदारी बरती गई है। ऐसी जैसी किसी लोक में भी नहीं बरती गई होगी आज तक। जैसे कि आपके आदेश थे, हम योग्य की इज्जत करते हैं। हम देश में योग्यता की पूजा करने चाहते हैं।' 'तो ये हज्जाम पूरी तरह योग्य हैं न?' 'सौ टका योग्य सर! ऐसे कि इनके हाथ से उस्तरा शत प्रतिशत जनता के बचे बाल ही काटेगा। गरदन जरा सी भी नहीं। चाहे ये आंखें बंद कर ही जनता की हजामत क्यों न करें? जैसा आप चाहेंगे, जनता के सिरों को ये वैसी ही लुक दे आपके विजन को बहुत आगे तक ले जाएंगे सर!' 'तुम्हें पूरी उम्मीद है न?' 'जी सर!' 'तो इनमें ये हमारे हज्जाम डाल दो।' 'पर सर! इनको तो उस्तरा पकडन्ना भी नहीं आ रहा था। कुछ के पास तो उस्तरों के बदले चाकू का अनुभव था।' 'तो क्या हो गया! कल को जो पद पर बैठेंगे तो उस्तरा चलाना भी सीख जाएंगे।' 'पर सर! अगर जो इन्होंने जनता की हजामत करते करते उनकी गरदन, कान काट दिए तो?' 'तो क्या हो गया! जनता की गरदन, कान कटे हुए ही अच्छे लगते हैं। बल्कि हम तो चाहते हैं कि अगली गारंटी को पूरा करते हम ऐसे डॉक्टरों की भर्ती करें जो जनता की आंखों को ठीक करने के बदले...उनकी आंखें फोड़ दें, बची जुबान भी काट दें ताकि देश में सच्चा लोकतंत्र स्थापित हो सके।'

देश दुनीया से

# बॉलीवुड और नेतागिरी

लोकसभा चुनाव नजदीक हैं। वहीं चुनाव से पहले माहौल को रोचक बनाने में सिनेमा भी कदमताल कर रहा है। अनेक स्टार पुराने चुनावों की तरह इस बार भी चुनावी मैदान में हैं। हिंदी सिनेमा इंडस्ट्री को बॉलीवुड के नाम से जाना जाता है। वहीं साउथ की फिल्मों को टॉलीवुड, कॉलीवुड और अमरीकी फिल्मों को हॉलीवुड कहा जाता है। दुनिया में सबसे ज्यादा फिल्में बनाने का रिकॉर्ड भारत के नाम है। फिल्म सिर्फ मनोरंजन का साधन ही नहीं है, बल्कि समाज से संवाद का एक बड़ा माध्यम भी है। कई फिल्में सच्ची घटनाओं पर आधारित होती हैं, जो हमें अतीत की झलक देती हैं। सिनेमा लोगों की सोच बदलने में बड़ी भूमिका निभाता है। फिल्में हमें हंसा सकती हैं, रुला सकती हैं, सोचने पर मजबूर कर सकती हैं और हमें प्रेरित कर सकती हैं। यह एक ऐसा शक्तिशाली माध्यम है, जो लोगों के जीवन को कई तरह से प्रभावित करता है। बॉलीवुड में मशहूर अभिनेताओं के राजनीति में आने की शुरुआत सबसे पहले जवाहर लाल नेहरू के समय में हुई थी। इंदिरा फाइल्स नाम की बुक में बताया गया है कि कैसे इस समय के शीर्ष नेता ने उस वक्त के जाने-माने अभिनेता दिलीप कुमार का राजनीति में इस्तेमाल किया था। सोशल मीडिया पर उपलब्ध जानीकारी के अनुसार 'एक बार इनकम टैक्स से संबंधित दिलीप कुमार का कोई केस फंस गया था तो



उन्होंने तत्कालीन शीर्ष नेता से मदद मांगी। सुनते हैं कि नेता जी ने उनकी मदद तो कर दी, मगर बदले में उस समय के महाराष्ट्र के नेता से कह दिया कि इनका इस्तेमाल करो। शायद यह पहली बार था जब किसी अभिनेता को राजनीति में शामिल किया गया। लगातार चुनावी प्रचार के लिए दिलीप कुमार को उतारा गया।' एक दौर ऐसा भी आया जब दिवंगत संजय गांधी ने चुनाव प्रचार के लिए दिलीप कुमार को रायबरेली बुलाया। दिलीप कुमार रायबरेली फुरसतगंज हवाई अड्डे पहुंच गए। वहां पहुंचकर उन्होंने दो घंटे तक इंतजार किया, लेकिन कोई लेने ही नहीं आया। फिर किसी से लिफ्ट लेकर संजय गांधी के पास पहुंचे। वहां जाकर पता चला कि रैली तो अगले दिन है। ऐसे ही कई किस्से हैं। दूसरे अभिनेताओं को भी राजनीति में शामिल किया जाने लगा। फेहरिस्त काफी लंबी है। साल 1975 में इमरजेंसी के समय सदाबहार अभिनेता किशोर कुमार और देवानंद के गाने बैन कर दिए गए थे। इससे देवानंद ने नाराज होकर सरकार के खिलाफ लडने के लिए एक राजनीतिक पार्टी बना ली थी। 1977 में इमरजेंसी हटने के बाद चुनाव से पहले तमाम फिल्मी सितारों ने एकजुट होकर सत्ता बदलने के लिए नेशनल पार्टी का गठन किया था। अभिनेता देवानंद पार्टी के अध्यक्ष थे। साल 1979 में बॉलीवुड की नेशनल पार्टी ने मुंबई के शिवाजी पार्क में पहली रैली की थी। रैली में लोगों का जनसमूह देख तमाम राजनीतिक पार्टियां हैरान रह गई थी। देवानंद के अलावा शत्रुघन सिन्हा, धर्मेंद्र, हेमामालिनी, संजीव कुमार जैसे अनेक सितारे भी पार्टी से जुड़े थे। हालांकि राजनीतिक दबाव के चलते धीरे-धीरे नेशनल पार्टी में शामिल सभी फिल्मी सितारे किनारा करने लगे। देवानंद अकेले ही पार्टी में रह गए थे। चुनाव से पहले राजनीति से प्रेरित फिल्मों का आना भी नई बात नहीं है? ऐसा इमरजेंसी के समय से देखने को मिल रहा है। हालांकि बदलते समय के साथ अब ऐसा ज्यादा होने लगा है। याद होगा सबसे पहले 1975 में राजनीति से प्रेरित फिल्म 'आंधी' रिलीज हुई थी। फिल्म पर इंदिरा गांधी की जिंदगी से जुड़े होने का आरोप लगा था। इमरजेंसी के समय सरकार ने इस फिल्म पर बैन लगा दिया था। इसके अलावा इमरजेंसी के समय एक फिल्म 'किस्सा कुर्सी का' रिलीज होनी थी। यह फिल्म जनता पार्टी सांसद अमृत नाहटा ने बनाई थी। इस फिल्म के कुछ प्रिंट जला दिए गए थे। उपरोक्त स्थितियां आज भी दिख जाती हैं। सिनेमा और राजनीति में काफी समानता दिखती है, वो इसलिए कि इन दोनों ही दुनिया में सब कुछ असमंजस भरा होता है। एक समय तक जिस फिल्म स्टार की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाती रहती हैं, अचानक कोई एक फ्लॉप फिल्म उसका करियर चौपट कर देती है। यही स्थिति राजनीति में भी है। एक चुनावी हार किसी नेता के राजनीतिक जीवन को रसातल में ले जाती है। दोनों ही दुनिया में सबसे बड़ी भूमिका उन लोगों की होती है जो उन्हें चाहते हैं। फिल्मी दुनिया में ये चाहने वाले दर्शक होते हैं और राजनीति में तथाकथित समर्थक। बीते कई दशकों से फिल्म और राजनीति की दो अलग दुनिया, एक-दूसरे में समाहित होती जा रही हैं।


फिल्में हमें हंसा सकती हैं, रुला सकती हैं, सोचने पर मजबूर कर सकती हैं और हमें प्रेरित कर सकती हैं। यह एक ऐसा शक्तिशाली माध्यम है, जो लोगों के जीवन को कई तरह से प्रभावित करता है। बॉलीवुड में मशहूर अभिनेताओं के राजनीति में आने की शुरुआत सबसे पहले जवाहर लाल नेहरू के समय में हुई थी। इंदिरा फाइल्स नाम की बुक में बताया गया है कि कैसे इस समय के शीर्ष नेता ने उस वक्त के जाने-माने अभिनेता दिलीप कुमार का राजनीति में इस्तेमाल किया था। सोशल मीडिया पर उपलब्ध जानीकारी के अनुसार 'एक बार इनकम टैक्स से संबंधित दिलीप कुमार का कोई केस फंस गया था तो उन्होंने तत्कालीन शीर्ष नेता से मदद मांगी।


आप का नजरीया

# चुनाव की फिरौती

हिमाचल में लोकसभा एवं छह उपचुनावों ने चंद चेहरों से फिरौती मांग ली है। सलवटें माथे पे आईं तो करवटें बदल गईं, महफिल को लूटने का मजा कुछ अजीब था। टिकटों के आबंटन में फंसी पार्टियों की उधेड़बुन अंततः विधायकों की जेब में सियासत तलाश रही है और इस बस्ती में शोर है- देखो-देखो वह शेर आ गया। शेर होते तो मंचों पर दहाड़ नहीं रहे होते, लेकिन बनते-बिगड़ते समीकरणों में दूरबीन खोज रही है। चुनाव को दूरबीन से देखने वाले नेताओं की बाढ़ में कुछ चेहरे पहचान में आ रहे हैं और कुछ सियासी घटनाक्रम में महान हो रहे हैं। मंडी में कंगना के स्वागत में कांग्रेस का अंगना पैरवी कर गया कि इस इलाके में उनका शेर विक्रमादित्य सिंह है। शेर ढूंढने निकली कांग्रेस के पास विधायकों के सिवाय और हो भी कौन सकता, वरना आठ-दस गैर विधायकों को मिले कैबिनेट रैंक चुनाव की जमीन पर खड़े होते। यहां तर्क-वितर्क में फंसी सियासत को अगर बागी विधायकों को भाजपा की उम्मीदवारी पर रंज है, तो कांग्रेस के वर्तमान विधायकों को लोकसभा चुनाव में उतारने का भी यही प्रपंच है। जाहिर है सत्तारूढ़ होकर पार्टियां अपने ही नेताओं का शिकार करते-करते ऐसी स्थिति में पहुंच गई हैं कि कहीं फिल्मी कलाकार को राजनीतिक पर्दे पर उतारा जा रहा है, तो कहीं अपनी ही सत्ता की परिक्रमा में मजा आ रहा है। चुनाव भारी है, इसलिए फिरौती में कांग्रेस के कुछ विधायक मांग लिए। चुनाव आभारी है, इसलिए भाजपा की फिरौती में कांग्रेस के बागी छह जगह उतार दिए, वरना पार्टी के पास संगठनात्मक ताकत तो सब पर भारी है। बहरहाल जिस सर्कस से होकर कांग्रेस के टिकट गुजर रहे हैं, वहां हल्का-हल्का मनोरंजन व पार्टी के दांतों पर एक ही तरह का मंजन भी हो रहा है। अब जबकि मैदान के दूसरे छोर पर विपक्ष की सेना तैनात है, कांग्रेस अपनी ताकत की पोथी से सर्वेक्षण निकालकर देख रही है कि किसे सेनापति बनाया जाए। पहले ही चुनावी फिरौती ने कांग्रेस की सत्ता से मंडी में उम्मीदवार छीन लिया और अब सर्वेक्षण के जरिए यह पुख्ता हो रहा है कि हमीरपुर से उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से आरएस बाली जैसा कोई नहीं। यकीनन सर्वे इन दोनों नेताओं की कद काठी पर कांग्रेस के अरमान चढ़ाना चाहता है, लेकिन जिन्हें बिना चुनाव लड़े बड़े-बड़े पद व सरकार के ओहदे मिले, उनकी उपयोगिता अब आड़े आ रही है। सत्ता के पदों का आबंटन खुशफहमी दे सकता है, लेकिन किसी नेता का उदय जनता के अखाड़ों पर मिट्टी से सन कर ही होता है। हम मान सकते हैं कि वर्तमान सरकार में विक्रमादित्य सिंह, मुकेश अग्निहोत्री व आरएस बाली की हस्तियों में कांग्रेस की पतवार थामने का कौशल है। यह सिद्ध हो रहा है कि ये नेता अपने वजूद में पार्टी का हुजूम लेकर चल सकते हैं। दूसरी ओर बागियों के खेत में मूली ढूंढ कांग्रेस को उनके कद को नीचा करना टेढ़ी खीर बना हुआ है। मुख्यमंत्री के निशाने पर सुधीर शर्मा व राजेंद्र राणा का रहना, यह भी साबित करता है कि अगर ये दोनों चुनाव की फिरौती में साबित हो गए, तो हिमाचल की सियासी धुरी में इनका भी कमाल होगा। जाहिर तौर पर कांग्रेस को वीरभद्र सिंह के बाद ऐसे नेताओं की जरूरत थी जो प्रदेश को चलाने की अलावा पार्टी को सत्ता में बनाए रखने का करिश्मा पैदा कर सकें।

**संक्षिप्त खबरें**

## तिसिया एवं तिसिया डूमर टोली में धूमधाम के साथ सरहुल महोत्सव का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** तिसिया एवं तिसिया डूमर टोली में धूमधाम के साथ सरहुल महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में किस्को प्रखंड जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार गुप्ता विशिष्ट तिथि के रूप में पंचायत समिति सदस्य वीरेंद्र उरांव, आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य राजू गुप्ता, लोहरदगा जिला प्रवक्ता रामचंद्र गिरि, राजेंद्र गोप एवं सम्मानित अतिथि के रूप में विनोद उरांव, लक्ष्मण उरांव, जय राम उरांव, सुखराज उरांव, तुलसीराम पहान, दशरथ मुंडा, बुधराम मुंडा, जय राम उरांव, विष्णु उराँव, उज्जवल पाठक, उदय राय,परमेश्वर उरांव, चंदन साहू, ललित उरांव, आदि उपस्थित थे। अतिथियों को सरहुल महोत्सव समिति के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार गुप्ता ने ग्रामीणों को प्रकृति पर्व सरहुल के शुभ अवसर पर बधाई देते हुए कहा कि झारखंड का यह सबसे महत्वपूर्ण पर्व है और सभी लोगों को आपस में मिलजुल कर रहने का संदेश देता है।

# 8 किलो अफीम एवं एक मोबाइल के साथ नाबालिक गिरफ्तार, जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिला के गिदौर थाना क्षेत्र के बलबल मंदिर के पास 8 किलो अफीम और एक मोबाइल के साथ एक नाबालिक को गिरफ्तार किया गया। मामले को लेकर सिमरिया एसडीपीओ अजय केशरी ने बताया प्रेस वार्ता जारी कर कहा है कि अफीम का हेराफरी को लेकर चतरा पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि बलबल मंदिर के पास अफीम का हेराफरी होने वाला है। इसकी सत्यापन को लेकर पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार एक छपेमारी टीम गठित की गई। टीम में एसडीपीओ अजय कुमार केशरी, थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता एवं थाना सशत्र बल शामिल थे। टीम ने जैसे हीं बलबल मंदिर के पास पहुंची की एक बालक को 8 किलो अफीम और साथ में एक मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। बालक से अफीम का हेराफरी करवाने वाले कि पूछ ताछ की गई तो बालक ने कहा कि गिधौर थाना क्षेत्र के पांडेय टोला के राहुल पांडेय पिता मनोज पांडेय द्वारा हमसे अफीम ले जाने के लिए बोला था। जिसे लेकर राहुल पांडेय के विरुद्ध गिधौर थाना कांड संख्या 31/24 धारा 18 (b)25/28/29/32 B (c) एनडीपीएस एक्ट एवं 78 j.j एक्ट 2015 दर्ज कर लिया गया है। वहीं गिरफ्तार बालक को निरुध्द कर किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। साथ हीं फरार राहुल पांडेय के विरुद्ध छापेमारी अभियान जारी है। इस तरह के मामले को लेकर एसडीपीओ अजय कुमार केशरी ने कहा कि अब गांव क्षेत्र के कम उम्र के बालक और महिलाओं का प्रयोग अफीम तस्करी में लोग करने लगे है। इससे युवाओं का भविष्य खराब कर रहें है साथ हीं खुद अपना और अपना परिवार का भविष्य खराब कर रहें। लोग अफीम का हेराफरी करना छोड़ दें नहीं तो कानून अपना काम बखूबी करना जानती है। पकड़े जाने पर इसी तरह जेल के सलाखों में भेज दिए जाएंगे।

# सिलाई सीखने के लिए तीन बच्चियों को भेजा गया रांची




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड से दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना जेएसएलपीएस गिद्धौर से शनिवार को तीन बच्चियों को सिलाई सीखने के लिए रांची आईडी टेक सॉल्यूशन भेजा गया है। यह कार्य जेएसएलपीएस के प्रखंड प्रशासनिक सहायक अमरजीत सिंन्हा के नेतृत्व में भेजा गया है। बच्चियां प्रखंड के मायाडीह गांव से सुमन कुमारी रुपिन से रानी कुमारी रुपा कुमारी का नाम शामिल है। जेएसएलपीएस से उपस्थित एफटीसी अनिल प्रजापति उज्जवल सिन्हा कुमकुम देवी ने बच्चियों के माता को दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए समझाया गया।

## गोनिया से बगरा सड़क चौड़ीकरण में जबड़ा टॉवर के पास मोटरसाइकिल चालक दुर्घटनाग्रस्त



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के गोनिया से बगरा मुख्य सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। चौड़ी करण में आने जाने की कोई वाहनों या छोटी गाड़ियों का कोई ख्याल नहीं रखा गया है। मेटल और डस्ट का समिश्रण से धूल का उड़ना लाजमी हो गया है। जिससे लोग आए दिन सड़क पर गिर गर जख्मी हो रहे हैं। इसी मामले में बालूमाथ थाना क्षेत्र के मुरपा निवासी मो तबारक अपनी पत्नी तलबा को मोटरसाइकिल से लेकर चतरा से मुरपा जा रहा था। जबड़ा के टॉवर के पास पहुंचते हीं सड़क पर काफी पानी बहाव के कारण मोटरसाइकिल स्लिप होकर सड़क पर दोनों गिर गया। जिससे तलबा प्रवीण गम्भीर रूप से जख्मी हो गयी। ग्रामीणों के सहयोग से 108 एम्बुलेंश से रेफरल अस्पताल सिमरिया लाया गया जहां मौजूद चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया है। भुक्त भोगी तबारक का कहना है कि सड़क चौड़ीकरण में मिट्टी भराई कर ऊपर से पानी अत्यधिक बहाव होने के कारण मोटरसाइकिल का टायर स्लिप करने लगा जिससे अंतुलन खो गया और सड़क पर गिर गया। पास में मेटल होने के कारण मेटल में तलबा जा गिरी जिससे मुँह हाथ में काफी कट गई। इधर ग्रामीणों का कहना है कि सड़क चौड़ी करण में ठीकेदार द्वारा एकरफा कार्य नहीं किया जा रहा है जिससे आए दिन सड़क पर गिर कर लोग घायल हो रहे हैं। वाहनों के चलने के कारण आपपास के घरों में धूलकण से लोग परेशान हैं। समय पर पानी का छिड़काव नदारद है। जिससे इस सड़क पर चलना दूभर हो गया है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग किया है।

## कोलेबिरा पुलिस ने सहायक शिक्षक मनोरजंन महाजन को उठाया



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमडेगा जिले के कोलेबिरा थाना पुलिस ने शनिवार को सहायक शिक्षक मनोरंजन महाजन को ठगी के एक मामले में गिरफ्तार कर अपने साथ ले गयी है। सहायक शिक्षक मनोरजंन महाजन सिमरिया प्रखंड के मध्य विद्यालय बानासाड़ी में पदस्थापित हैं। कोलेबिरा पुलिस अपने साथ वारंट लेकर आई थी और उन्होंने सिमरिया थाना पुलिस का सहयोग लिया और सहायक शिक्षक को पुराने ब्लाक सिमरिया के समीप उस वक्त उठाया जब वे एक दुकान में मित्रों के साथ चाय पी रहे थे। सहायक शिक्षक पर कोलेबिरा थाना में कांड संख्या 60/22 के तहत ठगी का मामला दर्ज था। सिमरिया थाना प्रभारी चंदन कुमार और कोलेबिरा थाना के एसआई ने बताया कि सहायक शिक्षक पर कोलेबिरा थाना क्षेत्र के सरंगा पानी निवासी संजय सिंह ने ठगी का मामला दर्ज कराया है। उनका कहना है कि सहायक शिक्षक ने जल मिनार का टेंडर भरने के बहाने उनसे दो लाख नब्बे हजार रुपए की ठगी कर ली है। इस बाबत उन्हें बार-बार नोटिस किया जा रहा था। किंतु वे टालमटोल का रवैया अपनाए हुए थे। इधर सहायक शिक्षक का कहना है कि पैसे लेनदेन के मामले का समझौता पूर्व में ही हो चुका है। इसकी कॉपी भी मौजूद है। कुछ कारण की वजह से यह समस्या उत्पन्न हुई है। हालांकि मनोरजंन महाजन पर रुपये लेंन देंन के कई मामले सिमरिया थाना एवं अन्य थाने में दर्ज है।

# गर्मी का प्रभाव बढ़ते हीं खुलने लगी जलनल योजना का पोल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के कसारी पंचायत के चुन्निडीह गांव में इन दिनों पानी पीने की भीषण समस्या उत्पन्न हो गयी है। जिसे लेकर ग्रामीण गोलबंद होकर जलनल योजना का विरोध कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ठीकेदार द्वारा बाजबरन पुराने चापानल में मोटर डाल कर चला गया ।जबकि उक्त चापानल से केवल बरसात के मौसम में हीं पानी निकलता है। किंतु लाख मना करने पर भी ठीकेदार ने यह कह कर मोटर डाल दिया कि हम लोग को पुराने चापानल में हीं मोटर डालने का स्टीमीट है आपलोगों को जहां जाना है जाओ। फिलहाल गर्मी का तापमान अधिक बढ़ते हीं जलनल योजना का पोल जिला और प्रखण्ड क्षेत्र में खुलने लगी है। चुकी कहीं पानी है तो नलका घर तक पहुंचाया नहीं गया है। कहीं महज जलनल का स्ट्रेक्चर हाथी का दांत के तरह खड़ा दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि हम लोग पानी के अभाव में डेढ़ किलोमीटर दूरी तय कर पानी की प्यास बुझा रहें है। हम लोगों को देखने वाला कोई नहीं है। पानी पीने के लिए मजबूर हो रहे हैं। चुनाव आते हीं वायदे इरादे और लाल सब्जबाग दिखाने में कोई कमी नहीं करते है किंतु चुनाव खत्म तो क्षेत्र की समस्या भी खत्म। वैसे में हम ग्रामीण ठगे के ठगे रह जाते है। अंत में उपायुक्त चतरा और प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सिमरिया से पानी व्यवस्था की मांग किया है। मौके पर मो रियाज, मो सिद्दीकी, सकिन्द्र गंझू, मो मजहर, राजेन्द्र गंझू, वीरेंद्र गंझू, कार्तिक गंझू, फागु गंझू, धनेश्वर गंझू, एजाज अहमद, अलीम मियां, मो सद्दाम, मो मुर्तुजा, मनोज गंझू, सुकर गंझू, ललिता देवी, एतवरिया देवी, नूरजहां प्रवीण, रबिया खातून, सुनीता देवी के अलावे दर्जनों महिला पुरुष मौजूद थे।

# हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन उज्जवल भविष्य का कामना : चंद्रयान क्लासेस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत एकमात्र शिक्षण संस्थान चंद्रयान क्लासेस वर्ष 2024 में 400 + जो सबसे अधिक अंक यहां के बच्चे लाए हैं। 2023 में यहां के बच्चों ने प्रखंड टॉपर और जिला में द्वितीय स्थान लाए थे द्य चंद्रयान क्लासेस शिक्षा के क्षेत्र में एक अलग ही ऐतिहासिक कृतिमान हासिल करने वाला शिक्षण स्थान बनता जा रहा है 2022 से लगातार टॉपर में शामिल चंद्रयान क्लासेस का का नाम शिक्षण क्षेत्र में शीर्ष पर रहा है। पत्थलगड़ा प्रखंड क्षेत्र में चंद्रयान कोचिंग सेंटर 2021 में खुला था और शुरू से ही इस संस्थान में बच्चों के प्रति अपना एक ही सोच रखा है की सबसे अच्छा और बेहतर अंक मेरे छात्र छात्राएं लाए और हमने ऐसा करने का प्रयास किया है बच्चों के प्रति सोच रखा है। आज चंद्रयान क्लासेस कोचिंग सेंटर का नाम सुनते ही एडमिशन के लिए बच्चे बच्चियों में उत्सुकता जागती है की सबसे अच्छी शिक्षा कहां प्राप्त होगी तो उनका पहला नाम आता है चंद्रयान क्लासेस कोचिंग सेंटर का चंद्रयान क्लासेस का उद्घाटन 2021 अगस्त में हुआ था इस बीते वर्षो से किया प्रयास से अध्ययनरत्न बच्चों को शिक्षकों के द्वारा काफी मेहनत शिक्षा के क्षेत्र में किया गया जिसका परिणाम 2022 में नूरजहां 425 अंक लाकर प्रखंड टॉपर बनी 2023 में विशाल कुमार 470 अंक लाकर प्रखंड टॉपर बनते हैं।चंद्रयान क्लासेस कोचिंग संस्थान इस बार कई विशेषताएं लाए हैं। 6th से 12th तक बेहतरीन तरीके से पढ़ाई की व्यवस्था इस बार से निशुल्क कंप्यूटर शिक्षा की व्यवस्था खेल के क्षेत्र में बढ़ावा देना सेमिनार की आयोजन जैसे व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है।

## प्रतापपुर के मरका के 15 वर्षिय सुमन कुमारी शनिवार सुबह से गुम



**प्रतापपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के मरका गांव निवासी इन्द्रदेव ठाकुर के 15 वर्षिय पुत्री सुमन कुमारी शनिवार को सुबह से गायब हो गई है सुमन कुमारी 9वी कक्षा के छात्रा है इनका उच्चाई लगभग 5 फीट है एवं रंग सावली है ये लाल रंग का कपड़ा पहनी हुई है इस संबंध में पिता इन्द्रदेव ठाकुर ने बताया की मेरी पुत्री आज सुबह 6 बजे से गायब है ये अपने मरका पैदल निकली है जिसके बाद प्रतापपुर आने की सूचना प्राप्त हुआ है ये दो-तीन से मान्सिक तनाव में रह रही थी परिजनो के द्वारा काफी खोजबीन किया जा रहा है लेकिन अभी तक पता नही चल पाया है ये फोटो के अनुकूल कपड़ा भी पहनी हुई है इसलिए जिन लोगो सुमन कुमारी को पता चले तो तुरंत मोबाईल नम्बर 9817932118, 9263545933 पर कॉल कर इनकी सूचना परिजनो को अवाश्य दे।

# झोला छाप डॉक्टर के गलत इलाज के कारण महिला की हुई मौत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झोला छाप डॉक्टर की लापरवाही से लातेहार सदर प्रखंड के सांसग पंचायत निवासी कलावती देवी 55 वर्ष कि जान चली गई।मृतका के पुत्र विजय कुमार ने बताया कि मेरी मम्मी के मौत का कारण झोलाछाप डॉक्टर शंभू उरांव के द्वारा गलत दवा देने से हुआ है।जैसे ही मेरी माँ दवा सेवन की उसके एक घंटे के अंदर ही मुंह से खून निकलने लगा।हमलोगों ने उसे लेकर लातेहार सदर अस्पताल गये जहां डॉक्टरों ने स्थिति नाजुक देखते हुए साफ कह दिया कि आप इनको लेकर बाहर चले जाएं नहीं तो घर पर ही सेवा करें क्योंकि यह नहीं बचेगी। इसके बाद हम लोगों ने माँ को लेकर घर ले आए।आगे उन्होंने कहा कि इलाज कराने के एवज में शंभू उरांव के द्वारा?6 हजार की मांग की गई थी हम लोगों ने तीन हजार दिया था लेकिन हमें क्या पता था कि मेरी मां की जान नहीं बचेगी और उनकी एक लापरवाही से मेरी मां की जान चली गई। आगे मृतका के परिजनों ने जिला प्रशासन से झोलाछाप शंभू उरांव पर कानूनी कार्रवाई करते हुए न्याय की गुहार लगाई है।इधर इस घटना से गांव में झोलाछाप के खिलाफ रोस व्याप्त है।


# संत जेवियर्स महाविद्यालय में चलाया गया मतदान जागरूकता अभियान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** शनिवार को संत जेवियर्स महाविधालय के विद्यार्थियों, प्रोफेसर्स सह प्राचार्य के द्वारा पूरे महुआडांड़ अनुमंडल के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान जागरूकता अभियान चलाया गया। मौके पर महुआडांड़ के प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेण्ड डांग तथा अन्य मतदान निरीक्षण पदाधिकारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर महाविधालय के विद्यार्थियों के द्वारा स्थानीय निवासियों के समक्ष मतदान सम्बन्धित नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। नाटक के माध्यम से लोगों को योग्य, कर्मठ व कर्तव्यनिष्ठ नागरिकों को मतदान करने के लिए सलाह दी गई। राजनीति विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर अविनाश यादव ने स्थानीय निवासियों को संबोधित करते हुवे कहा कि, आप सभी नागरिकों को सही उम्मीदवार का चयन करने का अधिकार प्राप्त है इसलिए अपने राजनीतिक अधिकार (मतदान का अधिकार) का सदुपयोग करते हुए हमें ऐसे योग्य, कर्मठ व सुशिक्षित उम्मीदवार को मत देना है जो देश के वर्तमान और भविष्य को दोनों को सुरक्षित रख सके। तत्पश्चात महाविधालय के प्राचार्य डॉ. फादर एम. के. जोश ने नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि भारतीय संविधान हमलोगों को अधिकार देता है हमारा भी फ़र्ज़ है कि हम राष्ट्र को बेहतर तरीके से संचालित करने मतदान करके अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि मतदान के लिए जागरूक होना जरूरी है क्योंकि जो जागरूक मतदाता है वही जानता है कि भारत भाग्य विधाता है। महुआडांड़ प्रखंड विकास पदाधिकारी भी कार्यक्रम में अंत तक उपस्थित रहें तथा उन्होंने यहां के नागरिकों को लोकतंत्र को सशक्त व मजबूत बनाने के लिए मतदान करने का संकल्प दिलाया। इस तरह के जागरुकता अभियान चलाने के लिए महुआडांड़ बीडीओ ने विद्यार्थियों की बहुत सराहना की तथा कहा कि संत जेवियर्स महाविद्यालय महुआडांड़ के विद्यार्थी शुरुआत से ही प्रत्येक राजनीतिक व सामाजिक गतिविधि में भाग लेते हैं जिससे गांव, समाज व राष्ट्र का भला हो इस तरह से यह कॉलेज विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है।

## रैयती जमीन से सड़क हटाकर वैकल्पिक व्यवस्था बनाने को लेकर सीसीएल को दिया आवेदन



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड कोलियरी से विस्थापित हुए शुभम कुमार पिता उमेश प्रसाद साह ग्राम नगड़ा, बेलवाडीह थाना बालूमाथ निवासी ने सीसीएल द्वारा अधिकृत की गई अपनी जमीन से परिवहन कार्य पर रोक लगाते हुए वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग किया है। इस संबंध में शुभम कुमार ने परियोजना पदाधिकारी तेतरियाखांड को आवेदन देकर कहा है कि बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के नगड़ा ग्राम में खाता संख्या 119 प्लॉट संख्या 1645 रकबा एक एकड़ 10 डिसमिल भूमि मेरी खतियानी जमीन है। जिसका हाल सर्वे में मेरे दादा नंदकिशोर साहू के नाम से दर्ज है। तथा ऑनलाइन मालगुजारी रसीद निर्गत होते आ रहा है। उक्त जमीन में 20 डिसमिल जमीन को सीसीएल द्वारा लिया गया था और कहा गया था कि नियम अनुसार मुआवजा राशि का भुगतान किया जाएगा। और माइनिंग कार्य हेतु सड़क बनाने की अनुमति मांगा था ।मिले आश्वशन के बाद हम लोगों ने सीसीएल को जमीन दे दिया ।बावजूद इसके 1 वर्ष बीत जाने के बाद भी मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किया गया है। जिस कारण अधिकृत की गई जमीन पर मुझे भवन निर्माण हेतु अनुमति दी जाए। अगर आवेदन के 15 दिनों के भीतर इस पर कोई कार्रवाई नहीं होती है तो मैं स्वयं सड़क हटा दूंगा ।तथा भवन निर्माण कर आरंभ कर दूंगा जिससे आपका आगमन बाधित हो जाएगा। इसलिए आप वैकल्पिक व्यवस्था बना लें। वही इस आवेदन की प्रतिलिपि लातेहार उपायुक्त लातेहार, पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार, सीसीएल महाप्रबंधक राजहरा एरिया, बालूमाथ अंचलाधिकारी, बालूमाथ थाना प्रभारी, बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को भी दिया है।

# दो दिनों में एक लाख 82 हजार रूपये की मिली छूट




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** नगर पंचायत, लातेहार ने आगामी 30 जून से पहले तक वित्तीय वर्ष 2024 -25 का होल्डिंग टैक्स जमा करने पर अधिकतम 15 प्रतिशत छूट की घोषणा की है।विभाग के इस घोषणा के बाद नगर पंचायत कार्यालय में होल्डिंग टैक्स जमा करने वालों की कतार लग गयी है। नगर प्रबंधक राजकुमार वर्मा ने बातया कि गत दिनों में नगर पंचायत के द्वारा कर दाताओं एक लाख 82 हजार रूपये का छूट दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि इसमें सभी कर दाताओं को पांच प्रतिशत की छूट दी जा रही है। अगर होल्डिंग टैक्स में महिला या वरिष्ठ नागरिक का नाम है तो उन्हें पांच प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है।इसके अलावा स्वयं कार्यालय में आकर जमा करने पर 2.5 प्रतिशत की छूट दी जा रही है. आर्मी, ट्रांसजेंडर या विकलांग होने पर पांच प्रतिशत की रियायत दी जा रही है।वैसे कर दाता जो ऑनलाइन होल्डिंग टैक्स भरेगें उन्हें पांच प्रतिशत की छूट दी जायेगी। उन्होंने बताया कि यह छूट केवल आवासीय परिसरों पर लागू होगी। वर्मा ने आगे बताया कि 30 जून बाद बकाया टैक्स पर प्रतिमाह एक प्रतिशत की दर से ब्याज देना होगा। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत के के लोगों को को यदि टैक्स ( होल्डिंग टैक्स, ट्रेड लाइसेंस एवं जल-कर ) भुगतान करने में कोई परेशानी हो रही है तो स्पैरो के टीम लीडर आदित्य कुमार (9905900425) एवं टैक्स कलेक्टर बिरसा उरांव (7004793011) से संपर्क कर अपने टैक्स का भुगतान कर सकते हैं।

# ग्रामीणों को नहीं मिल रहा हर घर-नल जल का लाभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** प्रखण्ड क्षेत्र के डाढा पंचायत के गोखलावागी के अखरा टोला मे जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल जल योजना भारी अनियमितता का भेट चढ गया. टोला वासी आज भी एक पुराने कुएं का पानी पिने को मजबुर है. कुएं का दुषित पानी पिने से टोलावासी डायरिया व टायफाइड जैसे गंभीर बिमारी से ग्रस्त रहते हैं. इस संबंध में ग्रामीण बिफा उरांव, महेन्द्र उरांव, मुनेश्वर उरांव, महेश उरांव, विरबल उरांव. ,मुनी देवी, बसंती देवी, सधनी देवी, पनवा देवी व चन्द्रमनी सहित कई लोगों ने बताया कि इस टोला मे अखरा के पास पिछले वर्ष ही जल जीवन मिशन के तहत बोरिंग किया गया था, बोरिंग मात्र साठ फिट ही किया गया था। हमलोग इसका विरोध करते हुए और गहरा बोरिंग करने की बात किए. जिसके कारण काम रोक दिया गया. कुछ दिनो के बाद संवेदक द्वारा टंकी लगाया गया .जिसका पुनः विरोध किया. ग्रामीणों का कहना है कि इस टोला मे लगभग 25 घरो के लिए एक जलमिनार लगाना है। बोरिंग मात्र साठ फिट किया गया। जो पर्याप्त नही है, इससे सभी घरो को पानी नही मिल पाएगा, इसलिए हमलोगो ने बोरिंग को और गहरा करने को कहे जिसे नही माना गया इधर हमलोग पुराने कुएं का पानी पीने को मजबुर है,कुएं के दुषित पानी से अक्सर बिमार होते रहते है, इस संबंध में पुछे जाने पर मुखिया सुरेश उरांव व पंसस संतोष उरांव ने कहा कि हमलोग कई बार संवेदक व संबंधित जेई को फोन किए लेकिन बात नही कर रहे है.सभी टोलावासी ने भीषन गरमी को देखते हुए प्रखण्ड प्रशासन व संबंधीत विभाग से इस योजना का क्रियान्वन हेतु सही मापदंड के अनुसार बोरिंग कराके सभी घरो तक नल जल योजना का लाभ दिलाने का आग्रह किया है।

## मोटरसाइकिल से गिरकर युवक घायल

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ-खलारी मुख्य पथ पर शनिवार को मोटरसाइकिल से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में डब्लू उराँव 30वर्ष पिता लिट्टू उरांव ग्राम विशुनपुर थाना बालूमाथ निवासी अपने घर से निजी कार्य हेतु बालूमाथ आया हुआ था जहां से वापस लौटने क्रम में बसिया डैम के पास मोटरसाइकिल से अनियंत्रित होकर गिर गया। और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगो के द्वारा घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

## मतदाता जागरूकता को लेकर बीडीओ व सीओ के नेतृत्व में निकाली गई बाइक रैली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रखंड सह अंचल कार्यालय से बाइक रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार और सीओ रामनारायण खलखो ने किया। लोकसभा चुनाव में ग्रामीण मतदाता शत प्रतिशत मतदान करें लिए इसके लिए जागरूकता रैली निकाली गई थी। मतदाता मार्गदर्शिका, बैनर, पोस्टर,तख्ती और स्लोगन के साथ बाइक रैली निकाली गई थी। रैली प्रखंड परिसर से शुरू होकर बरही चौक, कोनरा पंचायत,पंचमाधव पंचायत करियातपुर पंचायत धनवार पंचायत ,केवाल ,रालो, लठिया, दौरवा, कुंडवा, चार माइल, देवचंदा मोड़ का भ्रमण करते हुए हुए प्रखंड परिसर में आकर संपन्न हुई। रैली के दौरान मतदाताओं के बीच मतदाता मार्गदर्शिका का भी वितरण किया गया।

## केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक व्यय ने व्यय कोषांग के पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक (व्यय) ने 14 हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में चुनाव संबंधी व्यय कोषांग के क्रियाकलापों का जायजा लेने के लिए व्यय प्रेक्षक राजेश विठ्ठलराव शेल्के (आईआरएस), तंगीराला मुरलीधर (आईआरएस) ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, एआरओ संतोष कुमार सिंह मौजुद थे। समाहरणालय सभागार में व्यय कोषांग के नोडल अधिकारियों को चुनाव के दौरान व्यय निगरानी सेल के साथ समन्वय और तालमेल बनाकर काम करने और केंद्रीय टीम के साथ सभी बरामदगी के बारे में तुरंत जानकारी देने का निर्देश दिया। व्यय प्रेक्षक ने बैंक प्रतिनिधियों को 10 लाख से अधिक के किसी भी संदिग्ध लेन देन पर विशेष निगरानी रखने को कहा साथ ही अभ्यर्थीयों के भी बैंक खातों से 10 लाख रु से अधिक के वित्तीय लेन देन पर अपनी पैनी नजर रखने को कहा तथा इसकी सूचना भी साझा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा चुनाव अवधि के दौरान अवैध शराब की आवाजाही की निगरानी बहुत महत्वपूर्ण है इसलिए सभी प्रमुख चौकियों पर अतिरिक्त चौकसी बरतने की आवश्यकता है। व्यय प्रेक्षक के द्वारा आदर्श आचार संहिता विधि व्यवस्था कोषांग के नोडल पदाधिकारी को निर्देशित किया कि आदर्श आचार संहिता संबंधी शिकायतों पर उड़न दस्ता दल की दैनिक व्यय क्रिया-कलाप संबंधी प्रतिवेदन संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक व्यय प्रेक्षक को उपलब्ध करायेंगे।सभी पुलिस के नोडल पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि दैनिक नगदी /अन्य मदों संबंधित शिकायतों पर उड़न दस्तों (स्रस्झ) द्वारा दैनिक क्रियाकलाप का रिपोर्ट प्राप्त कर एवं स्थैतिक निगरानी टीम (SST) द्वारा जब्त अन्य मदों से संबंधित शिकायतों पर दैनिक गतिविधि रिपोर्ट प्राप्त कर संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक व्यय प्रेक्षक को उपलब्ध करायेंगे। व्यय नोडल पदाधिकारी व उत्पाद विभाग के सभी नोडल पदाधिकारी को संबंधित रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।




## बीडीओ के प्रयास से नाबालिग की शादी रुकी

**विष्णुगढ़ :** चाइल्ड हेल्पलाइन हज़ारीबाग के पत्रांक सीएचएल/38/हज़ारीबाग 2024,दिनाँक 26 अप्रैल 2024 के द्वारा प्राप्त पत्र के अनुसार विष्णुगढ़ प्रखण्ड की एक नाबालिग लड़की की शादी की सूचना प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार को प्राप्त होने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए इसकी सूचना विष्णुगढ़ थाना प्रभारी रामनारायण सिंह को दी गई।स्थानीय प्रशासन के साथ महिला पर्यवेक्षिका वीणा देवी,महेश बरनवाल मामले के सत्यापन को लेकर पुलिस दलबल सहित उसके घर पहुँची,मामले के सत्यापन के पश्चात विष्णुगढ़ प्रखण्ड निवासी नाबालिग लड़की हेमलता कुमारी(काल्पनिक नाम)की शादी को रुकवाया गया। थाने में नाबालिग बालिका के माता-पिता ने स्वीकार किया हमलोग पढ़े-लिखे नही है,इस कारण हमें इस कानून की जानकारी नही थी,आगे से हम अपनी पुत्री की शादी बालिग होने अर्थात 18 वर्ष के बाद ही करेंगे। इस घटना के पश्चात इस कानून की जानकारी देते हुए लोगो को आगाह करते हुए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने कहा कि आप अपने बच्चियों के साथ ऐसा अन्याय ना करें। बेटियां बेटो से कम नही होती इनकीं पढ़ाई लिखाई को पूरा होने दें। काम उम्र में शादी अपने बच्चियों के साथ एक बर्बरता पूर्ण कार्य है,कम उम्र में ना वो शारीरिक रूप से मजबूत होती है,ना ही मानसिक रूप से मजबूत होती है,ऐसे में उनकी आने वाली पीढ़ी भी कुपोषण से ग्रसित होती है।कम उम्र अगर जोरजबरदस्ती से शादी कराए जाने पर कानूनी तौर पर भी दंड का प्रावधान है।

## विष्णुगढ़ प्रखण्ड निवासी, प्रवासी मजदूर अफजल अंसारी की पुणें में मौत



**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड के प्रवासी मजदूरों की मौत का सिलसिला थमने का नाम ही नही ले रहा। लगातार प्रवासी मजदूरों की मौत खबरे आती रहती है। इसी क्रम में विष्णुगढ़ प्रखंड के एक और मजदूर की मौत मुम्बई पुणें में हो गई।बताया जाता है,कि विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत मड़मों निवासी शेखावत अंसारी के 24 वर्षीय पुत्र अफज़ल अंसारी की शुक्रवार को काम के दौरान ऊंची बिल्डिंग से गिरने के बाद गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घायल अवस्था अस्पताल ले जाया गया जहां ईलाज दौरान उसकी मौत हो गयी।मौत की सूचना मिलते ही परिजनो का रो रोककर बुरा हाल है। अफज़ल अंसारी पिछले कुछ महीने पहले अपनी रोजी रोटी कमाने के लिए पुणे गया हुआ था। बातें दें कि अफज़ल अपने पीछे बुढ़े मां-बाप तथा अपनें पत्नी के साथ-साथ दो छोटे- छोटे बच्चों को छोड़ गया।हमारे झारखंड के हजारीबाग,गिरीडीह,बोकारो जिले के अधिकतर लोग पलायन कर चुके हैं और अधिकतर मजदूर दुसरे राज्यों एवं विदेशों में काम करते हैं और प्रवासी मजदूरों की मौते लगातार हो रही हैं।जो एक बडी चिंता का विषय हैं। इस गंभीर समस्या को सुध लेने वाले न कोई सरकार है न ही कोई मंत्री संसद विधायक हैं,सब के सब अपने विकास में लगे हुए हैं।

## शादी समारोह से बाइक से लौट रहें दंपति को कार ने मारी टक्कर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** हजारीबाग रोड स्थित चार माईल के पास अनियंत्रित कार ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दिया। जिसमें धनवार गांव निवासी दीपक रविदास पिता निर्मल रविदास उम्र 36 वर्ष व उनकी 30 वर्षीय धर्मपत्नी रेखा देवी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनो गंभीर रूप से घायलों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया ।परिजनों ने बताया की दोनों पति-पत्नी हजारीबाग से एक शादी समारोह से लौट रहे थे। दोनों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

## हज़ारीबाग एनडीए प्रत्याशी और भाजपा जिलाध्यक्ष की उपस्थिति में सैकड़ो की संख्या में अन्य दलों से लोग भाजपा में होंगे शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** हज़ारीबाग लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एनडीए गठबंधन और आई.एन.डी.आई.ए गठबंधन के अपने दावे-प्रतिदावे है,परन्तु धरातल पर एक अलग ही खेल चल रहा है।देखा जाय तो रणनीतिक लिहाज से एनडीए गठबंधन को बढ़त हासिल है,जहाँ तक एनडीए गठबंधन का सवाल है,बूथ स्तर से गठबंधन साथियों के साथ बेहतरीन समन्वय बना चुकी है,वहीँ आई.एन.डी.आई.ए गठबंधन प्रखण्ड स्तर पर अपनी कमिटि सहित सहयोगी दलों के साथ समन्वय स्थापित करने की जद्दोजहद में जुटी है। इस लिहाज से देखा जाय तो भाजपा गठबंधन कोसो आगे दिख रही है। राजनीतिक हलकों में चर्चा आम है,आई.एन.डी.आई.ए प्रत्याशी का लोकसभा चुनाव एक प्रयोग है। इसके तहत आने वाले




विधानसभा चुनाव की तैयारी है, जिसमे ट्रिपल एम यानि मुसलमान,महतो, माँझी(आदिवासी) का एक संयोजन बनाकर विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करने की है।परन्तु इस चुनावी समीकरण में झामुमों का एक धड़ा अलग दिखाई पड़ रहा है, जिसमे ट्रिपल एम के फैक्टर भी मौजूद है। इस चुनावी समीकरण में माण्डू विधानसभा के क्षेत्र में आने वाले कुर्मी वोट बैंक पर जेएलकेएम ( जेबीकेएसएस) सुप्रीमो जयराम महतो की अच्छी पकड़ भी दिखाई पड़ रही है,जो इस चुनाव में बड़ा असर दिखा सकती है। ऐसे में बढ़ती चुनावी सरगर्मी और भारी उहफोह की स्थिति को देखते हुए आम-आवाम, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं कुछ दलों के लोगो का झुकाव एनडीए गठबंधन की ओर बढ़ा है। जहाँ आई.एन.डी.आई.ए गठबंधन भारी उहफोह की स्थिति में फंसा है। इस बीच एनडीए गठबंधन में आई.एन.डी.आई.ए प्रत्याशी के अपने गृहक्षेत्र विष्णुगढ़ से झारखण्ड मैरिज हॉल में 28 अप्रैल 2024 को सैकड़ो की सँख्या में राजू श्रीवास्तव के नेतृत्व में हज़ारीबाग एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल एवं भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह की उपस्थिति में भाजपा का दामन थामेंगे।इसकी जानकारी विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल ने दी।

## बालू ले जा रहा ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत चेपाकला पंचायत के हुदवा गावँ में शुक्रवार रात्रि लगभग 9:00 बजे सिकरी के पारपैन से बालू ले जा रहे ट्रैक्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से ट्रैक्टर चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही डाड़ीकला थाना प्रभारी पिंटू कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेजा। बताया जाता है कि सिकरी निवासी सिद्धेश्वर महतो के पुत्र दशरथ कुमार उम्र लगभग 16 वर्ष ट्रैक्टर से बालू लेकर हजारीबाग के आसपास के क्षेत्रों में बिक्री के लिए ले जा रहा था, लेकिन बीच रास्ते में ही ट्रैक्टर के पलटने से ट्रैक्टर ड्राइवर दशरथ कुमार इंजन के नीचे दब गया जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। बताया जाता है कि अक्सर इस रास्ते से चोरी छिपे बालू



बिक्री के लिए ले जाया जाता है और इस रास्ते पर आए दिन दुर्घटना होते रहती है। ट्रैक्टर मालिकों द्वारा लगभग सभी ट्रैक्टरों में नाबालिक बच्चों से ट्रैक्टर चलवाया जाता है। जिसके कारण आए दिन दुर्घटना होते रहती है। मृतक दशरथ कुमार इसी वर्ष 2024 के मैट्रिक की परीक्षा उत्क्रमित उच्च विद्यालय सिकरी से उत्तीर्ण किया था। इसकी मृत्यु के बाद परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है और गांव में शोक व्याप्त है। सामाजिक पहल के बाद ट्रैक्टर मालिक एवं मृतक के परिवार वालों के बीच समझौते के पश्चात लाश का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## चुनावी समर में नेताओं के बिगड़े बोल पर खतियानी परिवार ने चिंता जाहिर की



**हजारीबाग :** धरनास्थल के समीप अशोक राम की अध्यक्षता मे खतियानी परिवार की एक बैठक शनिवार को आयोजित की गई। बैठक में चुनावी मन्थन पर विभिन्न पार्टियों के शीर्ष नेताओं द्वारा जहरीली बयानबाजी कर समाजिक समरसता को बिगाड़ने की चेष्टा पर चिंता जाहिर की गई।बैठक में परिवार ने चुनाव आयोग से जात पात,और धर्म, संप्रदाय के नाम पर चुनाव लडने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।बैठक में मो हकीम,बालेश्वर कुमार दास,सुशील ओड़िया,प्रदीप मेहता,सईद अहमद,अनवर हुसैन,बोधी साव,मो साबिर,अधिवक्ता सतीश कुमार,प्रवीण मेहता,सुरेश महतो,समेत अन्य साथी उपस्थित थें।

## 5 साल के बच्चे की नदी में डूबने से मौत



**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड की सिरैय पंचायत अंतर्गत खेदाडीह नदी में डूबकर एक पांच वर्षीय मासूम की मौत हो गई। घटना के काफी देर बाद मासूम का शव नदी से बरामद किया गया। घटना गुरुवार की दोपहर लगभग दो बजे की है। पंचायत की मुखिया हेमंती देवी ने बताया कि खेदाडीह निवासी जागेश्वर महतो का पांच वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार अपनी मां के साथ घर से करीब आधा किमी दूर खेदाडीह नदी में नहाने गया था। नदी में पानी कम रहने के कारण पानी के ठहराव के लिए एक बड़ा गड्ढा नदी में खोदा गया था। नदी में बने उसी गड्ढे में बालक नहाने लगा। गहरा गड्ढा होने के कारण बालक पानी में डूब गया। इस दौरान बालक की मां थोड़ी दूरी पर कपड़ा धोने में व्यस्त थी। उसे घटना का पता भी नहीं चला। थोड़ी देर बाद जब वह बालक की खोजबीन करने लगी तो कहीं दिखाई नहीं दिया। उसने सोचा शायद वह नहाकर घर चला गया होगा। घर पहुंचने पर पता चला कि वह नहीं पहुंचा है। इसके बाद हो-हल्ला होना शुरू हो गया। जानकारी पाकर कई ग्रामीण तथा परिजन पुनः नदी पहुंचे और खोजबीन करने लगे।

## भाजपा बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल के सभी बूथों में किया जा रहा है बूथ सत्यापन कार्य



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो की अध्यक्षता में पूर्वी मंडल के सभी बूथों में बूथ सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। नयाटांड, गोसाई बलिया, नापो खुर्द, आंगों, तलसवार, हरली, बादम और गोंदलपुरा पंचायत में बूथ सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। मौके पर क्लस्टर प्रभारी सीताराम साहू एवं गजाधर साहू ने संयुक्त रूप से बताया की सभी बूथों में एक पेज के लिए एक पन्ना प्रमुख बनाया जा रहा है जिससे सत प्रतिशत मतदान किया जा सके। साथ ही सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से मिलकर भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के पक्ष में मतदान करने की अपील की गई। मौके पर मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, उपाध्यक्ष अशोक साहू, किशोर राणा, देवंती देवी, महामंत्री दिनेश करमाली, सुमन गिरी, सांसद प्रतिनिधि बेचन साव, श्रीकांत निराला, ज्ञानचंद कुमार, विजय साव, कृष्णा गुप्ता, नरेश साव, बढन तुरी, सुमित्रा देवी, बिनोद महतो, हिरालाल साव, बिरेंद्र साव उपस्थित थे।

## चुनावी समर में नेताओं के बिगड़े बोल पर खतियानी परिवार ने चिंता जाहिर की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** धरनास्थल के समीप अशोक राम की अध्यक्षता मे खतियानी परिवार की एक बैठक शनिवार को आयोजित की गई। बैठक में चुनावी मन्थन पर विभिन्न पार्टियों के शीर्ष नेताओं द्वारा जहरीली बयानबाजी कर समाजिक समरसता को बिगाड़ने की चेष्टा पर चिंता जाहिर की गई। बैठक में परिवार ने चुनाव आयोग से जात पात,और धर्म, संप्रदाय के नाम पर चुनाव लडने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।बैठक में मो हकीम,बालेश्वर कुमार दास, सुशील ओड़िया, प्रदीप मेहता, सईद अहमद,अनवर हुसैन, बोधी साव, मो साबिर, अधिवक्ता सतीश कुमार, प्रवीण मेहता, सुरेश महतो,समेत अन्य साथी उपस्थित थें।

## झामुमो जिला में इंडी गठबंधन के उम्मीदवार जय प्रकाश भाई पटेल के साथ बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झामुमो जिला इकाई की एक बैठक इंडी गठबंधन के प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल के साथ शनिवार को हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्रीय सचिव सह झामुमो के मुख्य संयोजक संजीव कुमार बेदिया एवं संचालन पूर्व जिला सचिव सह संयोजक मंडली सदस्य श्री नीलकंठ महतो ने की। मौके पर जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा की यह चुनाव देश के संविधान, आरक्षण,गरीब मजदूर और किसान को बचाने के लिए है।भाजपा विदेशों से कला धन लाकर गरीबों को 15 लाख देने समेत अनेकों वादे किए लेकिन उन वादों पर खरा नहीं उतर पाई।आज पूरा देश महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त है।मोदीजी गरीब का बेटा कहकर प्रधानमंत्री बने और देश की संपत्ति पूंजीपतियों को बेच रहे हैं।एक ओर पूंजीवादी प्रत्याशी है दूसरी ओर आंदोलनकारी का बेटा है,चयन आपको करना है। श्री बेदिया ने कहा कि हजारीबाग लोकसभा में बदलाव की लहर है ।



जय प्रकाश भाई पटेल को गुरुजी का आशीर्वाद प्राप्त हो चुका है और जीत सुनिश्चित है।कहा कि जिले में हमारा संगठन काफी मजबूत है। बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक लाखों की संख्या में कार्यकर्ता सक्रिय है जिसका लाभ महागठबंधन प्रत्यासी जे पी भाई पटेल को मिलेगा। बैठक में कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह, मो इजहार, संजय सिंह, नईम राही,देबीराम हेंब्रम, सुनील शर्मा, रवि सिंह,बिरेंद्र राणा महताब हुसैन, बालकुमार महतो, राजा मोहम्मद,मनोहर राम, लाखन लाल महतो,यासीन खान,आनंद मरांडी मो अख्तर, सुरेंद्र बंडो, सलीम अंसारी, चंदन सिंह अख्तर हाशमी, कमाल कुरैशी,अनन्या मुखर्जी, मोसरफराज, इफ्तेखार अहमद (टिंकू) उज्ज्वल सिंह,तराना परवीन, रेशमी टुडू, कपिलदेव चौधरी, संजय प्रजापति, राणा खान, यासीन अंसारी,स्वेता तिवारी, गीता देवी, मनीषा तिवारी, रविन्द्र नथ महतो कौसर हुसैन, अनवर हुसैन,श्रीनाथ महतो,लखी राम मांझी, अनुरग बर्मन, रोहित राम, जगदीश चंद्र यादव,कुर्बान अंसारी समेत हजारों की संख्या में बूथ स्तर से जिला स्तर के नेता एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

## हजारीबाग उपायुक्त एवं पुलिस अधिक्षक ने किया बरही प्रखंड का दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर बरही प्रखंड का दौरा कर विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बूथ संख्या 285 उत्क्रमित उच्च विद्यालय, केवाल एवं 344 उत्क्रमित मध्य विद्यालय, श्रीनगर का निरिक्षण किया तथा मूलभूत सुविधाओं को ससमय क्रियाशील करने का निर्देश दिया। अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान उन्होंने प्रखंड पदाधिकारियों के साथ बिरहोर टोला बारियट्ठा का भी दौरा किया। उन्होंने बिरहोर समुदाय के लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं से अवगत हुई। बातचीत के क्रम में उन्होंने सभी से मतदाता पहचान के पत्र के उपलब्धता के बारे जानकारी ली तथा सभी योग्य मतदाताओं को 20 मई को मतदान दिवस के दिन वोट करने को प्रेरित किया। उन्होंने बिरहोर बच्चों को टॉफी भी दिया।

## व्यवसाई अगर राजा हो जाये तो प्रजा का क्या होगा : जय प्रकाश भाई पटेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

हजारीबाग। जिला कांग्रेस कमिटी की कार्यकारणी की व लोकसभा चुनाव संबंधित महत्वपूर्ण बैठक वर्णिगा होटल में की गई । इस बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव और धन्यवाद ज्ञापन रजी अहमद ने की । इस बैठक में मुख्य रूप से जिला के प्रभारी अजय सिंह, विधायक उमाशंकर अकेला यादव, विधायिका अम्बा प्रसाद,हिन्दू न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक ,प्रदेश महिला अध्यक्ष गुंजन सिंह,प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार,अनुसूचित जाति के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान,प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा,सदर विधानसभा प्रभारी कमल ठाकुर,डॉ आर सी प्रसाद,मुन्ना सिंह हज़ारीबाग़ लोकसभा के प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल उपस्थित रहे । इस बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव ने कहा की कांग्रेस का घोषणा पत्र कागज नहीं, बल्कि न्याय पत्र है और यह हर उस समस्या का समाधान है जो एनडीए ने अपने 10 वर्षो के शासनकाल में जनता पर थोपी है. भाजपा मतों के ध्रुवीकरण के लिए सांप्रदायिक माहौल बनाने में माहिर है. ऐसे में हर कांग्रेसी को सजग रहना होगा. कांग्रेस के घोषणा पत्र में किसान, युवा, महिला, श्रमिक और ओबीसी सहित सभी वर्गों की कल्याण की बात का जिक्र है । इस बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला प्रभारी अजय सिंह ने कहा कांग्रेस के गारंटी घोषणा पत्र को जन-जन तक पहुँचाना पंचायत अध्यक्ष और बूथ अध्यक्षयो के माध्यम से हर काँग्रेसजन का उत्तरदायित्व है । हज़ारीबाग़ ज़िला का संगठन पूरा चुस्त है और सारे काँग्रेजन अपनी उत्तरदायित्व को समझ रहे है और चुनाव प्रचार में अपना सौ प्रतिशत कार्य कर रहे है। इस बार हज़ारीबाग़




लोकसभा से कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल की जीत के साथ हज़ारीबाग़ लोकसभा में कांग्रेस का परचम फहरेगा और व्यवसाई की हार तय है । इस बैठक को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस के हज़ारीबाग़ लोकसभा के प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा की केंद्र की भाजपा सरकार ने देश के मासूम लोगों के साथ धोखा किया है महंगाई को मुद्दा बनाकर सिलेंडर के साथ प्रदर्शन करने वाले लोग मंत्री बनने के बाद सिर्फ एसी की हवा खा रहे हैं। आज उन्हें सिलेंडर का दाम नजर नहीं आ रहा है ।महिला सुरक्षा कितनी कड़ी है पूरा देश जानता है। रोजगार बढ़ने की जगह घट रहा चुका है , युवा ग्रेजुएट होने के बाद पकोड़े तल रहा है । विदेश नीति साफ नहीं है, मोदी सरकार हर तरह से फेल हो चुकी है । इस अवसर पर जयप्रकाश पटेल ने कांग्रेस के पक्ष में वोट करने का आग्रह करते हुए कहा कि जिस तरह अपने आठ बार भरोसा कर हमें विधानसभा तक पहुंचाने का काम किया अब उसी तरह लोकसभा में जिताने का कार्य करिए । यह सेवा कार्य संसद से भी जारी रहेगा ।

बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने कहा की यदि व्यवसाययों को सता सौंपिएगा तो इसी तरह अपने फायदे के लिए सब कुछ डूबा देंगे ।आम आदमी को कुछ नहीं मिलने वाला इसलिए वक्त है सेवा करने वाले को सत्ता सौपने की।इस अवसर पर बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद ने कहा कि हर प्रखंड में प्रभारी नियुक्त करना है और व्यपारी प्रत्याशी को हर हाल में हराना है,और मेरे साथ जो नाइंसाफी हो रही है उसकी उसका बदला जनता लेगी। और सबके सुख- दुख के साथी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल को जीतना है । इस अवसर पर पूर्व प्रमुख बरही के गिरधारी लाल यादव ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी का सदस्यता ग्रहण किये । इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित रहे महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज नारायण भगत,ज़िला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान,प्रखंड अध्यक्ष में अजित सिंह,नरसिंह प्रजापति, गोवर्धन गंझू,सत्यनारायण प्रसाद,रविन्द्र गुप्ता,विशेस्वर नाथ चौबे, मंटू यादव,अब्दुल मन्नान वारसी,गौतम कुमार मेहता,शिबू प्रसाद सोनी,अब्बास अंसारी,नोशाद आलम,विजय कुमार,बिनोद सिंह,शान्तनु मिश्रा,आदिव रिजवी,अकील अहमद,दिगम्बर मेहता,रामसेवक सोनी,डॉ निजामुद्दीन, डॉ प्रकाश कुमार,कैलाश पति देव,अजय गुप्ता,कृष्णा किशोर प्रसाद,गुड्डू सिंह,संजय तिवारी,ओम झा,गोविंद राम,दिलीप रवि,बिजय सिंह,मो मुश्ताक,रजी अहमद, केडी सिंह,महेश प्रसाद,कजरु साव,बाबर अंसारी,परवेज अहमद,पंकज गुप्ता,मो रब्बानी,राशिद खान,युवा अध्यक्ष प्रकाश यादव,छात्र संग़ठन के अध्यक्ष अभिषेक राज, महिला अध्यक्ष बेबी देवी,सेवादल के राकेश गुप्ता,ओबीसी अध्यक्ष दीपक गुप्ता,अल्पसंख्यक ज़िला अध्यक्ष साजिद अली खान समेत अन्य लोग उपस्थित थें।

# लूटपाट की नीयत से घुसे अपराधियों ने विरोध और पहचान लिए जाने के डर से बुजुर्ग की गला रेत कर हत्या की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** जिले के गोला थाना क्षेत्र अंतर्गत बरियातू गांव में लूटपाट की नीयत से दुकान में घुसे अपराधियों ने एक बुजुर्ग का गाल रेत दिया। इस वारदात के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। इस मामले की पुष्टि करते हुए शनिवार को रामगढ़ एसपी डॉ बिमल कुमार ने बताया कि यह घटना शुक्रवार देर रात की है। बरियातू गांव में बंसी सोनार (85) अपने घर में ही मौजूद थे। घर के बाहर ही उनकी एक दुकान भी है। परिवार के सभी सदस्य शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए हुए थे। इसी दौरान दुकान में लूट की मंसा से घुसे अपराधियों ने वहां तांडव मचाया। जब अपराधियों का विरोध बंसी सोनार ने किया तो उन लोगों ने गला रेत कर उनकी हत्या कर दी। अब इस हत्या की गुत्थी सुलझाने के लिए अपराधियों की धर पकड़ जारी है। पुलिस को





संदेह है कि आसपास के ही कुछ लोग इस वारदात को अंजाम देने में शामिल है । उन्हें इस बात की पक्की खबर थी कि घर में कोई नहीं है और वहां आसानी से चोरी और लूटपाट की जा सकती है। लेकिन बंसी सोनार के द्वारा किया गया विरोध और पहचान लिए जाने के डर से अपराधियों ने उनकी हत्या की है। खबर लिखे जाने तक पुलिस द्वारा हत्या में शामिल किसी भी अपराधी को गिरफ्तार नहीं किया है।

# उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी द्वारा 2 कुख्यात अपराधियों को किया गया जिला बदर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**रामगढ़ :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामगढ़ चंदन कुमार के न्यायालय द्वारा झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 के तहत विधि व्यवस्था व लोक शांति बनाए रखने तथा अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कुख्यात अपराधी प्रदीप पासवान (भुरकुंडा, पतरातू) एवं कुख्यात अपराधी दीपक धोबी उर्फ दीपक रजक(जयनगर, पतरातू) के विरुद्ध निम्न आदेश जारी किए गए हैं। दोनो अभियुक्तों को 3 महीने अथवा आदर्श आचार संहिता की अवधि समाप्त होने तक जो भी पहले हो को रामगढ़ जिला क्षेत्राधिकार से निष्कासित (जिला बदर) किया गया है। अभियुक्तों को आदेश पारित होने के 24 घंटे के अंदर जिले की सीमा को छोड़ना होगा एवं अगले छह माह तक जिले की सीमा में बगैर लिखित पूर्वानुमति के प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी। यदि कोई अनुज्ञप्ति लाइसेंस आधारित शस्त्र है तो अविलंब उसे स्थानीय थाने में जमा कराएंगे एवं इस अवधि में किसी भी स्थिति में शस्त्रधारित नहीं करेंगे।उक्त सभी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू है एवं आदेश की अवमानना अथवा उलंघन झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 की धारा 25 तथा भारतीय दंड संहिता, इत्यादि के अन्य सुसंगत धाराओं के अंतर्गत दंडनीय होगा।

## जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में चलाया गया सघन वाहन जांच अभियान



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त,रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देशानुसार शुक्रवार की रात्री को जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स के नेतृत्व में विभिन्न चौक चौराहे पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा माल वाहक वाहनों व अन्य वाहनों का आर0सी0 बुक, फिटनेस, प्रदूषण एवं ड्राइविंग लाइसेंस,ओवरलोडिंग, आदि के साथ साथ वाहनों पर लगाए जाने वाले रिफ्लेक्टिव टेप की भी जांच की गई। वहीं जांच के दौरान कुल 11 वाहनों के कागजात अधूरे पाए गए उन सभी वाहनों के वाहन चालकों से नियम संगत जुर्माना की वसूली की गई जिसमे कुल 257000 रुपया जुर्माना वसूल किया गया। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी रामगढ़ मनीषा वत्स ने सभी वाहन चालकों से अपील किया की सभी वाहन चालक अपने-अपने वाहन के पीछे रिफ्लेक्टिंग टैप का प्रयोग जरूर करें ताकि आए दिन हो रही दुर्घटनाओं की संभावनाओं को काम किया जा सके। मौके पर मुख्य रूप से जांच के दौरान विक्की आनंद, पुलिस बल के जवान सहित अन्य उपस्थित थे।

## डीएवी स्कूल की छात्रा स्तुति रानी सहित तीन अन्य ने जेईई मेन्स में पाई सफलता



**पतरातु(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डी ए वी पब्लिक स्कूल पतरातु की 12 वी की छात्रा स्तुति रानी ने जे ई ई मेन्स परीक्षा 2024 में 99.2 प्रेसेंटाईल प्राप्त कर स्कूल समेत पूरे क्षेत्र का नाम रौशन किया। इसके अलावे स्कूल के तीन अन्य छात्रों में अर्पिता कुमारी, प्रियांशु शर्मा और कृति कुमारी ने भी सफलता प्राप्त की है। स्तुति ने बताया कि पतरातु डी ए वी पब्लिक स्कूल के शिक्षकों का सहयोग हमेशा रहा। इसके लिए मैने प्रत्येक दिन 7 घंटे लगातार पढ़ाई की। जिसके कारण काफी अच्छा रिजल्ट मिला। स्तुति ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी कड़ी मेहनत ,अपने माता पिता का आशीर्वाद तथा स्कूल के शिक्षकों को दिया है। स्कूल के प्राचार्य मनीष कुमार सिन्हा ने स्तुति रानी, अर्पिता कुमारी, प्रियांशु शर्मा और कृती की सफलता पर बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सरस्वती विद्या मंदिर सिरका में दादा-दादी नाना नानी सम्मान समारोह का आयोजन



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान के योजना के अनुसार सरस्वती विद्या मंदिर सिरका में दादा-दादी नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में अरगड्डा एरिया के विभिन्न क्षेत्र के भैया बहनों के दादा-दादी एवं नाना-नानी सम्मिलित हुए।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनप्रतिनिधि टोंगी पंचायत की मुखिया रिंकी देवी उपस्थित हुई। विद्यालय प्रबंधन कार्यकारिणी के सचिव एवं कोषाध्यक्ष भी थे ।रिंकी देवी एवं विद्यालय के सचिव सतीश श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर दादा दादी एवं नाना नानी के योगदान एवं भारतीय संस्कृति को बनाए रखने पर प्रकाश डाला । विद्यालय की शिक्षिका का सीमा सिन्हा ने बच्चों के द्वारा नाटक , एकल गीत एवं एकल नृत्य प्रस्तुत की ।अतिथियों का परिचय एवं भूमिका आचार्य शंभू कुमार सिंह विस्तार से दिया।कुंजलाल आचार्य द्वारा दादा दादी नान नानी कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। प्रभारी प्राचार्य विनोद कुमार श्रीवास्तव ने दादा-दादी नाना-नानी कार्यक्रम पर धन्यवाद ज्ञापन दिया । इस अवसर पर सभी आचार्यवृन्द एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने आर ए माइनिंग कंपनी का ब्लास्टिंग कार्य ठप कराया

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र कि उत्खनन कंपनी आर ए माइनिंग कंपनी का शनिवार को सौंदा बस्ती के ग्रामीण ने टोंगरी टोला में किये जा रहे ब्लास्टिंग कार्य को रोक दिया। बता दें कि कुछ दिन पूर्व टोंगरी टोला में रहने वाले महेश उरांव, रमेश मुंडा, मुकेश करमाली,राजू करमाली,मीना देवी,पापलू भुइयां का घर 20 अप्रैल को लगातार कि गई हैवी ब्लास्टिंग से छतिग्रस्त हो गई थी। जिसमें सीसीएल प्रबंधन ने ग्रामीणों को लिखित आश्वासन दिया था कि टुटे मकान का मुआवजा दिया जाएगा और जबतक टोंगरी टोला के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पुर्नवास नहीं होता है तबतक उस क्षेत्र में ब्लास्टिंग नहीं किया जाएगा। उसके बावजूद भी कंपनी हैवी ब्लास्टिंग करती जा रही है। बदहाल ग्रामीणों ने कंपनी का ब्लास्टिंग कार्य रोक दिया। वहीं ब्लास्टिंग कार्य को रोकने वालो में दयानंद प्रसाद, हरिनारायण प्रसाद,सुरज,संदीप,अभिषेक, अनिल, मुकेश, ललीता देवी, बसंती देवी,सोनी देवी,संजू देवी, सुषमा देवी, क्रांति देवी,कुंती देवी,राधा देवी, संभू,एतवा करमाली, कृष्णा मुंडा, मनोज बाउरी आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

# जयप्रकाश भाई पटेल का पतरातु प्रखंड के विभिन्न गांव में तूफानी जनसंपर्क अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** इंडिया गठबंधन के हज़ारीबागा लोकसभा के प्रतायशी जयप्रकाश भाई पटेल का रामगढ़ जिले के पतरातु प्रखंड में तुफानी जनसंपर्क अभियान और जनसंवाद कर इंडिया गठबंधन और अपने पक्ष में वोट मांगा। इस दौरान क्षेत्र के लोगों का अपार जनसमर्थन मिला। इस प्रचंड गर्मी होने के बावजूद बड़ी संख्या में लोगों का हुजूम उमड़ा। टिकट कन्फर्म होने के तुरंत बाद से बिना रुके, बिना थके, प्रचंड गर्मी में अहले सुबह से लेकर देर रात्रि तक जनता के बीच बने रहते हैं।इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने जनसभाएं आयोजित की और लोगों से अपनी योजनाएं और उद्देश्यों को साझा किया।पटेल ने अपने भविष्य की योजना को लेकर लोगों को आश्वस्त किया और उन्हें विकास, सुरक्षा और समृद्धि की दिशा में ले जाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई का भी दावा किया और लोगों से साथ मिलकर नए भारत की दिशा में कदम बढ़ाने का आह्वाहन किया। पटेल ने लोगों के साथ गहरा संवाद किया और उनकी जरूरतों को सुना। उन्होंने लोगों की



आवाज को संवैधानिक प्रक्रिया में शामिल करने का भी आश्वासन दिया।यह तुफानी जनसंपर्क अभियान व्यापक समर्थन और उत्साह के साथ हुआ और इससे एक बड़े पैमाने पर लोगों के दिलों में विश्वास और आस्था की बौछार भी बिखेरा। जय प्रकाश भाई पटेल के इस उत्साहजनक जनसंपर्क अभियान ने उनकी प्रतिष्ठा और लोकप्रियता को भी और बढ़ादिया।जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान, जय प्रकाश सिंह, ऊर्फ ननकी, प्रखंड अध्यक्ष सुजीत पटेल के साथ इंडिया गठबंधन के सैकड़ो कार्यकर्ता रहे शामिल।।

# शरारती लोग के द्वारा एक फल दुकान को तेल छिड़ककर किया आग के





♦लाखों की समान जलकर राख

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** रामगढ़ जिले के भुरकुंडा रीवर साईड बुध बाजार स्थित शरारती लोगों द्वारा एक फल दुकान को तेल छिड़ककर किया आग के हवाले, इस घटना में दुकान में रखे सेब अनार, संतरा,केला, अंगूर, नारियल डब, अंजीर, इत्यादि फल जलकर राख हो गई और लगभग साढ़े तीन लाख रुपए का कुल नुकसान हुआ है। घटनास्थल के कुछ दूरी पर लगें सीसीटीवी फुटेज में दो लोगों का तस्वीरें कैद हो गई, फुटेज में साफ साफ देखा जा रहा है कि एक बाइक पर सवार दो व्यक्ति दुकान के पास गाड़ी रोककर तेल छिड़ककर फल दुकान में आग लगाई गई है। फल दुकान संचालक मो इबरार और उनके बेटे जुबेर आलम पुलिस और प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है, और कहा यही दुकान से इनके घर का रोजी-रोटी और जीवन यापन चल रहा था और ऐसे में शरारती लोगों दुकान को तेल छिड़ककर आग के हवाले कर दिया है, जिससे दुकान सहित रखें समान जलकर राख हो गई है।पूरे मामले को लेकर भुक्तभोगी द्वारा भुरकुंडा ओपी में लिखित शिकायत दर्ज कराई जा रही है।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा परिषद की जिला स्तरीय बैठक हुई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** भुरकुंडा पंचायत भवन में शनिवार जिला स्तरीय राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा परिषद की बैठक महा-सचिव् अशोक कुमार चौहान की अध्यक्षता में रखी गई 7 एव मंच संचालन रॉकी अग्रवाल ने किया। जिसमें रामगढ़ जिला के सदस्य शामिल हुए अशोक कुमार चौहान ने सभी सदस्यों को मानवाधिकार के बारे जागरूक किया एवं सभी सदस्यों को राष्ट्रीय मानवा अधिकार सुरक्षा परिषद से जोड़ने का कहा 7 इस बैठक में मुख्य रूप से प्रांतिय अध्यक्ष बृज किशोर राम एवं रामगढ़ जिला के सचिव संजय गोराइ उपस्थित थे। बृजकिशोर राम ने मतदाता जागरूकता अभियान के बारे में कहा एवं संजय गोरे ने भी यह कहा




कि हमें भी सभी सदस्यों के साथ मिलकर परिषद के उद्देश्य को आगे बढ़नाा है, एवं बैठक में निम्नलिखित सदस्यों को उनका आई कार्ड देकर सम्मानित किया। इस बैठक में सदस्यों में अमन चौहान, सहनवाज़ अंसारी, केपी मुखर्जी, गणेश गंजु , रानी कुमारी गुप्ता ,अनुज कुमार सिन्हा, अभिषेक कुमार ,कृष्णा कुमार रविदास, तेलवश्वर शर्मा ,हरी शंकर यादव, तेजेन्द्र कुमार , रिंकू दास, राजेश कुमार शर्मा ,जीतेन्द्र कुमार , बैभव कुमार ,भगैरथ महतो, ती.त्रेहन, सुरजीत सिंह, लक्ष्मी देवी ,युगल पासवान,दिलीप अग्रवाल, जैकी कुमार, बजरंग रजवार, मिराज कुरैशी, दसरथ कुमार पासवान, गुरुदयाल ठाकुर , सुभाष करमाली, घनश्याम महतो ,सुधांसु मिस्त्री आदि उपस्थित हुए।

# मतदाता जागरूकता अभियान को तहत निमित्त बूथ अवेयरनेस ग्रुप की बैठक हुई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** बुध बाजार दोतल्ला के राजकीय कन्या मध्य विद्यालय भुरकुंडा में मतदान केंद्र संख्या 373, 374,375, 376, 377 एवं 378 का मतदाता जागरूकता अभियान 2024 के निमित्त बूथ अवेयरनेस ग्रुप की चौथी बैठक स्थानीय मुखिया सत्यवंती देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी 20 मई को होने वाली आम चुनाव में 18 वर्ष सहित सभी मतदाता को सत प्रतिशत मतदान कराने हेतु विचार विमर्श कर रूप रेखा तैयार की गई ! बैठक में मतदाता के घर-घर जाकर मतदान करने हेतु प्रेरित करने के साथ-साथ ही मतदान केंद्रों पर मतदाता के लिए पेय जल , शौचालय ,व्हीलचेयर




सहित सभी आवश्यक मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने का सर्व सहमति से निर्णय लिया गया ! बैठक में मुख्य रूप से बी एल ओ किरण सिंह, रंजू सिंह, प्रेमी सलोमि तिर्की, एलिजाबेथ डोडराय,सोफिया कुजूर, रानी शर्मा, पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार महतो, प्रधानाध्यापक रवीश कुमार, शिक्षिका अनीता तिवारी, सीमा देवी,रेखा देवी, सईदा खातून,एवं तिलोत्मा तिवारी, शकुंतला देवी, राजो देवी सहित दर्जनो गैर राजनीतिक दल के नागरिक गण उपस्थित थे।

# क्वार्टर फाइनल में सिमडेगा ने पाकुड़ को 57 रन से हराया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट लीग अंडर- 16 का शनिवार को ग्राउंड 1. छावनी क्रिकेट ग्राउंड में सिमडेगा बनाम पाकुड़ के बीच क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया पाकुड़ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया,सिमडेगा पहले बल्लेबाज़ी करते हुए निर्धारित 50-50 ओवर के मैच में 41.3 ओवर मे 196 /10 विकेट खोकर रन बनाया। जिसमें अधर्व कुमार के 62 रन एवं अंकित राज 34 रन, एवम फैजान खान 22 रन किया। पाकुड़ की ओर से गेंदबाज जफर अहमद 7.3 ओवर में 44/5 विकेट एवं जय रजक 10 ओवर में 49/2 विकेट, सुमीत सिंह 10 ओवर 30/2 विकेट मिला,। लक्ष्य की पीछा करने उतरी पाकुड़ ने 43.2 ओवर में 139/10 बनाकर ऑल आउट हो गया उनके मुख्य बल्लेबाज अर्जुन गोश्वामी 37 रन दिबांकर कुमार 28 रन, चिंटू सिंह 22 रन जय रजक 16 रन ही बना




पाए और इस क्वार्टर फाइनल विजेता बना सिमडेगा 57 रन से आज की मैच का विजेता बना। सिमडेगा की ओर से गेंदबाज फैजान खान 6.2 ओवर 12/4 दर्श जुरेल 9 ओवर में 22/2 विकेट, सूर्योत्तम कुमार 3 ओवर 9/2 विकेट अपने खाते मै डाले, सिमडेगा 57 रन से जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। मैच के अंपायर उमेश पाठक तथा अजित कुमार थे जबकि स्कोरिंग दीपक कुमार ने किया । मैच ऑब्जर्बर सुब्रोतो घोष तथा रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र साहू सचिव अरुण कुमार राय, कोषाध्यक्ष सूरज प्रसाद ,सयुक्त सचिव वीरेंद्र प्रसाद पासवान, रोहित कुमार एवम सहसचिव उपेंद्र प्रसाद सिंह, पवन कुमार साहु महेंद्र राणा उपस्थि थे, रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार राय,मैच ऑब्जर्वर सुब्रतो घोष, उमेश पाठक एवं रविंद्र साहु अन्य लोगों ने प्लेयर ऑफ द मैच का कैश एवं ट्रॉफी फैजान खान सिमडेगा को भेंट किया. साथ ही पाकुड़ के गेंदबाज जफर अहमद को 5 विकेट लेने पर टीआरडीओ के तरफ से बॉल भेट किया गया।

# हजरत हिदायतुल्लाह शाहदाता रहमतुल्लाह अलैह के मजार पर मनाया गया 39 वां उर्स

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** नया नगर बरकाकाना कॉलोनी स्थित हजरत हिदायतुल्लाह शाहदाता रहमतुल्लाह अलैह के मजार पर प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी 39 वा उर्स का आयोजन किया गया। उर्स के मौके पर बाबा हजरत हिदायतुल्लाह शाहदाता रहमतुल्लाह अलैह के मजार पर सुबह 7 बजे कुरान खानी, दोपहर 2ः00 बजे गुसुल शरीफ, 4ः30 बजे चादरपोसी व 5ः30 बजे फतेहा खानी किया गया। उर्स के मौके पर उर्स कमेटी के लोगों द्वारा शानदार कव्वाली मुकाबला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बड़का गांव विधायक अंबा प्रसाद व वशिष्ठ अतिथि के रूप में हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल, केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना के महाप्रबंधक



प्रवीण कुमार शामिल हुए। अतिथियों उन लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन होने से आपसी भाईचारगी एकता व गंगा जमुना तहजीब का एक आदर्श रूप देखने को मिलता है।कव्वाली का शानदार मुकाबला कव्वाल बाबू गुलाम साबरीव व नाज वारसी कव्वाला के बीच जबरदस्त मुकाबला देखा गया। जो अहले सुबह तक चलता रहा। उर्स कमेटी के लोगों द्वारा कार्यक्रम में शिरकत करने वाले अतिथियों को बैज पहना कर सम्मानित किया गया। कव्वाली सुनने के लिए रामगढ़ जिला के अलावे विभिन्न जिले के लोग शामिल हुए। मौके पर उर्स कमेटी के अध्यक्ष रमेश प्रसाद यादव, सचिव मोहम्मद शफीक उर्फ बाबू, कोषाध्यक्ष मोहम्मद आजाद मुखिया मोहम्मद मोकीम आलम, फरीद अंसारी, परवेज आलम, कौशल्या देवी प्रमुख पतरातू प्रखंड सहित कई लोग उपस्थित थेद्य

## बढ़ती गर्मी में वॉटर थेरेपी से आनंदित हुए दिव्यांग बच्चे



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : पहला कदम स्कूल में शनिवार को एक्टिविटी डे के अवसर पर दिव्यांग बच्चों ने बढ़ती हुई गर्मी में राहत के लिए स्विमिंग पूल का आनंद लिया। इस अवसर पर बच्चों के साथ पहला कदम स्कूल की अध्यक्ष रेनु दुदानी, कोलकाता राउंड टेबल से श्वेता अग्रवाल चेयरपर्सन केकेएलसी 147, अदिति दुदानी चेयरपर्सन सीएमएलसी 132 उपस्थित थे। उन्होंने दिव्यांग बच्चों के लिए आयोजित वाटर थेरैपी की तारीफ करते हुए कहा कि सामान्य बच्चों के लिए तो इस तरह का आनंद लेते है पर दिव्यांग बच्चों के लिए अनोखा आनंद होता है। कहा की वाटर थेरैपी बच्चों में हाइपर एक्टिविटी को कम करने के साथ साथ गुस्से को कम करती है। ठंड के बाद गर्मी में हमारे दिव्यांग बच्चे स्विमिंग पूल का आनंद लेने के लिए बेसब्री से इंतज़ार करते है जो उन्हें आनंदित करता है। खेल खेल में स्विमिंग पूल वाटर थेरैपी के साथ बच्चों में काफी लाभ होता है।

## लगातार 36 घंटों तक चला गहन टिकट चेकिंग अभियान

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : धनबाद मंडल के विभिन्न खण्डों में लगातार 36 घंटों तक विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों के साथ अन्य स्टेशनों एवं मंडल से चलने/गुजरने वाली विभिन्न ट्रेनों में गहन टिकट चेकिंग की गई। इस दौरान की गई चेकिंग में 341 टिकट चेकिंग कर्मियों को लगाया गया था। इस विशेष टिकट चेकिंग अभियान के दौरान कुल 3203 यात्रियों को पकड़ा गया एवं उनसे 16 लाख 45 हजार 160 रूपए जुर्माने के रूप में राशि प्राप्त की गई। इस अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रियों को पकड़ा गया एवं उनसे जुर्माने के रूप में राशि प्राप्त की गई व कड़ी हिदायत दी। इस अभियान का उद्देश्य टिकट काउंटर की बिक्री बढ़ाना, बिना टिकट के यात्रा करने वाले यात्रियों पर लगाम लगाना एवं यात्रियों को टिकट लेने के लिए प्रेरित करना है जिससे कि वो अगली बार टिकट लेकर यात्रा करें। उक्त सारी जानकारी वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, धनबाद एवं वरीय जनसंपर्क अधिकारी अमरेश कुमार ने दी।

## सिविल कोर्ट में न्यायाधीशों ने किया रक्तदान




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार धनबाद के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन सिविल कोर्ट धनबाद स्थित लीगल एंड डिफेंस काउंसिल कार्यालय में किया गया। शिविर में 12 न्यायिक पदाधिकारीयों, आठ अभियोजन पदाधिकारी, लीगल एंड डिफेंस काउंसिल के सदस्यों, सिविल कोर्ट कर्मचारियों, अधिवक्ताओं, डालसा के पारा लिगल वोलेंटियर ने कुल 26 यूनिट रक्त का दान किया। मौके पर अवर न्यायालय मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला, अवर न्यायाधीश एंजेलिना जॉन, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी पूनम कुमारी, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी पूनम कुमारी, रजिस्ट्रार अभिनव त्रिपाठी, एसएनएमसीएच के डॉक्टर बी के पांडे, अशोक शर्मा, संजीव कुमार, राजू महतो, शंभू साहनी, विष्णुपद कुंभकार, टेक्निशियन, प्रार्थना गुप्ता, प्रियंका कुमारी, प्रेरणा, पैरा लीगल वोलेंटियर राजेश सिंह समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## एक मई को धनबाद लोकसभा से जगदीश रवानी करेंगे नामांकन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : मार्क्सवादी युवा मोर्चा की एक बैठक भूली ए ब्लॉक में अरविंद तिवारी का अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो उपस्थित थे। बैठक को सम्बोधित करते हुए पवन महतो ने कहा कि मायुमो के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश रवानी 1 मई को धनबाद लोकसभा से मासस प्रत्याशी के रूप में नामांकन करेंगे। धनबाद लोक सभा से जगदीश रवानी की जीत के लिए मायुमो कार्यकर्ता तन मन धन से लग जायें। बैठक में मुख्य रूप से राजेश रवानी, विक्की रजक, मंटू रवानी, राजकुमार महतो, सुबोध महतो, शंकर महतो, लाल रजक, ननकू रवानी, दिनेश रवानी आदि शामिल थे।



### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने धनबाद लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न बूथों का किया निरीक्षण

# निरीक्षण के दौरान कुछ बूथों में एएमएफ की व्यवस्था सुदृढ़ करने के दिए निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने धनबाद लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बूथ पर एएमएफ की व्यवस्थाओं की जानकारी संबंधित एआरओ से प्राप्त की।

इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने धनबाद विधानसभा क्षेत्र स्थित पांडरपाला के बूथ नंबर 58,59,60 एवं 61 टुंडी विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 71, 368 एवं 369 एवं बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 280 एवं 268 का निरीक्षण कर एएमएफ की व्यवस्था का जायजा लिया।



निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जिन-जिन बूथ में एएमएफ की व्यवस्था में कमी नजर आई वैसे बूथों के पदाधिकारी को ससमय पीने योग्य पानी, शौचालय, बिजली, रैंप, शेड आदि की व्यवस्था हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान वल्नरेबल बूथ के मतदाताओं से वार्ता की और कहा कि लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करें तभी लोकतंत्र मजबूत होगा। निर्भीक होकर मतदान करें, किसी के बहकावे में न आएं। जिला प्रशासन एवं पुलिस आप सभी के साथ हैं, इसलिए बिना किसी डर, दबाव, प्रलोभन के अपने मत का प्रयोग करें।

**वल्नरेबल मतदाताओं से वार्ता कर बिना किसी डर, दबाव प्रलोभन के अपने मत का प्रयोग करने की अपील**

मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह संबंधित क्षेत्र के बीडीओ समेत बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर मौजूद रहे।

## मस्जिद-ए-युसुफ में हज तर्बियत कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद** : वासेपुर के नबीनगर स्थित मस्जिद ए युसुफ मे हज तर्बियत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के द्वारा इस वर्ष हज पर जाने वाले लोगों को हज अदा करने के सही तरीके बताए गये। हज पर जाने वाले सभी औरत और मर्द लोग इस कार्यक्रम मे शामिल हुए। मुख्य अतिथि मुफ्ती अब्दुल हई, मौलाना अमजद, आसिफ, हाजी जसीम, मो अनीस के द्वारा हज के अरकानों की अहम जानकारियां दी गई। औरतों के लिये भी विशेष व्यवस्था की गयी थी। साथ ही सभी के लिये भोजन का उत्तम प्रबंध भी किया गया था। कार्यक्रम का आयोजन मस्जिद ए युसुफ के सदर हाजी कलीमुल्लाह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मोहम्मद नुरुल्ला, अम्मार अली, अब्दुल्ला, अरबाज, फैजी, नूर, गुलाम रब्बानी उर्फ बबलू, मुन्ना बीसीसीएल वाले प्रिंस उर्फ इमरान अंसारी, शोएब अंसारी, सद्दाम, मुख्तार, आदिल आलम, पारो खान, चिंटू, अमजद, हाजी नौशाद, मन्नान बेकरी, सलाउद्दीन, इसरार आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय दुम्मा में "रन फॉर वोट" मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेंगाबाद** : उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय दुम्मा, प्रखंड जमुआ की ओर से रन फॉर वोट मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस संबंध में प्रभारी प्राचार्य बिनोद कुमार ने कहा कि भारतीय चुनाव आयोग एवं जिला प्रशासन गिरिडीह की ओर से ज्यादा से ज्यादा मतदान सुनिश्चित करने हेतु रन फॉर वोट का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज विद्यालय परिसर से छात्र छात्राओं ने ÷सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो ÷ वोट डालने जाना है अपना फ़र्ज़ निभाना है ÷ इत्यादि चुनावी स्लोगन लगाते हुए, मदनुतांड, सोनानाचन, नावाडीह, दत्तकितची, पहाड़ी चौक दुम्मा होते हुए कुल चार किलोमीटर की पदयात्रा निकाली गयी। गावों, टोलों में मिलने वाले लोगों से मतदान करने की अपील भी किया गया। विदित है कि कोडरमा लोकसभा का चुनाव आगामी बीस मई को होगा। रन फॉर वोट को सफल बनाने में सहायक अध्यापक सुशील कुमार, सुधीर कुमार, फूलमती कुमारी, स्थानीय बी एल ओ स्मिता वर्मा के साथ साथ छात्रा सुगंती कुमारी, अनुराधा वर्मा, चांदनी कुमारी, करिश्मा, अभिलाषा, प्रीति एवं छात्र कमलेश, विवेक, चन्दन कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। रन फॉर वोट में सभी वर्ग के कुल 445 छात्रों ने हिस्सा लिया।

## युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने चलाया जनसंपर्क अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह** : शनिवार को गिरिडीह युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मो0 हसनैन अली गांडेय विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान किया जिसमें कई गांव में जिला अध्यक्ष का भ्रमण हुआ और स्थानीय ग्रामीणों ने झारखंड में एक भी अल्पसंख्यक उम्मीदवार को लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं दिए जाने की नाराजगी है और लोगों ने जिला अध्यक्ष की गाड़ी रोककर विरोध किया और स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि झारखंड में अल्पसंख्यक समुदाय कि आबादी 18 प्रतिशत है और एक भी अल्पसंख्यक उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया जाना यह कैसा बर्ताव है अल्पसंख्यकों के साथ आला कमान अगर अल्पसंख्यक उम्मीदवार लोकसभा चुनाव में नहीं



देती है तो हम लोग किसी भी दल के नेता को अपने गांव में घुसने नहीं देंगे और मजबूत तरीके से विरोध होगा। स्थानीय लोगो की नाराजगी के बाद जिला अध्यक्ष हसनैन अली ने कहा की आज मैं अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान गांडेय विधानसभा के विभिन्न इलाकों में क्षेत्र भ्रमण किया जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों में जबरदस्त नाराजगी है क्योंकि झारखंड के लोकसभा चुनाव में एक भी अल्पसंख्यक उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया गया है और पूरे राज्य में अल्पसंख्यक समुदाय में नाराजगी का माहौल है इसलिए मैं आलाकमान से अनुरोध करता हूं की आला कमान को पूर्ण विचार करनी चाहिए और 14 लोकसभा सीट में से एक सीट अल्पसंख्यक समुदाय को दिया जाना चाहिए।

## कोडरमा लोकसभा से भाजपा की प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी 2 मई को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेगी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह** : एनडीए प्रधान कार्यालय गांधी चौक गिरिडीह में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह कोडरमा लोक सभा के प्रभारी विकाश प्रीतम प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किए। प्रेस कांफ्रेंस में गिरिडीह भाजपा जिलाध्यक्ष महादेव दुबे,गिरिडीह लोकसभा के संयोजक प्रकाश सेठ,भाजपा जिला कोषाध्यक्ष मुकेश जालान, युवा मोर्चा के कार्यसमिति के सदस्य संजीव कुमार सिंह उपस्थित रहें। कोडरमा लोकसभा से भाजपा की प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी 2 मई को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेगी, अन्नपूर्णा देवी के नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य भी शामिल होंगे इसकी जानकारी शनिवार को भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह कोडरमा लोकसभा के प्रभारी विकास प्रीतम ने प्रेस कान्फ्रेंस करके दी। उन्होंने कहा कि 2 मई को अन्नपूर्णा देवी और 3 मई को गाण्डेय उपचुनाव के लिए दिलीप वर्मा पर्चा दाखिल करेंगे। उन्होंने इस दौरान गाण्डेय से झामुमो की प्रत्याशी कल्पना सोरेन पर भी हमला बोला, उन्होंने कहा कि एक आदिवासी मुख्यमंत्री को हटाने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी को गाण्डेय विधानसभा उपचुनाव लड़वाया जा रहा है।

## कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के समर्थन में जनसंपर्क अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद** : धनबाद लोकसभा इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के समर्थन में सघन जनसंपर्क अभियान पुटकी मोड़ स्थित पुटकी होटल नवनीत के प्रांगण में बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की गई। धनबाद प्रखंड कांग्रेस के नगर कांग्रेस की अगुवाई में प्रमुख कांग्रेस जनों एवं बुथ स्तरीय कार्यकर्ताओं के साथ बैठक हुई। जिसमें अनुपमा सिंह की रिकॉर्ड तोड़ जीत हेतु रणनीति तैयार की गई। विधायक जय मंगल सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने जिस तरह से निवर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल में बंद कर दिया है, यह तानाशाही की सारी हरी हदों को पार करने वाला है। आज देश में महंगाई बेरोजगारी चरम सीमा पर है। मोदी सरकार नौकरी देना नहीं चाहती। पुलिस रेल में लगभग 30 लाख नौकरी रिक्त हैं। 10 लाख तो सरकारी अधिकारी कर्मचारियों के पद रिक्त खाली हैं। कांग्रेस का यह वादा है सत्ता संभालते ही 30 लाख पद भरे जाएंगे। कांग्रेस की अगुवाई में इंडिया गठबंधन की सरकार आई तो युवा रोशनी के तहत पांच हजार करोड़ का फंड हर जिले को स्टार्टअप के लिए दिया जाएगा जिसका लाभ गरीब बेरोजगार उठा सकें। धनबाद को एक अव्वल जिला बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। जानकारी प्रवक्ता सतपाल सिंह ब्रोका ने दी।

## ढुल्लू महतो के समर्थन में जदयू ने चलाया जनसंपर्क अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद** : एनडीए गठबंधन की तरफ से धनबाद संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के समर्थन में धनबाद जिला जदयू के अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह ने शनिवार को धनबाद कोयलांचल के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से एनडीए के समर्थन में मतदान करने की अपील की। यह जनसंपर्क अभियान मुनीडीह, बालूडीह, पुटकी तथा केंदुआ आदि क्षेत्र में सघन रूप से चलाया गया। जनसंपर्क अभियान में प्रत्याशी ढुल्लू महतो के साथ धनबाद जिला जदयू के अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह, संगठन के नगर अध्यक्ष धनलाल दुबे, युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रूपेश पासवान, धनबाद प्रखंड अध्यक्ष बबलू मोदक, युवा प्रकोष्ठ के जिला महासचिव आदित्य पासवान, महिला जिला अध्यक्ष पुष्पा पांडेय तथा दीपेन प्रमाणिक आदि शामिल थे।

## असर्फी हॉस्पीटल में जबड़े, नाक व मुंह में 6 फ्रेक्चर की हुई सफल सर्जरी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद** : असर्फी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पीटल में एक युवक के चेहरे में हुए 6 फ्रेक्चर का जटिल ऑपरेशन किया गया। राजगंज स्थित पंचरुखी निवासी 26 वर्षीय शैलेंद्र कुमार सिंह युवक का नाम है। युवक 20 मार्च को भीषण सड़क हादसे में बुरी तरह घायल हो गया था। बाइक से जाते समय पीछे से एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी थी। आनन-फानन में मरीज के परिजनों ने युवक को असर्फी हॉस्पीटल में भर्ती कराया। जांच करने पर पता चला कि मुंह में निचली व ऊपरी जबड़े, नाक, गाल और दोनों आंखों के नीचे की हड्डी टूट गई थी। मुंह के निचले हिस्से में तीन दांत भी टूट गए थे। सिर्फ चेहरे के हिस्से में 6 फ्रेक्चर हुए थे। इसके अलावा दाहिने कलाई और अंगुलियों की कई हड्डियां भी टूट गई थी। चेहरा इस कदर जख्मी हुआ था कि पहचान तक मिट गई थी। दर्द से परेशान मरीज के इलाज के लिए तीन विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम का गठन किया गया। इसमें डॉ. विवेक डोकानिया, डॉ. कृष्ण कुमार पांडेय और डॉ. मुकेश कुमार शामिल थे। मुंह के जबड़े का ऑपरेशन डॉ. विवेक डोकानिया तथा कलाई और अंगुलियों की टूटी हड्डियों की सर्जरी डॉ. मुकेश कुमार ने की। ऑपरेशन में करीब चार घंटे लगे। सफल ऑपरेशन के बाद मरीज के परिजन काफी खुश हैं। पूरी तरह स्वस्थ होने पर मरीज को हॉस्पीटल से विदाई दे दी गई। मरीज अपने घर पर सामान्य जीवन जी रहा है। मरीज के पिता नारायण सिंह ने सफल ऑपरेशन होने पर असर्फी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पीटल के सीईओ हरेंद्र सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। कहा कि इस हॉस्पीटल मे मेरे बेटे को नई जिंदगी मिली है।

## मिट्टी का अवैध खनन करने वालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद** : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर कोयला, बालू सहित अन्य खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध जिला खनन टास्क फोर्स द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक ने आज मिट्टी के अवैध खनन करने वालों के विरुद्ध बरोरा थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। इस संबंध मे प्रमाणिक ने बताया कि 24 अप्रैल को बरोरा थाना द्वारा जब्त एक जेसीबी मशीन एवं मिट्टी लदे 2 ट्रैक्टर की जांच की गई। जांच में पाया गया कि दोनों ट्रैक्टर में जेसीबी से मिट्टी का अवैध खनन कर लोड किया गया है। वहीं पूछताछ के क्रम में पता चला कि उस स्थान से मिट्टी का अवैध खनन कर जिले के अवैध ईंट भट्ठे में भेजा जाता है। जांच पड़ताल के बाद खान निरीक्षक ने जब्त जेसीबी, जेसीबी के मालिक, जेसीबी के ऑपरेटर, लगभग 80 घनफीट मिट्टी लदे ट्रैक्टर नंबर जेएच 10 ए.एन. 8677, लगभग 40 घनफीट मिट्टी लदे ट्रैक्टर नंबर जेएच 09 पी 5657, दोनों ट्रैक्टर के मालिक तथा उसके चालकों एवं इस कार्य में संलिप्त अज्ञात लोगों के विरुद्ध खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957, झारखंड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 के नियमों तथा आईपीसी के विभिन्न धाराओं के तहत बरोरा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

## जिला कार्यालय में धनबाद भाजपा की बैठक संपन्न, 30 अप्रैल को ढुल्लू महतो के नामांकन को लेकर बनी रणनीति

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद** : भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला महानगर के प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्षों तथा प्रमुख कार्यकर्ताओं की एक बैठक महानगर जिला अध्यक्ष श्रवण राय की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में संपन्न हुई।बैठक को संबोधित करते हुए धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा की 30 अप्रैल को धनबाद लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी तथा बाघमारा के विधायक ढुल्लू महतो नामांकन करेंगे। इस अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा तथा झारखंड बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी उपस्थित रहेंगे। उस दिन गोल्फ ग्राउंड में एक जनसभा भी होगी। नामांकन और जनसभा दोनों महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। यह दोनों कार्यक्रम ऐतिहासिक हो, इसके लिए आप सभी संकल्पित होकर लग जायें।धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने कहा की भारतीय जनता पार्टी के



प्रत्याशी तथा बाघमारा के विधायक ढुल्लू महतो के नामांकन और इस अवसर पर होने वाले जनसभा में आप सभी प्रयास करें की नामांकन और जनसभा में प्रत्येक बूथों से अधिक से अधिक उपस्थित हो। धनबाद विधानसभा से ऐतिहासिक उपस्थित होगी। वहीं लोकसभा प्रभारी सुरेश साहू ने कहा की ये चुनाव देश के अर्थतंत्र को तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बनाने का चुनाव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में विकास की किरण जन-जन तक पहुंची है। निश्चित रूप से धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के नामांकन और इस अवसर पर होने वाले जनसभा की सफलता धनबाद लोकसभा से भाजपा के विजय की नींव रखेगी। इसलिए आप सभी 30 अप्रैल को होने वाले नामांकन और जनसभा की सफलता के लिए लग जाए। लोकसभा संयोजक सत्येंद्र कुमार ने कहा की भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय स्तर से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को लेकर लग गए हैं निश्चित रूप से धनबाद में भारतीय जनता पार्टी प्रचंड विजय प्राप्त करेगी।

# उद्धव ठाकरे पहली बार कांग्रेस को देंगे वोट, किया ऐलान



एजेंसी
**मुंबई** : ऐसा पहली बार होगा जब ठाकरे परिवार का कोई सदस्य कांग्रेस को वोट देगा. दरअसल मुंबई उत्तर मध्य लोकसभा सीट से शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस उम्मीदवार वर्षा गायकवाड़ को समर्थन देने का ऐलान करते हुए कहा कि वो उन्हें वोट देंगे. वर्षा उद्धव ठाकरे से मिलने के लिए मातोश्री पहुंचीं थीं जहां उद्धव ठाकरे ने उन्हें आशीर्वाद भी दिया. लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस, उद्धव ठाकरे की शिवसेना और शरद पवार की एनसीपी के बीच महाराष्ट्र में गठबंधन है, जिसके तहत कांग्रेस ने इस सीट से अपना कैंडिडेट उतारा है.वर्षा गायकवाड़ से मुलाकात के बाद उद्धव ठाकरे ने कहा मैं मुंबई नॉर्थ सेंट्रल लोकसभा सीट से वोटर हूं और मैं वर्षा गायकवाड़ को वोट करूंगा. इंडिया अलाएंस ये लोकसभा चुनाव जीतेगा. वो मेरी छोटी बहन के जैसी है. हम उसे सासंद के रूप में दिल्ली भेजेंगे. हम तानाशाह की सरकार को हटाने के लिए एकजुट हैं.वर्षा गायवाड़ मुबंई कांग्रेस की अध्यक्ष हैं. मुंबई साउथ सेंट्रल लोकसभा सीट के लिए उद्धव ठाकरे और कांग्रेस आमने-सामने आ गए थे. वर्षा गायकवाड़ पहले साउथ सेंट्रल लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने वालीं थीं लेकिन उद्धव ठाकरे ने इस सीट को कांग्रेस को देने से इंकार कर दिया. इसके बाद वर्षा ने उद्धव से इस सीट के लिए विनती की लेकिन उन्होंने ये कहते हुए मना कर दिया कि वो पहले ही इस सीट के लिए अनिल देसाई को टिकट दे चुके हैं. जिसके बाद कांग्रेस ने वर्षा की सीट को बदल दिया था.

मुंबई नॉर्थ सेंट्रल लोकसभा सीट से पिछली दो बार से बीजेपी की ओर से पूनम महाजन सांसद हैं. फिलहाल बीजेपी ने 2024 के लोकसभा चुनाव में इस सीट के लिए किसी के नाम का ऐलान नहीं किया है. सीएम एकनाथ शिंदे के बीजेपी में शामिल होने के बाद ये पहला लोकसभा चुनाव है. वहीं 2019 के विधानसभा चुनाव के बाद शिवसेना बीजेपी का साथ छोड़कर कांग्रेस के साथ चली गई थी.

## मुंबई नॉर्थ सेंट्रल से पूनम महाजन का टिकट कटा





### आतंकी कसाब को फांसी दिलवाने वाले वकील उज्ज्वल निकम होंगे बीजेपी के कैंडिडेट

एजेंसी
**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने आज अपने कैंडिडेट्स की 15वीं लिस्ट जारी कर दी. बीजेपी ने पूनम महाजन की टिकट काट दी है. जबकि आतंकी कसाब को फांसी दिलाने वाले वकील उज्जवल निकम को मुंबई उत्तर मध्य से चुनावी मैदान में उतारा गया है. बता दें कि उज्ज्वल निकम देश के सबसे मशहूर सरकारी वकीलों में से हैं, वह आतंकी अजमल कसाब को फांसी दिलवाने से लेकर, 1993 के बम धमाकों, गुलशन कुमार हत्याकांड और प्रमोद महाजन हत्याकांड जैसे हाई प्रोफाइल मामलों में सरकारी पक्ष की पैरवी कर चुके हैं.बात पूनम महाजन की करें तो वह 2006 में पिता प्रमोद महाजन की हत्या के बाद भाजपा में शामिल हुई थीं. 2009 में पहली बार घाटकोपर वेस्ट से सांसद चुनाव लड़ीं, लेकिन हार गई. 2014 में मुंबई नॉर्थ सेंट्रल सीट से उन्होंने कांग्रेस की प्रिया दत्त को हराया था. बता दें कि पूनम ट्रेन्ड पायलट हैं. उन्होंने इसकी ट्रेनिंग अमेरिका के टेक्सास से ली है. उनके पास 300 घंटे फ्लाइंग का अनुभव है. ब्राइटन स्कूल ऑफ बिजनेस एंड मैनेजमेंट से बीटेक की डिग्री 2012 में पूरी की थी.

## दूसरे चरण के बाद भाजपा के लोग डिप्रेशन में : तेजस्वी



एजेंसी
**पटना** : दूसरे चरण के मतदान के बाद बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री मोदी और बीजेपी पर निशाना साधा है. तेजस्वी ने कहा ने कहा कि दूसरे चरण की वोटिंग के बाद भाजपा के लोग डिप्रेशन में हैं. जनता कह रही है कि मोदी जी हैं तो मुद्दे की बात करना मुश्किल है, नौकरी मिलना मुश्किल है, विकास की बात करना मुश्किल है.तेजस्वी ने कहा कि मोदी जी ने इतना झूठ बोला है कि देश की जनता अब सह नहीं पाती. पढ़ाई, दवाई, कमाई, सिंचाई, किसान, रोजगार, इन मुद्दों पर पीएम मोदी बात नहीं करेंगे. '400' फिल्म पहले चरण में ही फ्लॉप हो गई. दूसरे चरण में तो फिल्म चली ही नहीं. बता दें कि दूसरे चरण में 63.50 फीसदी वोटिंग हुई. इस चरण में 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर मतदान हुआ था.दूसरे चरण में सबसे ज्यादा मतदान त्रिपुरा (80.32 फीसदी) में हुआ. पहले चरण में 21 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की 102 लोकसभा सीटों पर करीब 64 फीसदी वोटिंग हुई थी. बिहार में केवल 55.08 फीसदी वोटिंग हुई. इस चरण में बिहार की पूर्णिया सहित पांच लोकसभा सीटों पर मतदान हुआ था. पहले चरण में भी यहां काफी कम मतदान हुआ था. पहले चरण की चार सीटों पर केवल 48 फीसदी वोटिंग हुई थी.दूसरे चरण की वोटिंग के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कहा कि एनडीए को मिल रहा भारी समर्थन विपक्ष के लिए निराशा पैदा करने वाला है. बता दें कि तीसरे चरण की वोटिंग 7 मई को होगी. इस चरण में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 94 सीट के लिए वोट डाले जाएंगे.

## मुख्यमंत्री धामी ने खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन



**देहरादून (एजेंसी):** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को परेड ग्राउंड के बहुउद्देशीय हॉल में रोल बाल फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित 16वीं सब जूनियर (अंडर-14) ब्वायज एंड गर्ल्स नेशनल रोल बाल चैंपियनशिप में प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।इस मौके पर मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड और हिमाचल के बीच आयोजित मैच का आनंद लिया। इससे पहले सभी खिलाड़ियों का परिचय लिया और खेल के क्षेत्र में देश-प्रदेश का नाम रौशन करने का आह्वान किया।उल्लेखनीय है कि 25 से 28 अप्रैल तक आयोजित राष्ट्रीय स्तर की इस सब जूनियर (अंडर-14) ब्वायज एंड गर्ल्स नेशनल रोल बाल चैंपियनशिप में देशभर की 28 टीमें भाग ले रही हैं। इस अवसर पर नेशनल रोल बाल चैंपियनशिप के प्रेसिडेंट पंकज भारद्वाज, सेकेट्री चिरतानजी नेगी, अमित भाटिया, आशीष नेगी, डॉ. वरुण प्रताप सिंह, प्रियांक शर्मा, प्रमोद कुमार आदि खेल प्रेमी थे।

## हर सुख-दुख में आपके साथ खड़ा हूं : ज्योतिरादित्य सिंधिया



एजेंसी
**शिवपुरी :** केंद्रीय मंत्री एवं गुना-शिवपुरी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याषी ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को शिवपुरी विधानसभा क्षेत्र के रायश्री, खराई एवं रननोद गांव में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हर सुख-दुख में सिंधिया परिवार इस क्षेत्र की जनता के साथ हमेशा खड़ा रहा है और आगे भी खड़ा रहेगा। चाहे कोरोनाकाल हो या ओलावृष्टि का समय हर समय सिंधिया परिवार का मुखिया होने के नाते वह दुख सुख की इस घड़ी में क्षेत्र की जनता के साथ रहे हैं और आगे भी वह साथ रहेंगे। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि क्षेत्र की जनता से उनके पारिवारिक संबंध हैं। वह इस क्षेत्र में दिमाग से नहीं दिल से और ह्दय से काम करते हैं। सिंधिया परिवार की सोच रही है कि इस क्षेत्र की जनता के साथ सिंधिया परिवार के मुखिया के नाते वह कंधे से कंधा मिलाकर क्षेत्र की जनता के लिए काम करें और विकास के पथ पर इस क्षेत्र को ले जाएं। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों यहां पर ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को नुकसान हुआ। रायश्री, पिपरसमां, ककरवाया, मालाखेड़ी, मानपुर आदि गांवों किसानों को 6 करोड रुपए से ज्यादा की राहत राशि का वितरण किया गया। यह पहली बार हुआ की 48 घंटे में पीड़ित किसानों को ओलावृष्टि की राहत राशि मिल गई। केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि 65 साल सत्ता में रहने के बाद भी कांग्रेस कुछ नहीं कर पाई। 10 साल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को विकास के पथ पर आगे बड़ाया है। आज 80 करोड लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है। उज्वला योजना के माध्यम से महिलाओं को गैस चूल्हे दिए गए हैं। किसानों को किसान सम्मान निधि दी जा रही है। जो सम्मान किसान सम्मान निधि केंद्र की तरफ से 6 हजार और राज्य की तरफ से 6 हजार रुपए मिलती है अगर वह 2020 में कांग्रेस की सरकार नहीं बदलते तो दो जुड़वा भाइयों के खाते में किसानों की यह राशि चली जाती। राज्य सरकार की ओर से मिलने वाले 6 हजार रुपए की राशि दोनों जुड़वा भाइयों के पॉकेट में चली जाती, लेकिन मैंने उनके पॉकेट से यह राशि निकालकर आपके खाते में डाली है।

## हम सबको जेल में डाल देगी भाजपा : अखिलेश यादव

**कानपुर :** कन्नौज लोकसभा में आने वाली रसूलाबाद विधानसभा में शनिवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जनसम्पर्क किया। उन्होंने आम लोगों से बातचीत करते हुए भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सरकार आपको और हमें भी जेल में डाल देगी।लोकसभा चुनाव के चलते देश के हर कोने में इस महापर्व की चर्चाएं जोरों पर है। सभी पार्टियों ने अपने-अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश की कन्नौज लोकसभा सीट पर पहले तेज प्रताप यादव को उम्मीदवार बनाया था। इसके बाद अखिलेश यादव को यहां से लड़ने की मांग तेज हो गई तो सपा अध्यक्ष ने अपना नामांकन करा लिया। अब इस लोकसभा सीट पर सबकी नजर बनी हुई है। भाजपा से मौजूदा सांसद सुब्रत पाठक हैं। नामांकन के बाद शनिवार को अखिलेश यादव ने कन्नौज लोकसभा की रसूलाबाद विधानसभा में एक रोड शो का आयोजन कर भाजपा पर जमकर निशाना साधा।कन्नौज लोकसभा सीट से सपा उम्मीदवार अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने भ्रष्टाचारों के लिए एक गोदाम खोल रखा है। जितने भी भ्रष्टाचारी हैं इस समय भाजपा के गोदाम में हैं, जिसके चलते भ्रष्टाचार चरम पर है। इलेक्ट्रोरल बॉन्ड ने बीजेपी की बैंड बजा दिया है। ये जो भारतीय जनता पार्टी ने वसूली की है उसका परिणाम है कि आम जनता को महंगाई का सामना करना पड़ रहा है। इन्होंने हजारों करोड़ रुपये चंदा लिया है।

## प्रधानमंत्री मोदी की मेहनत देखकर कोई कार्यकर्ता चुप नहीं बैठ सकता : पटेल

**रायगढ़** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनाव प्रचार में मेहनत को देखकर कोई भी कार्यकर्ता चुप नहीं बैठ सकता। उक्त बातें प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष टीकाराम पटेल ने शनिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कही।उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा,गृह मंत्री अमित शाह,रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह,उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्य योगीनाथ,सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी,असम के मुख्यमंत्री हेमंता विश्वा शर्मा सहित सभी भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री एवं संगठन के सभी जवाबदार कार्यकर्ता इस चिलचिलाती धूप में पार्टी कार्य में लगे हुए हैं। इन्हें देखकर कार्यकर्ताओं को प्रेरणा मिलती है और वे भी इस महापंचायत के चुनाव में आहुति देने निकल पड़ते हैं।

सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता
चुनाव का पर्व DESH KA GARV LOK SABHA ELECTION 2024
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड का कार्यालय,
निर्वाचन सदन, सेक्टर-2, धुर्वा, राँची-834004
E-mail : ceocomputercell1@gmail.com
आम सूचना
'लोक सभा निर्वाचन-2024' के सफल संचालन के उद्देश्य से राज्यस्तरीय नियंत्रण कक्ष 24x7 कार्यरत है। चुनाव से संबंधित किसी भी शिकायत एवं जानकारी हेतु राज्य मुख्यालय, राँची में अवस्थित नियंत्रण कक्ष (Control Room) के टॉलफ्री नं॰ - 1800-331-1950 एवं Voter Helpline Number - 1950 पर आवश्यकतानुसार संपर्क किया जा सकता है।
जिलास्तरीय नियंत्रण कक्ष

| क्रम सं0 | जिला | | सम्पर्क दूरभाष |
|---|---|---|---|
| 1. | साहेबगंज | - | 06436-356485, 06436-222101 |
| 2. | पाकुड़ | - | 06435-222064, 9262216191 |
| 3. | दुमका | - | 06434-295042 |
| 4. | जामताड़ा | - | 06433-222004, 06433-222006, 06433-222007 |
| 5. | देवघर | - | 06432-275733, 1800-345-0733 |
| 6. | गोड्डा | - | 06422-222002 |
| 7. | कोडरमा | - | 06534-252219 |
| 8. | हजारीबाग | - | 06546-265233 |
| 9. | रामगढ़ | - | 06553-261417, 06553-261427 |
| 10. | चतरा | - | 06541-253219 |
| 11. | गिरिडीह | - | 06532-228829, 9693143157 |
| 12. | बोकारो | - | 06542-242402, 06542-221125 |
| 13. | धनबाद | - | 03262-222045 |
| 14. | पूर्वी सिंहभूम | - | 06572-440111, 0657-2221718, 0657-2221717 |
| 15. | सरायकेला खरसावां | - | 1800-345-6485, 1800-345-6484, 1800-345-6483 |
| 16. | पश्चिमी सिंहभूम | - | 06582-296128 |
| 17. | रांची | - | 8987790664, 9798300836 |
| 18. | खूंटी | - | 06528-221755, 9262998530 |
| 19. | गुमला | - | 06524-223686 |
| 20. | सिमडेगा | - | 06525-299908 |
| 21. | लोहरदगा | - | 06526-224014 |
| 22. | लातेहार | - | 06565-247981 |
| 23. | पलामू | - | 06562-230003, 06562-222295, 06562-230002 |
| 24. | गढ़वा | - | 06201-261084 |

PR-324145(Election)24-25
आदर्श आचार संहिता/निर्वाचन व्यय संबंधी उल्लंघन की घटना तथा अन्य शिकायत एवं जानकारी हेतु उपरोक्त दूरभाष नम्बरों का भी आवश्यकतानुसार उपयोग किया जा सकता है।
बेहतर सुविधा और अधिक जानकारी के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मोबाइल एप्प को डाउनलोड करें
Voter Helpline cVIGIL Saksham-ECI KYC-ECI
(के० रवि कुमार)
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव।
# इस बार दिन भर मतदान